रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 85,169.87 +255.83

डॉलर 83.594 -0.011

रांची सर्राफा

10 ग्राम ₹75,080 | 01 किलो ₹98,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

अश्विन कृष्ण पक्ष 9, संवत 2081 | रांची, गुरुवार, 26 सितंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 234, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 यह मेरी खूबसूरत यात्रा को शेयर...

1378.25 लाख टन रिकार्ड चावल का उत्पादन

1132.92 लाख टन रिकार्ड गेहूं का उत्पादन

132.59 लाख टन रिकार्ड रेपसीड एवं सरसों का उत्पादन

# इस वर्ष रिकार्ड 3322.98 लाख टन खाद्यान्न उत्पादन का अनुमान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से वर्ष 2023-24 के लिए मुख्य फसलों के उत्पादन का अंतिम अनुमान जारी कर दिया गया है। वर्ष 2023-24 के दौरान देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 3322.98 लाख टन अनुमानित है जो वर्ष 2022-23 के दौरान प्राप्त 3296.87 लाख टन खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में 26.11 लाख टन अधिक है। चावल, गेहूं और श्रीअन्न के अच्छे उत्पादन के कारण खाद्यान्न उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि देखी गई। वर्ष 2023-24 के दौरान चावल का उत्पादन रिकॉर्ड 1378.25 लाख टन अनुमानित है। यह पिछले वर्ष के 1357.55 लाख टन चावल उत्पादन से 20.70 लाख टन अधिक है। वर्ष 2023-24 के दौरान गेहूँ का उत्पादन रिकॉर्ड 1132.92 लाख टन अनुमानित है। यह पिछले वर्ष के 1105.54 लाख टन गेहूं उत्पादन से 27.38 लाख टन अधिक है और श्री अन्न का उत्पादन पिछले वर्ष के 173.21 लाख टन उत्पादन की तुलना में 175.72 लाख टन अनुमानित है।



## कई राज्यों में सूखे जैसे हालात रहे

2023-24 के दौरान महाराष्ट्र समेत दक्षिणी राज्यों में सूखे जैसे हालात रहे और अगस्त के दौरान खासकर राजस्थान में लंबे समय तक सूखा रहा। सूखे से नमी की कमी ने रबी सीजन को भी प्रभावित किया। इसका मुख्य रूप से दालों, मोटे अनाज, सोयाबीन और कपास के उत्पादन पर असर पड़ा। विभिन्न फसलों के उत्पादन का विवरण निम्न प्रकार है।

- चावल : **1378.25** लाख टन (रिकार्ड)
- गेहूँ : **1132.92** लाख टन (रिकार्ड)
- पोषक/मोटे अनाज : **569.36** लाख टन
- मक्का : **376.65** लाख टन
- कुल दलहन : **242.46** लाख टन
- श्री अन्न : **175.72** लाख टन
- तूर : **34.17** लाख टन
- चना : **110.39** लाख टन
- कुल तिलहन : **396.69** लाख टन
- मूंगफली : **101.80** लाख टन
- सोयाबीन : **130.62** लाख टन
- रेपसीड एवं सरसों : **132.59** लाख टन (रिकार्ड)
- गन्ना : **4531.58** लाख टन
- कपास : **325.22** लाख गांठें (प्रति 170 कि. ग्रा.)
- पटसन एवं मेस्ता : **96.92** लाख गांठें (प्रति 180 कि. ग्रा.)

## वैज्ञानिक मानकों पर लगाया अनुमान

यह अनुमान मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्यों से प्राप्त जानकारी के आधार पर तैयार किया गया है। फसलों के क्षेत्रफल को रिमोट सेंसिंग, साप्ताहिक फसल मौसम निगरानी समूह और अन्य एजेंसियों से प्राप्त जानकारी के आधार पर तैयार किया गया है। फसल पैदावार के अनुमान राष्ट्रीय स्तर पर किए गए फसल कटाई प्रयोगों (क्रॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट्स-सीसीई) के आधार पर हैं। फसल कटाई प्रयोगों को रिकॉर्ड करने की प्रक्रिया को डिजिटल सामान्य फसल अनुमान सर्वेक्षण (डिजिटल जेनरल क्रॉप इस्टीमेशन सर्वे-डीजीसीईएस) लागू करके री-इंजीनियर्ड किया गया है। इसे कृषि वर्ष 2023-24 के दौरान प्रमुख राज्यों में लागू किया गया था। नई प्रणाली ने उपज अनुमानों की पारदर्शिता और मजबूती सुनिश्चित की है।

## मलेशिया में फंसे झारखंड के 70 मजदूर

**गिरिडीह।** राज्य के प्रवासी मजदूरों का विदेश में फंसने का सिलसिला खत्म नहीं हो रहा है। एक बार फिर मलेशिया में झारखंड के 70 मजदूर के फंसे होने का मामला सामने आया है। मलेशिया में फंसे मजदूर झारखंड के गिरिडीह, हजारीबाग, बोकारो और धनबाद जिले के रहने वाले हैं। मजदूरों ने सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो शेयर कर हेमंत सोरेन सरकार से वतन वापसी की गुहार लगायी है। मजदूरों ने वीडियो में बताया है कि पिछले चार माह से कंपनी ने उनको वेतन नहीं दिया है, जिसकी वजह से उनके समक्ष आर्थिक संकट के साथ-साथ खाने-पीने की समस्या उत्पन्न हो गयी है। मजदूरों ने बताया कि कंपनी ने उनका पासपोर्ट भी जब्त कर लिया है।

विस्तृत खबर पेज 02 पर

## जस्टिस रामचंद्र राव बने झारखंड हाई कोर्ट के 16वें मुख्य न्यायाधीश



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के 16वें चीफ जस्टिस के रूप में जस्टिस एमएस रामचंद्र राव ने बुधवार को शपथ ली। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उन्हें राजभवन के बिरसा मंडप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। वे झारखंड के 16वें चीफ जस्टिस बन गए हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हाई कोर्ट के अन्य न्यायाधीश, महाधिवक्ता राजीव रंजन, हाई कोर्ट के वरीय अधिवक्ता, स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष , काउंसिल के अध्यक्ष सदस्य एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष, महासचिव, सदस्य समेत अपर महाधिवक्ता और महाधिवक्ता कार्यालय के सभी अधिवक्ता समेत हाई कोर्ट के कई अधिवक्ता मौजूद थे।

जस्टिस एम एस राम चंद्र राव इससे पहले हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस थे। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 11 जुलाई को उनके ट्रांसफर की सिफारिश की थी। जस्टिस राव का जन्म सात अगस्त 1966 को हैदराबाद में हुआ था। उन्होंने उस्मानिया विश्वविद्यालय से बीएससी गणित (ऑनर्स) की पढ़ाई की। इसके बाद वर्ष 1989 में यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लॉ, उस्मानिया विश्वविद्यालय हैदराबाद से एलएलबी पास किया। जस्टिस राव एलएलबी के अंतिम वर्ष में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित हुए। वर्ष 1991 में कैंब्रिज विश्वविद्यालय यूके से एलएलएम की डिग्री प्राप्त की। जस्टिस राव को 29 जून 2012 को आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। इसके बाद स्थायी न्यायाधीश बने। इन्होंने तेलंगाना हाई कोर्ट, पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट में भी अपनी सेवा दी है। पदोन्नति मिलने के बाद 30 मई 2023 को जस्टिस राव को हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया। जस्टिस राव के पिता जस्टिस एम जगन्नाथ राव भारत सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश और भारत के विधि आयोग के पूर्व अध्यक्ष थे। जस्टिस राव के दादा एमएस रामचंद्र राव भी आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे।

## सरफराज झारखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष

**रांची।** राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज अहमद झारखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष चुने गये हैं। अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में सरफराज अहमद ने एक वोट से अपने निकटम प्रतिद्वंदी अबरार अहमद को शिकस्त दी। सरफराज को कुल पांच वोट मिले जबकि अबरार को चार वोट मिले। बताते चलें कि डॉ सरफराज अहमद 2019 में झामुमो के टिकट पर गांडेय सीट से विधायक निर्वाचित हुए थे। बाद में उन्होंने इस सीट को छोड़ दिया। इसके बाद इस सीट पर उपचुनाव हुआ, जिसमें कल्पना सोरेन ने जीत हासिल की।



वक्फ संशोधन विधेयक

## निशिकांत दुबे ने जेपीसी अध्यक्ष को पत्र लिख साजिश का लगाया आरोप, जांच की मांग की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विस्तार से विचार विमर्श करने के लिए बनाए गए जेपीसी के सदस्य एवं भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने बड़े पैमाने पर एक जैसी भाषा वाले सुझाव आने के पीछे अंतरराष्ट्रीय साजिश की आशंका जताते हुए गृह मंत्रालय से इसकी जांच करवाने की मांग की है। निशिकांत दुबे ने जेपीसी चेयरमैन जगदंबिका पाल को पत्र लिखकर कहा है कि वक्फ विधेयक को लेकर जेपीसी को मिले 1 करोड़ 25 लाख के लगभग सुझाव अपने आप में महत्वपूर्ण हैं और यह वैश्विक रिकॉर्ड भी है, लेकिन इससे जुड़ी चिंताओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भाजपा सांसद ने कहा कि सबसे बड़ा मुद्दा यह है कि इसमें से कितने सुझाव भारत के अंदर से आए हैं और कितने सुझाव विदेशों से आए हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की बातें सामने आ रही हैं कि इसमें से बड़े पैमाने पर आए सुझावों का कंटेंट या तो समान है या इसमें थोड़ा बहुत फेरबदल है। उन्होंने भारत से भागे हुए जाकिर नाइक और जमात-ए-इस्लामी शेष पेज 11 पर

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिख 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया दिलाने की मांग की

# हमारी मांग सिर्फ न्याय की, विशेषाधिकार की नहीं

- हेमंत ने कहा कि झारखंड में कार्यरत कोयला कंपनियों पर राज्य का मार्च 2022 तक 1,36,042 करोड़ रुपये का है बकाया

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर केंद्रीय कोल कंपनियों पर झारखंड के 1.36 लाख करोड़ की बकाया राशि का भुगतान कराने की मांग की है। उन्होंने पत्र की प्रति सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा है, झारखंडियों का हक मांगो तो जेल में डाल देते हैं, पर अपने हक के लिए हर कुर्बानी मंजूर है। हम भाजपा के सहयोगी राज्यों की तरह स्पेशल स्टेटस नहीं मांग रहे, ना ही हम कुछ राज्यों की तरह केंद्रीय बजट का बड़ा हिस्सा मांग रहे हैं। हमें बस हमारा हक दे दीजिए, यही हमारी मांग है। हमारी मांग सिर्फ न्याय की है, विशेषाधिकार की नहीं। सोरेन ने कहा है कि झारखंड के लोगों ने अपने राज्य के लिए लंबा संघर्ष किया है और अब हम चाहते हैं कि हमारे संसाधनों एवं अधिकारों का उचित उपयोग हो। प्रधानमंत्री को भेजे गए पत्र में उन्होंने लिखा है कि झारखंड राज्य का सामाजिक-आर्थिक विकास मुख्य रूप से खनन और खनिजों से होने वाले राजस्व पर निर्भर करता है, जिसमें से 80 प्रतिशत कोयला खनन से आता है। झारखंड में काम करने वाली कोयला कंपनियों पर मार्च 2022 तक राज्य सरकार का लगभग 1,36,042 करोड़ रुपये का बकाया है।




### सीएम ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला भी दिया

पत्र में हेमंत सोरेन ने खनन रॉयल्टी पर सुप्रीम कोर्ट के पिछले दिनों के एक फैसले का हवाला भी दिया है, जिसमें कोर्ट ने कहा था कि राज्यों को खनिज युक्त जमीन पर रॉयल्टी के लिए पिछला बकाया वसूलने का अधिकार है। बकाया के संबंध में कानून में प्रावधान और न्यायिक आदेशों के बावजूद कोयला कंपनियां कोई भुगतान नहीं कर रही है, जिसके कारण झारखंड को भारी नुकसान हुआ है। हमें अभी तक भुगतान मिलना शुरू नहीं हुआ है। अभी तक मुआवजा भी नहीं दिया गया है।

***फैसले के आधार पर झारखंड को 2005 से खनिज रॉयल्टी की बकाया राशि मिलनी है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक, झारखंड को 2026 से 12 सालों तक बिना किसी दंड के बकाया कर वसूलने की अनुमति मिलेगी।***

### 4.5 फीसदी की दर से 510 करोड़ प्रति माह ब्याज

जब झारखंड की बिजली कंपनी के स्तर से डीवीसी को बकाया राशि के भुगतान में थोड़ी देरी हुई थी तब झारखंड के आरबीआई खाते से 12 प्रतिशत की दर से ब्याज वसूला गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बकाया भुगतान की नीति में अंतर है और यह अंतर बकाया जो हमारे द्वारा देय हैं और जो हमें देय है में विरोधाभास को दर्शाता है। कोल कंपनियों के बकाया पर 4.5 फीसदी की दर से साधारण ब्याज की गणना करने पर राज्य को देय ब्याज राशि 510 करोड़ रुपये प्रति माह होगी। यदि डीवीसी बकाया के संबंध में राज्य से वसूले गये ब्याज समानता के आधार पर चलते हैं, तो ब्याज 1100 करोड़ रुपये प्रति माह हो जाता है।

### हेमंत सोरेन ने भुगतान के लिए पीएम के सामने रखे दो विकल्प

1. जब तक बकाया राशि का भुगतान किस्तों में नहीं हो जाता तब तक कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों को ब्याज राशि का भुगतान करना शुरू करना चाहिए।
2. भारतीय रिजर्व बैंक में कोल इंडिया के खाते में जमा राशि से झारखंड राज्य को सीधे डेबिट कराया जाये। जैसा कि झारखंड राज्य बिजली बोर्ड के साथ डीवीसी के बकाया मामले में किया गया था।

### सुप्रीम कोर्ट का फैसला

- 25 जुलाई 2024 के फैसले में कहा गया है कि खनिज अधिकारों पर कर लगाने का अधिकार राज्यों के पास है, न कि संसद के पास।
- फैसले में कहा, रॉयल्टी, कर नहीं है, रॉयल्टी और करों के बीच अंतर है। रॉयल्टी, खनन पट्टाधारक और पट्टादाता के बीच के अनुबंध पर आधारित होती है। वहीं, कर सार्वजनिक उद्देश्यों के लिए लगाए जाते हैं। शेष पेज 11 पर

### केंद्र सरकार का पक्ष

- केंद्र ने कहा था कि अगर राज्यों को टैक्स लगाने का अधिकार दिया तो राज्यों में महंगाई बढ़ेगी। खनन क्षेत्र में एफडीआई में दिक्कतें आएंगी। इससे भारतीय मिनरल्स महंगे होंगे और इंटरनेशनल मार्केट में कॉम्पिटिशन घटेगा।
- रॉयल्टी से अधिक टैक्स लगाने का विरोध, केंद्र के पास खदान और खनिजों पर टैक्स लगाने की ज्यादा शक्तियां शेष पेज 11 पर

## सीजीएल पेपर लीक का मामला पहुंचा हाई कोर्ट

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** एसएससी-सीजीएल परीक्षा में पेपर लीक की जांच की मांग को लेकर बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। जनहित याचिका दायर कर मांग की गई है कि पेपर लीक मामले की सीबीआई या न्यायिक जांच की जाए। क्योंकि, पुलिस की एसआईटी की जांच अब तक सार्वजनिक नहीं हुई और न ही उस जांच में सभी तथ्य सामने आए हैं। हालांकि, अब तक यह जनहित याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं हुई है। राज्य सरकार ने जनवरी महीने में एसएससी सीजीएल की परीक्षा ली थी, जिसमें पेपर लीक का मामला सामने आया था, जिसके बाद पुलिस ने इस मामले की जांच की थी। उल्लेखनीय है कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की कंबाइंड ग्रैजुएट लेवल एग्जाम (एसएससी-सीजीएल) की परीक्षा का पेपर 28 जनवरी को लीक हो गया था। इसके बाद आयोग ने पहले थर्ड पेपर यानी सामान्य ज्ञान की परीक्षा रद्द कर दी थी। अभ्यर्थियों के हंगामे के बाद आयोग को तीनों पत्रों की परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी।

### कदाचार मुक्त हुई सीजीएल परीक्षा, प्रश्न पत्रों पर लगा था क्यूआर कोड : प्रशांत



**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बुधवार को कहा कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा कदाचार मुक्त हुई है। पहली बार प्रश्न पत्रों की डिजिटल कोडिंग की गयी थी। हर प्रश्न पत्र के ऊपरी हिस्से में क्यूआर कोड लगाया गया था। किसी तरह का कदाचार न हो इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

शेष पेज 11 पर

## रांची होमगार्ड बहाली में गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों पर अब तक नहीं हुई कोई कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** 2016 रांची जिला में होमगार्ड जवानों के नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला था। इस विज्ञापन के आधार पर अनीता दास नामक अभ्यर्थी ने भी फॉर्म भरा था। सभी परीक्षाओं में इन्हें योग्य पाते हुए इनका चयन कर लिया गया। दिलचस्प बात यह है कि महिला की होमगार्ड में बहाली के लिए न्यूनतम ऊंचाई 148 सेंटीमीटर होनी चाहिए जबकि अनिता दास की ऊंचाई 141 सेंटीमीटर थी। इसके बावजूद रांची जिला के अधिकारियों ने इन्हें सभी मापदंड में योग्य पाते हुए इनका चयन करते हुए प्रशिक्षण में भेजने का आदेश जारी कर दिया। जब जनवरी 2024 में रांची जिला के नव चयनित महिला होमगार्ड को प्रशिक्षण के लिए भेजा गया और वहां पर पुनः ऊंचाई की मापी हुई तब यह खुलासा हुआ कि जो ऊंचाई की न्यूनतम मापदंड है उसे यह पूरा नहीं करतीं। इसके बाद इन्हें प्रशिक्षण से निकाल दिया गया। दिलचस्प बात यह है कि इस महिला अभ्यर्थी पर कार्रवाई तो हो गई परंतु उन अधिकारियों पर कार्रवाई आज तक नहीं हुई जिन्होंने इसे गलत तरीके से होमगार्ड में चयनित करते हुए मेधा सूची में नाम प्रकाशित किया था। जिस अधिकारी ने गलती किया उसके उपर कार्रवाई न होना और अभ्यर्थी पर कार्रवाई हो जाने पर अब सवाल उठाये जा रहे हैं।

इंडिया

## चमकते सितारों के बीच ईमानदार दीयों की सुध लेगा कौन?




जिस प्रकार न्याय होना ही नहीं चाहिए दिखना चाहिए कहा जाता है उसी प्रकार राजनीति की नई परिभाषा बन गई है काम हो न हो दिखना जरुर चाहिए। सदन से सड़क तक दिखावे की राजनीति में जनता के सवाल अधूरे हैं ।सदन की सदस्यता के लिए सामान्य से माननीय बनने के लिए हर कोई अपनी ब्रांडिंग कर रहा है या करा रहा है पर इन चमकते सितारों के बीच कहीं सचमुच अच्छा करने वाले पिछड़ तो नहीं रहे हैं जो मीडिया से दूर हैं । इन्हें टिकट देने के लिए खोजेगा कौन ? मनोवैज्ञानिक बताते हैं कि नवजात शिशु अपने मां बाप का ध्यान आकृष्ट करने के लिए रोते हैं और यही प्रवृत्ति राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुछ ज्यादा ही प्रचलित हो गई है जब समाचारों में बने रहने से लेकर भोली भाली जनता को प्रभावित करने के लिए असामान्य और लीक से हटकर दिखावे के कार्य किए जा रहे हैं ।पक्ष हो या विपक्ष सदन चले तब न बह गई टूटी फूटी सड़क,सुखाड़,पेंशन स्कीम, बदहाल अस्पताल, पीने के पानी की समस्या,भ्रष्टाचार के कारण परेशान पब्लिक या किसी के जीने मरने के सवाल पर चर्चा हो। सदन के गिने चुने कार्यदिवस में गंभीर और जनता से जुड़े सवालों के लिए जगह ही नहीं बचती क्योंकि पक्ष और विपक्ष दोनों को दिखावे की नूरा कुश्ती भाती है । कभी सर्वोच्च न्यायालय की तरह मुद्दों और तर्कों पर आधारित सदन के उच्च स्तरीय बहसों के सदियों तक उदाहरण दिए जाते थे और अब जीवंत प्रसारण में असंसदीय ही नहीं राजनीतिक रैलियों की तरह आरोप प्रत्यारोप के बीच आसन की चेतावनी और ऐतिहासिक निलंबन देखकर या पढ़कर आम आदमी को मिलेगा क्या ? प्रखंड से लेकर राज्य या देश स्तर तक की गंभीर समस्याओं के समाधान के लिए लोकतांत्रिक परंपरा के माध्यम से सामान्य लोगों को माननीय बनाया जाता है जैसे पहले राजा महाराजा होते थे । राजा महाराजा बादशाह तक को उनके कर्तव्यों का बोध कराया जाता था । अनेक ऐसे उदाहरण हैं जब रक्षक के रूप में कार्य करता राजा शहीद हो जाता था या उसके परिजन तक की हत्या हो जाती थी ।तब आज की तरह संचार के साधन नहीं थे पर राजधर्म याद कराया जाता था आज जनता की गाढ़ी कमाई से आधुनिक राजा महाराजाओं को सुरक्षा से लेकर सभी सुविधाएं टैक्स फ्री कमाई तक की सुविधा के बीच राजधर्म स्मरण कराने का समय है ।आजकल रिश्वत को संस्कार स्वीकार करने की औपचारिकता



मात्र बची है । दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल रिकॉर्ड मतों से सत्ता प्राप्त करते हैं क्योंकि उन्होंने वायदा किया था कि सभी अवैध झुग्गी झोंपड़ियों को नियमित किया जाएगा जो केंद्र सरकार की भूमि पर बनी थी । फ्री बिजली पानी जैसी सुविधाओं पर हाईकोर्ट तक की टिप्पणी है । झारखंड बिहार के शिक्षा मित्र या पारा शिक्षक,स्वास्थ्य और शिक्षा की परियोजनाओं से जुड़े लाखों अनुबंधकर्मी और पुरानी पेंशन स्कीम की आस लगाए सरकारी सेवक उसी पार्टी को वोट देंगे जो उन्हें आकाश कुसुम तोड़कर देने का पक्का आश्वासन देगा । लगभग एक दशक पूर्व बिहार के शिक्षामित्र मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने सेवा नियमितीकरण के अनुरोध को ठुकरा कर कड़ी टिप्पणी की थी कि आप शिक्षा मित्र नहीं शिक्षा शत्रु हैं जो सरकारी नौकरी की विहित बहाली प्रक्रिया बिना पूरी किए बहाल हुए हैं अतः आपकी सेवा नियमित नहीं की जा सकती ।इस समाचार को कम प्रचारित किया गया ।वस्तुस्थिति आज भी वही है कि विश्व बैंक संपोषित परियोजनाओं में पक्की सरकारी नौकरी उनकी शर्तों की बंदिश के कारण नहीं हो सकती क्योंकि परियोजना का काम स्थायी नहीं होता जो पश्चिमी चलन है । पर इन्हीं अनुबंधकर्मियों को स्थायी करने का लालच देकर राजनीति दशकों से चल रही है ।जिस जनता को प्रभावित करने के लिए सदन से सड़क तक प्रदर्शन किए जाते हैं उस जनता को अवश्य यह पूछना चाहिए कि हमारे सवाल और हमारी समस्याएं क्यों नहीं पूछी गईं और इस बार उनका समाधान होगा ही इसकी क्या गारंटी है ? मीडिया को भारी विज्ञापन देकर या उल्टे पुल्टे कार्यों से समाचारों में बने रहने की आम आदमी की राजनीति की देखादेखी अब रुकनी चाहिए ।इसमें युवाओं की बड़ी भूमिका हो सकती है जो सोशल मीडिया का भरपूर इस्तेमाल करते हैं ।आवश्यकता है टिकट बांटने वाले से लेकर वोट देने वाले चमकते सितारों को नहीं टिमटिमाते दीयों को भी देखे जो ईमानदारी से रौशनी फैलाने का प्रयास कर रहे हैं।

### झारखंड हाईकोर्ट को रांची नगर निगम ने बताया

# 36 रूफ टॉप बार-रेस्टोरेंट में सिर्फ दो के पास लाइसेंस

*लाइसेंस नहीं लेने वालों के खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई की जाएगी*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में खूंटी में अफीम के फसलों को नष्ट करने एवं झारखंड में अफीम, चरस, गांजा आदि ड्रग्स के कारोबार में लगातार वृद्धि पर स्वतः संज्ञान पर बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट को रांची नगर निगम की ओर से बताया गया कि रांची में चल रहे हैं 36 रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट में से सिर्फ दो के पास ही लाइसेंस है, 34 रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट के पास लाइसेंस नहीं है। कोर्ट को बताया गया कि रांची नगर निगम ने बिना लाइसेंस वाले रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट को नोटिस जारी किया है। लाइसेंस नहीं लेने वालों के खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ेगी तो उन्हें सील भी किया जाएगा। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने बुधवार को सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम को अवैध ढंग से चल रहे रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। कोर्ट ने मामले में रांची शहर में चल रहे बार रेस्टोरेंट पर निगरानी रखने और उनके खुलने और बंद होने पर समुचित कदम उठाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सरकार के स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) के तहत बार एवं रेस्टोरेंट पर नियंत्रण लगाने एवं मादक पदार्थ यथा चरस, गांजा, अफीम की बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 29 सितंबर को होगी। पिछली सुनवाई में कोर्ट में नगर निगम से मौखिक कहा था कि राजधानी रांची में बगैर मैप स्वीकृति के चल रहे हैं रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट को तत्काल बंद करें। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने रांची नगर निगम से मौखिक कहा कि लालपुर क्षेत्र में कई रूफटॉप बार एवं रेस्टोरेंट चल रहे हैं। इसके लिए उन्होंने मैप की स्वीकृति भी नहीं ली है। रूफटॉप बार एवं रेस्टोरेंट पर अंकुश लगाकर रांची नगर निगम एक्शन टेकन रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करें।

# पूर्व सीएम चंपाई ने सुरक्षा में लगे सभी वाहन सरकार को लौटाए

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने अपनी सुरक्षा में राज्य सरकार की तरफ से दी गई सारी गाड़ियां वापस कर दी हैं।



दरअसल, सरकार की तरफ से उनसे तीन गाड़ियां वापस मांगी जा रही थीं। इस बात पर उन्होंने सभी गाड़ियों को वापस कर दिया। यह भी बताया जा रहा है कि उनको एक सफारी गाड़ी दी गई थी, जिसका एसी भी काम नहीं कर रहा था। इसलिए उन्होंने सारी गाड़ियों को लौटाना ही सही समझा। पूर्व मुख्यमंत्री के प्रोटोकॉल के हिसाब से ये असंवैधानिक मामला है। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को जेड प्लस कैटेगरी की सुरक्षा प्राप्त है। माना जा रहा है कि इससे आने वाले दिनों चंपाई खेमे और जेएमएम खेमे के बीच की दूरियां और अधिक बढ़ सकती हैं।

### चंपाई सोरेन के पास जेड प्लस के मानकों से अधिक सुरक्षा : पुलिस मुख्यालय

पूर्व सीएम चंपाई सोरेन की जेड प्लस सुरक्षा श्रेणी में मानकों से अधिक सुरक्षा बल उपलब्ध हैं। चंपाई सोरेन की सुरक्षा में कटौती की खबरों पर पुलिस मुख्यालय ने चंपाई सोरेन एवं उनके करीबियों के पास तैनात पूरे सुरक्षाबलों की जानकारी सार्वजनिक की है। पुलिस मुख्यालय ने बताया है कि चंपाई सोरेन के पास विशेष शाखा से छह, सरायकेला खरसांवा से पांच, सरायकेला खरसांवा से पूर्व मुख्यमंत्री आवास में 17, जैप वन से पायलट व स्कार्ट में 9, सरायकेला खरसांवा से पूर्व मुख्यमंत्री आवास सुरक्षा जिलिंगगोड़ा व रांची से 12 जवानों समेत कुल 63 पुलिसकर्मियों की तैनाती है। पुलिस मुख्यालय ने बताया है कि ये सभी जवान एके-47, इंसास, रायफल, पिस्टल, मेटल डिटेक्टर, वायरलेस सेट एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों से लैश हैं। सोरेन के पुत्र बाबूलाल के पास दो अंगरक्षक व चंपाई के पूर्व सलाहकार चंचल गोस्वामी के पास 3 अंगरक्षक व 1-4 आवास गार्ड उपलब्ध हैं।

**होमगार्ड जवानों को 7 साल के बकाया भुगतान का मामला**

# सरकार कल हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखेगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** होमगार्ड के जवानों को समान काम के लिए समान वेतन/भत्ता से संबंधित बकाया राशि का भुगतान राज्य सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिए निर्देश के बाद इन जवानों का दैनिक कर्तव्य भत्ता 500 रुपए से बढ़ाकर प्रतिदिन 1088 रुपए किया चुका है। इधर, हाईकोर्ट ने 23 अगस्त 2024 के दिए अपने एक फैसले में 25 अगस्त 2017 से जवानों को बकाया राशि भुगतान का निर्देश दिया है। यह निर्णय 10 अगस्त 2024 की तिथि से लागू होगा। इस मामले में राज्य सरकार को अब 27 सितंबर (शुक्रवार) को हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखना है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 25 अगस्त 2017 से लेकर सात वर्षों तक बकाया राशि जो आकलन किया गया है, वह कम से कम 400 करोड़ तक है। इतनी बड़ी राशि देना सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। बीते तीन सितंबर को गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएं के पुलिस उप-महानिरीक्षक द्वारा एक पत्र विभाग के प्रधान सचिव को लिखा गया था। पत्र में हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश के पालन में दिशा-निर्देश मांगा गया।

इसके जवाब में 20 सितंबर को विभाग के संयुक्त सचिव ने गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएं के महानिदेशक सह महासमादेष्टा को पत्र लिख जानकारी दी है कि वित्त विभाग से परामर्श के लिए फाइल भेजी गई है। परामर्श आने के बाद विभाग स्तर पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने बताया है कि सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट केएल झनझानिया और एडवोकेट अभय कांत मिश्रा शुक्रवार को प्रस्तावित सुनवाई में पिटिशनर का पक्ष लेंगे।

### मेकॉन के अधिकारी को दो वर्ष की सजा

**रांची।** सीबीआई की विशेष कोर्ट ने आय से अधिक सम्पति के मामले में मेकॉन के अधिकारी डीके सिंह को दोषी करार देते हुए दो वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने दोषी डीके सिंह के ऊपर 2 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि जुर्माना की राशि नहीं देने पर दोषी को छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इस मामले में सीबीआई की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रियांशु सिंह ने बहस की। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनिल कंठ ने बहस की। डीके सिंह के खिलाफ सीबीआई ने वर्ष 2008 में अपने पद का दुरूपयोग कर आय से अधिक सम्पति अर्जित करने का केस दर्ज किया था।

# झारखंडवासियों को खनिज संपदा का नहीं मिला लाभ : हेमंत सोरेन

*पिछले 4 वर्षों में सभी को रोटी, कपड़ा व मकान उपलब्ध कराने पर हुआ काम*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए साहेबगंज में भोगनाडीह में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य जीवन में रोटी, कपड़ा और मकान की व्यवस्था आवश्यक है। हमारी सरकार राज्य में सभी को रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध करा रही है। पिछले 4 वर्षों में हमारी सरकार ने जन-जन और घर-घर तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का कार्य कर दिखाया है। पूर्व की सरकार ने 11 लाख हरा राशन कार्ड डिलीट करने का काम किया था परंतु हमारी सरकार ने 20 लाख अतिरिक्त राशन कार्ड निर्गत कर लोगों के घरों तक राशन पहुंचाने का काम किया है।

हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने आम लोगों के साथ-साथ सरकार के कर्मियों के समस्याओं को सुलझाने का काम किया है। विभिन्न विभागों में वर्षों से चली आ रही लंबित मांगों को तथा सरकारी कर्मियों के हक-अधिकारों को राज्य सरकार ने सहानुभूति पूर्वक देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास गवाह है कि शुरूआती दिनों से ही झारखंड की खनिज संपदाओं पर दूसरे प्रदेश के व्यापारी वर्गों की नजर रही है। यहां की खनिज संपदाओं का पूरा लाभ राज्य के आदिवासी-मूलवासी सहित किसी भी वर्ग-समुदाय या विस्थापितों को आज तक नहीं मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के ऊपर राज्य सरकार का 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपए का बकाया है। यह बकाया राशि केंद्र सरकार अगर राज्य सरकार को उपलब्ध करा दे तो गए अन्य विकासात्मक योजनाओं को राज्य के भीतर लागू किया जा सकेगा। राज्य सरकार द्वारा अपने बलबूते गए भावी योजनाओं को संचालित किया जा रहा है जिसका लाभ राज्यवासियों को पूर्ण रूप से मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं के पुराने बिजली बिल को माफ करने के साथ-साथ 200 यूनिट बिजली निःशुल्क उपलब्ध कर रही है। यहां के किस वर्गों का 2 लाख रुपए तक का कृषि ऋण भी माफ कर दिया गया है। खेती कृषि को बढ़ावा देने के लिए कई वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर बोल दिया गया है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आप सभी लोग आने वाले दिनों में भी मजबूती के साथ राज्य सरकार के साथ खड़े रहें। हमारी सरकार धर्म, समुदाय, जाति के आधार पर कार्य नहीं करती है। सभी धर्म, वर्ग-समुदाय तथा सभी जातियों का सम्मान करते हुए उनके हितों की रक्षा करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन माध्यम से साहेबगंज जिले को लगभग 31184.923 लाख रूपए की विभिन्न योजनाओं की दी सौगात। जिसमें कुल 264 विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। दोनों जिलों के 332192 लाभुकों के बीच लगभग 14441.449 लाख रुपए की परिसम्पत्ति का हुआ वितरण। वहीं 5496.837 लाख रूपए की 62 योजनाओं का उद्घाटन एवं 25688.086 लाख रूपए की 202 योजनाओं की आधारशिला रखी गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री डॉ. इरफान अंसारी एवं कार्यक्रम स्थल भोगनाडीह, बरहेट से सांसद विजय हांसदा, विधायक स्टीफन मरांडी, विधायक दिनेश विलियम मरांडी, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, संथाल परगना प्रमंडल के आयुक्त लालचंद डाडेल, जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### नियुक्तियों का सिलसिला निरंतर जारी



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि रोजगार और नौकरी उपलब्ध कराने की दिशा में भी हमारी सरकार निरंतर प्रयासरत रही है। राज्य सरकार ने अपने प्रयास से डेढ़ से दो लाख लोगों को निजी क्षेत्र में नियुक्त करने का काम किया है, वहीं हजारों की संख्या में अलग-अलग चरणों में सरकारी नियुक्तियां भी की गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 40 से 50 हजार नियुक्तियों का सिलसिला जारी है।

### महिला सशक्तीकरण रही प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने यह संकल्प लिया है कि राज्य की आधी आबादी विभिन्न योजनाओं से जोड़कर सशक्त की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी कड़ी में झारखंड 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' की शुरूआत की गई है। इस योजना के तहत राज्य की लगभग 50 लाख बहन-माताओं को जोड़ा गया है जिन्हें साल में 12 हजार सम्मान राशि दी जा रही है।

# आदिवासियों का अस्तित्व मिटाने में लगी है सरकार : रवि किशन


*रवि ने कहा अब समय आ गया है, हिंदू बनकर वोट करने निकलो, अब जात पात में नहीं बंटना है*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/लातेहार।** पलामू जिले के पांकी और लातेहार जिले के बालूमाथ में गोरखपुर सांसद रवि किशन ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल हुए। परिवर्तन सभा को संबोधित करते हुए रवि किशन ने कहा कि यह परिवर्तन यात्रा राज्य की सरकार को उखाड़ फेंकने आई है। उन्होंने एक फिल्म का डायलॉग याद करते हुए कहा, जली को आग कहते हैं, बुझी को राख कहते हैं, और जिस आग से बारूद बने, उसे दुनिया के बड़े नेता नरेंद्र मोदी गरीबों का मसीहा कहते हैं। उन्होंने बालूमाथ में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है, हिंदू बनकर वोट करने निकलो.. अब जात पात में नहीं बटना है। जब बटोगे तो कटोगे। इसलिए बटना नहीं है सभी को एक साथ रहना है। सभी जात बिरादरी एक साथ रहना है। देश में अद्भुत प्रधानमंत्री मिले हैं। विश्व के सबसे बड़े नेता मिले हैं, जो निःस्वार्थ संत है उन्हें जाने नहीं देना है। रवि किशन ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी समाज को आगे बढ़ाने का काम किया है और देश के सर्वोच्च पद पर आदिवासी महिला श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद पर बैठाया। उन्होंने कहा कि आज झारखंड में गठबंधन सरकार आदिवासी समाज में लव जिहाद का बहुत बड़ा साजिश रच रही है। यही बताने हम यहां आएं हैं। राज्य में आदिवासियों के साथ हिंदु समाज खतरे में है जिसे हमे बचाना है। इन घुसपैठिए लोगों को बाहर निकालना है। झारखंड सरकार आदिवासियों का अस्तित्व मिटाने में लगी है। झारखंड में घुसपैठियों के कारण आदिवासियों की दयनीय स्थिति हो गई है। लगातार आदिवासियों की जनसंख्या घट रही है यह चिंता का विषय है। अगर झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो घुसपैठियों को खदेड़ कर निकालेंगे। हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए रवि किशन ने कहा कि राज्य में आदिवासी समाज पर साजिश हो रही है, यहां लव जिहाद हो रहा है। भ्रष्ट्राचारी सरकार, बालू माफिया कान खोलकर सुन ले कि अब आप लोगों का कुछ ही दिन रह गया है।

### आज धनबाद आएंगे रक्षा मंत्री राजनाथ



**रांची।** भाजपा के उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल (पूर्वी) की परिवर्तन यात्रा का समापन आज को होगा। इस परिवर्तन यात्रा का समापन समारोह धनबाद के गोल्फ मैदान में होगा। रक्षा मंत्री इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। परिवर्तन यात्रा के प्रभारी सह पूर्व सांसद रवींद्र राय ने बताया कि समापन समारोह में स्थानीय सांसद ढुलू महतो, विधायक राज सिन्हा सहित अन्य स्थानीय नेता मौजूद रहेंगे। वहीं गोल्फ मैदान की सभा में धनबाद, बाघमारा व झरिया विस क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ता व नेता शामिल होंगे। विस चुनाव से पहले भाजपा ने परिवर्तन यात्रा को गंभीरता से लिया है। पार्टी सभी विधानसभा क्षेत्र में रोड शो व आम सभा का आयोजन कर रही है। 26 सितंबर को परिवर्तन यात्रा धनबाद महानगर में प्रवेश करेगी। धनबाद में सभा को मुख्य वक्ता के रूप में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह संबोधित करेंगे।

# झारखंड में आदिवासी ही सुरक्षित नहीं : अर्जुन मुंडा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/पूर्वी सिंहभूम।** पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि राज्य की जनता आज अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है और इस सरकार ने जनता को ठगने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। इस कारण जनता ने अब परिवर्तन का मन बना लिया है। परिवर्तन यात्रा के माध्यम से भाजपा राज्य सरकार की नाकामियों को लोगों तक पहुंचाने का काम कर रही है। मुंडा बुधवार को पूर्वी सिंहभूम के आदित्यपुर में होटल क्रूज में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ऊपरी मन से आदिवासियत की बात करती है लेकिन यहां पर आदिवासी ही सुरक्षित नहीं है, जिसका नुकसान आने वाले समय में होगा। इस देश में सभी लोगों तक मौलिक सुविधाएं पहुंचे, लोग सशक्त बनें इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार काम कर रही है लेकिन यहां की राज्य सरकार केंद्र के द्वारा भेजे गये पैसे का दुरुपयोग कर माफियाओं से लूटवा रही है। इनके जनप्रतिनिधि इसी कार्य में व्यस्त हैं। मुंडा ने कहा कि सत्ता में रहकर इस सरकार ने राज्य में लूट का रिकॉर्ड बनाया है। कहीं 35 करोड़ तो कहीं 300 करोड़ रुपये छापेमारी में मिल रहे हैं। राज्य के लोग बहुत निराश हैं। जनता प्रताड़ित हो रही है। कानून-व्यवस्था का बुरा हाल है। प्रशासन अपराधियों को संरक्षण दे रहा है, जिससे उनका मनोबल बढ़ा हुआ है। मैं यह मांग करता हूं कि हेमंत सरकार मंईयां योजना के तहत मेरी बहनों को एकमुश्त पांच साल के लिए 60 हजार रुपये खाते में जमा करें।

# कृषि ऋण माफी योजना कार्यक्रम को लेकर ट्रैफिक रूट निर्धारित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में 26 सितंबर को झारखंड कृषि ऋण माफी योजना कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित बड़ी संख्या में लाभुक और अतिथि शामिल होंगे। इस के मद्देनजर विभिन्न जिलों से कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आने वाली बसों और अन्य वाहनों का रूट लाइन और पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इसे लेकर ट्रैफिक एसपी ने बुधवार को आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश में वाहनों का रूट लाइन और पार्किंग की अलग व्यवस्था की गई है। वीवीआईपी वाहनों की पार्किंग मंच के पीछे होगी। गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, रामगढ़, गुमला और रांची के बेड़ो, खलारी और ओरमांझी की तरफ से आने वाले वाहन काठीटांड़ से रिंग रोड चौक से बाएं होते हुए दलादली, नयासराय, रिंग रोड होते हुए बालालौंग मोड़ से बाएं धुर्वा डैम होते हुए। धुर्वा बस स्टैंड से बाएं सखुआ बागान में बस पार्क होगी। दुमका, देवघर, जामताड़ा, गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज से आने वाले वाहन नेवरी रिंग रोड चौक से बाएं होते हुए रामपुर रिंग रोड होते हुए तुपुदाना से हटिया चांदनी चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए धुर्वा भाग गोलचक्कर पूर्वी भाग मैदान के पास पार्क होंगे।

# चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए बनेगा टास्क फोर्स

### स्वास्थ्य मंत्री के साथ आईएमए की बैठक में हुआ फैसला

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल के साथ स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, एनएचएम के एमडी अबू इमरान और रिम्स के निदेशक की उपस्थिति में महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें चिकित्सकों के सुरक्षा समेत विभिन्न बिषयों पर सकरात्मक बातचीत हुई। बैठक में कई मुद्दों पर सहमति बनी, इनमें क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट में उत्तर प्रदेश के तर्ज पर 50 बेड तक के अस्पतालों को मुक्त करने पर सहमति बनी। यह एतद संबंधित आदेश यथाशीघ्र निकालने का निर्णय स्वास्थ्य मंत्री एवं प्रधान सचिव के द्वारा लिया गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार नेशनल टास्क फोर्स के गठन में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के प्रतिनिधि को सम्मिलित करने पर सहमति बनी। साहिबगंज उपायुक्त को स्वास्थ्य मंत्री द्वारा मोबाइल पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया और कहा गया कि विभाग द्वारा इससे संबंधित आदेश निर्गत किया जा रहा है। उप विकास आयुक्त को नोडल के पद से मुक्त किया जाए और ऑन ड्यूटी डॉक्टर पर कार्रवाई रोकने का निर्देश दिया गया। श्रावणी मेला में प्रतिनियुक्ति डॉक्टर के टीए/डीए का अलग से आवंटन दिया जाएगा। इसकी घोषणा स्वास्थ्य मंत्री द्वारा की गई। चिकित्सकों को पुलिस विभाग की तरह 13 महीना का वेतन देने पर सहमति बनी। क्योंकि स्वास्थ्य सेवा भी पुलिस सेवा की तरह आकस्मिक सेवा है। बैठक में मुख्य रूप से डॉक्टर अजय सिंह, डॉक्टर आरएस दास, डॉक्टर प्रदीप सिंह, डॉक्टर विमलेश, डॉक्टर शंभू प्रसाद, डॉक्टर मृत्युंजय, डॉक्टर सौरभ चौधरी एवं डॉ स्थान मौजूद थे।



## न्यूज बॉक्स

### हमारी तैयारी राज्य को आगे ले जाने की है: सुदेश महतो



**रांची।** सरकार अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में है। इन पांच सालों में प्रदेश के भीतर युवाओं, महिलाओं के साथ साथ नीतियों पर कोई काम नहीं किया जिसका परिणाम है कि इन्होंने झारखंड को 15-20 साल पीछे धकेल दिया है। जनता को छलने वाली सरकार को सत्ता में रहने का कोई हक नहीं है। हर वर्ग की चिंता करते हुए हमारी तैयारी झारखंड के विश्वास को समेट कर राज्य को आगे ले जाने की है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने अपने कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कही। इस दौरान झारखंड आंदोलनकारी बसंत महतो और कई जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले बसंत महतो ने कहा कि सरकार ने झारखंड आंदोलनकारियों को भी ठगने का काम किया है। चुनाव से पहले बड़े बड़े वादे करने वाली सरकार सत्ता में आते ही अपने ही वादों को भूल गई। झारखंड की जनता अब बदलाव चाहती है। सुदेश महतो के नेतृत्व में हम सभी इस बदलाव के लिए काम करेंगे। इन्होंने ली सदस्यता- गोपाल उरांव, उमेश उरांव, विजय महतो, दानेश्वर साहु, विनोद मुंडा, प्रदीप कुमार केशरी, कृष्णा महतो, धीरज महतो, मीना देवी, सुनीता देवी, दिव्य खलखो, मुना करमाली, मोहन महतो, सोहन महतो, कार्तिक महतो, अनु उरांव, आकाश उरांव, मोहन उरांव, राजेंद्र महतो,अयांश कुमार महतो समेत कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

### 100वीं जयंती पर याद किए गए भाकपा नेता एबी वर्धन




**रांची।** भाकपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव एबी वर्धन की 100वीं जयंती पर बुधवार को भाकपा राज्य कार्यालय में उन्हें याद किया गया। साथ ही उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता ने कहा कि वर्धन ने किसान, मजदूर, छात्र और नौजवान के हक एवं अधिकार के लिए पूरे जीवन को समर्पित कर दिया। दो जनवरी, 2016 को उनका निधन हो गया। इस मौके पर राज्य सचिव महेंद्र पाठक, लखन लाल महतो, जैनेंद्र कुमार भंते, अजय कुमार सिंह, मनोज ठाकुर, किरण कुमारी, अजहर हुसैन, डॉ जितेंद्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### योगी आदित्यनाथ का चतरा आने का कार्यक्रम रद्द, आएंगे मनोज तिवारी


**चतरा।** जिले के प्रतापपुर में बुधवार को भाजपा की परिवर्तन सभा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी नहीं आएंगे। उनका कार्यक्रम रद्द हो गया है। अब उनके स्थान पर दिल्ली के भाजपा सांसद मनोज तिवारी शिरकत करेंगे। इनके साथ केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत अन्य शामिल होंगे। यह जानकारी बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता ने दी। साथ ही उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं समेत आमलोगों में विशेष उत्साह है।

### बाबूलाल ने सीएम को लिखा पत्र

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र में लिखा है। वहीं मांग किया है कि झारखण्ड की बेटी माधुरी खलखो लंदन के एक प्रतिष्ठित एसओएएस विष्वविद्यालय से पीएचडी कर रही है। राज्य सरकार के स्कॉलरशिप योजना के तहत इन्हें यह अवसर मिल पाया है। उसने कड़ी मेहनत और समर्पण से अपने पहले दो साल पूरे किए, परन्तु अब तीसरे साल की फीस राज्य सरकार के स्कॉलरशिप योजना में नीतिगत नियमों के चलते कल्याण विभाग द्वारा स्कॉलरशिप नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में अगर समय पर फीस का प्रबंध नहीं हुआ तो उसके इन दो वर्षों के मेहनत का कोई मूल्य नहीं रह जाएगा। ऐसे में माधुरी खलखो की मेहनत और समर्पण व्यर्थ न जाय। इसके लिए आप इसे प्राथमिकता देते हुए स्कॉलरशिप का प्रबन्ध कराऐंगे।



### मलेशिया में फंसे मजदूरों की वतन वापसी को ले आगे आए सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी



**रांची।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने मलेशिया में फंसे झारखंड के 60 मजदूरों को भारत वापस लाने के लिए विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर से जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया है। विदेश मंत्री को इस बात से अवगत कराया है कि झारखंड के 60 मजदूर मलेशिया में रोजगार करने गए हैं, लेकिन वहां मजदूरों को पिछले छह महीने से वेतन नहीं मिल रहा है। भोजन के भी लाले पड़े हैं। मजदूरों की स्थिति दयनीय हो गयी है। मजदूरों को लीड मास्टर इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन एसडीएन बीएचओ, कंपनी द्वारा अनुबंध पर काम करने के लिए मलेशिया ले जाया गया था। मजदूरों की स्थिति ऐसी हो गई है कि उनके पास ना तो हवाई यात्रा के पैसे हैं और ना हीं भोजन-पानी के साधन। वहां फंसे मजदूर बोकारो, हजारीबाग, धनबाद व गिरिडीह जिला के रहने वाले हैं। मजदूरों के परिजन भारत वापसी को लेकर चिंतित हैं। परिजनों ने अपनी चिंता जाहिर की है। सीपी चौधरी ने विदेश मंत्री को फंसे हुए मजदूरों का पूरी जानकारी दी है। साथ ही विदेश मंत्री को मोबाइल व व्हाट्सएप नंबर भी सौंपा है। फंसे मजदूरों में उमेश महतो, चिंतामण महतो, योगेंद्र यादव, सुरेश बेसरा, परवेज आलम, अर्जुन तुरी, महेश महतो, विनोद कुमार महतो आदि शामिल हैं।

# एक्सपो उत्सव आज से, देश विदेश के 350 स्टॉल लगेंगे

नवीन मेल संवाददाता। रांची



झारखंड का सबसे बड़ा और प्रतिष्ठित कंज्यूमर फेयर, एक्सपो उत्सव 2024 आज गुरुवार से मोरहाबादी मैदान में शुरू हो रहा है। इस बार एक्सपो उत्सव अपनी कई नई विशेषताओं के साथ और भी भव्य रूप में आयोजित किया जा रहा है। पहली बार यह कंज्यूमर फेयर 7 दिनों तक चलेगा, जो कि पहले सिर्फ 5 दिन का होता था। ज्यादा दिन मतलब ज्यादा शॉपिंग और ज्यादा छूट। यह जानकारी जेसीआई के पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता में दी। एक्सपो उत्सव 2024 में 350 से अधिक स्टॉल होंगे, जिसमें भारत और विदेश जैसे बांग्लादेश, थाईलैंड, अफगानिस्तान से भी स्टॉल धारक शामिल होंगे। सभी प्रमुख राज्यों से स्टॉल धारक अपने-अपने अनूठे उत्पाद और सेवाएं प्रदर्शित करेंगे। इस कंज्यूमर फेयर में स्टॉल धारकों द्वारा ग्राहकों को 5% से लेकर 50% तक के विशेष डिस्काउंट दिए जाएंगे, ताकि लोग अपनी पसंद की वस्तुएं और सेवाएं आकर्षक दरों पर खरीद सकें।

## एक्सपो का आकर्षण

इस साल एक्सपो में आरामदायक शॉपिंग अनुभव के लिए अत्याधुनिक एसी जर्मन हैंगर लगाए गए हैं। सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण का विशेष ध्यान रखा गया है, ताकि आगंतुकों को एक सुरक्षित और स्वस्थ माहौल मिल सके। बच्चों के लिए रोमांचक राइड्स और गेम्स के साथ "फनगोला" एम्यूजमेंट पार्क एक खास आकर्षण होगा। महिलाओं और लड़कियों के लिए विशेष रूप से "पिंक हैंगर" तैयार किया गया है, जहां उनके लिए खासतौर पर डिजाइन किए गए उत्पाद और सेवाएं उपलब्ध होंगी। फूड जोन में विभिन्न प्रकार के व्यंजन और जायके उपलब्ध होंगे, जहां भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय भोजन के स्टॉल्स होंगे। स्टार्टअप जोन में नए उद्यमियों को अपने प्रोडक्ट्स और सेवाएं प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा, जहां स्टॉल्स विशेष रूप से रियायती दरों पर दिए गए हैं।साथ ही, "फर्नीचर जोन" में उच्च गुणवत्ता वाले फर्नीचर के बेहतरीन विकल्प भी उपलब्ध होंगे।

## विशेष कार्यक्रम

आने वाले 6 दिनों में एक्सपो उत्सव में प्रतिदिन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें डांस कॉम्पटीशन, पेंटिंग, योगा, फैशन शो, डॉग शो, तंबोला, हेल्दी बेबी एंड मॉम शो, एक्सपो ट्रेजर हंट, वॉइस ऑफ एक्सपो और फैंसी ड्रेस कॉम्पटीशन जैसे आकर्षक इवेंट शामिल होंगे। इस वर्ष का एक्सपो उत्सव रांचीवासियों के लिए एक शानदार शॉपिंग और मनोरंजन का अनुभव लेकर आ रहा है। इस कंज्यूमर फेयर में लोग अपनी पसंदीदा चीजों की खरीदारी करने के साथ-साथ अपने परिवार और दोस्तों के साथ मनोरंजन और स्वादिष्ट भोजन का आनंद भी उठा सकेंगे।

## राज्यपाल से मिला जेसीआई का शिष्टमंडल



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को जेसीआई का एक शिष्टमंडल ने राजभवन में भेंट किया। वहीं राज्यपाल को एक्सपो-2024 के उद्घाटन समारोह में आने के लिए आमंत्रित किया है।वहीं पूर्व विधानसभा सदस्य सत्येंद्र नाथ तिवारी के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल को ज्ञापन समर्पित किया।





## सीसीएल में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान जारी

**रांची।** सीसीएल के सीएमडी नीलेन्दु कुमार सिंह के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान 4.0 चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत मुख्यालय सहित सभी कमान क्षेत्रों में स्वच्छता संबंधित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्रों और मुख्यालय में कर्मियों, हितधारकों तथा आम जनों में स्वच्छता सम्बन्धी जागरूकता लाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का मंचन, जूट बैग एवं अन्य कपड़ों की थैली का उपयोग, सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग न करने, अपने आस-पास की सफाई इत्यादि सम्बंधित कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इस अभियान के तहत जूट बैग एवं डस्टबिन इत्यादि का भी आम जनों के बीच वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में सीसीएल के कमान क्षेत्रों में मौजूद स्कूलों में छात्रों के बीच स्वच्छता सम्बन्धी जागरूकता के लिए निबंध लेखन, क्विज, पोस्टर मेकिंग इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। ज्ञात हो कि सीसीएल राष्ट्र की ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है।

## सदर अस्पताल रांची में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया





**रांची।** सदर अस्पताल रांची में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि उपेंद्र कुमार सिंह चीफ फार्मासिस्ट ने केक काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर और फार्मासिस्ट का एक ही लक्ष्य है कि बीमार को कैसे स्वस्थ किया जाए? दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। फार्मासिस्ट को केमिस्ट भी कहा जाता है। मेडिकल स्टोर्स पर आपको फार्मासिस्ट की ही सेवाएं मिलती है, जो आपको चिकित्सक की उपचार के लिए दी गई दवाएं उपलब्ध करवाने के साथ उनके लेने के तरीकों की पूरी जानकारी देते हैं। मौके पर बॉस कुमार, पूजा कुमारी, संदीप कश्यप, अनिल कुमार सिंह, वीणा कुमारी,गौतम कुमार यादव, अंकेश कुमार,राजीव राय, चंद्र प्रीत सिंह धामी, रिजवान,आयुष्मान सुल्तान,मनीषा खातून,रानी मोहाली, बिना कुमारी, सिद्धार्थ कुमार, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### सेवा सदन में फ्री हेल्थ चेक-अप कैंप 29 को

**रांची।** नागरमल मोदी सेवा सदन में 29 सितंबर को फ्री हेल्थ चेक-अप कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में हिस्सा लेने के लिए 9031813611/ 9031813612 व 9031813613 नंबर पर कॉल कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। फ्री हेल्थ चेक-अप कैंप में शामिल मरीजों के लिए एक सप्ताह तक ईसीजी 50 रुपये, टीएमटी एक हजार रुपये, एंजियोग्राफी सात हजार रुपये, ईको सात सौ रुपये व खून जांच में 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

### एनएसएस का स्थापना दिवस मनाया गया





**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा स्थापना दिवस पर एनएसएस गतिविधियों की सामाजिक प्रासंगिकता विषय पर चर्चा परिचर्चा की गयी। एनएसएस वॉलिंटियर्स ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलता है। नशा मुक्ति अभियान, सड़क सुरक्षा अभियान, गांव में स्पेशल कैंप, जल संरक्षण, वेस्ट मैनेजमेंट के साथ-साथ सफल नागरिक के निर्माण में एनएसएस की भूमिका अहम है। मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### सीसीएल गांधीनगर अस्पताल में कल लगेगा नि:शुल्क जांच शिविर

**रांची।** सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर कांके रोड में शुक्रवार को निःशुल्क जांच शिविर लगाया जाएगा। सीसीएल की ओर से आयोजित यह शिविर सुबह 9 बजे से लगेगा। यहां हृदय रोग से ग्रसित मरीज निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठा सकेंगे। बताया गया कि हृदय रोग से संबंधी इस शिविर में हैदराबाद के चिकित्सक डॉ कश्यप व्यास मरीजों की जांच कर चिकित्सीय सलाह देंगे।

### कैंप लगा कर छूटे हुए मतदाताओं का नाम जोड़ा गया



**रांची।** नगड़ी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह एईआरओ हटिया के सुपरविजन में बुधवार को छूटे हुए मतदाताओं का नाम दर्ज करने के लिए विहार समाज कल्याण संस्थान ( ओल्ड एज होम ) कुलगु नगड़ी में कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप लगाने का मुख्य उद्देश्य छूटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज करने हेतु किया गया। सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की गई। इस कैंप में कुल-32 योग्य आवेदकों का नाम फॉर्म-6 भर कर जोड़ा गया।

### झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत का आमरण अनशन जारी

**रांची।** झारखण्ड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत का राजभवन के समक्ष अनिश्चितकालीन आमरण अनशन सह धरना प्रदर्शन बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। आमरण अनशन में राज्य अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह, बालेश्वर महतो मंगलवार से ही आमरण अनशन पर हैं। वहीं गिरिडीह जिला से परमेश्वर पासवान, गोड्डा जिला से प्रीतम कुमार पासवान और पाकुड़ जिला से सत्य नारायण सरकार और बोकारो जिला से निमाईचंद रजवार लगातार आमरण अनशन पर हैं। इन लोगों के साथ में सैकड़ों चौकीदार उपस्थित हैं। बालेश्वर महतो रांची सदर अस्पताल में भर्ती है। अन्य आमरण अनशनकारी की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

### माई भारत ने पहाड़ी मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान





**रांची।** माई भारत रांची ने पहाड़ी मंदिर के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया। इस स्वच्छता अभियान में विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन और एलपी पब्लिक स्कूल ने संयुक्त रुप से सहयोग किया। आस पास स्वच्छता अभियान में लगभग 100 किलो कचरा उठाया और नगर निगम की गाड़ी में दिया। इस दौरन यूथक्वेक फांउडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने कहा कि हम साल में अगर 100 किलो कचरा जमा करते है, तो उसे हमें कम से कम सप्ताह में एक बार कम से कम 2 किलो कचरा को नष्ट करना चाहिए। इससे भारत में लाखों किलो कचरा नष्ट होगा। यह कार्यक्रम माय भारत झारखण्ड राज्य के निदेशक हनी सिन्हा व ललिता कुमारी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ।

### रिश्वत मामले में राजस्व कर्मचारी 14 साल बाद दोषी करार, सजा 30 को

**रांची।** एसीबी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत ने बुधवार को 14 साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए ट्रायल फेस कर रहे अभियुक्त नामकुम अंचल के तत्कालीन राजस्व कर्मचारी संजय साव को दोषी करार दिया है। साथ ही उसकी सजा की बिंदु पर सुनवाई के लिए 30 सितंबर की तारीख निर्धारित की है। दोषी पाए जाने के बाद अभियुक्त को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया। उस पर दाखिल खारिज करने के एवज में रिश्वत लेने का आरोप था। भ्रष्टाचार निरोदख ब्यूरो (एसीबी) ने उसे रिश्वत की राशि के साथ 24 जुलाई 2010 को गिरफ्तार किया था।

## झारखंड का एक जैविक ब्रांड तैयार करें : ताराचंद





नवीन मेल संवाददाता। रांची

क्षेत्रीय जैविक और प्राकृतिक खेती केंद्र ने 5-25 सितंबर तक झारखंड कृषि निदेशालय में जैविक और प्राकृतिक खेती पर 21 दिवसीय पाठ्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड में जैविक खेती के बारे में जागरूकता और अवसर पैदा करना था। बुधवार को समापन दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में कृषि डॉ. कुमार ताराचंद ने जैव खेती और प्रमाणीकरण पर प्रशिक्षण मैनुअल जारी किया। इसके अलावा उन्होंने प्रमाण पत्र भी वितरित किया। उन्होंने कहा कि जैविक खेती और प्रमाणीकरण प्रक्रिया पर इन 21 दिनों के प्रशिक्षण ज्ञान और जानकारी का उपयोग करें। जैविक रूप से उगाई गई फसलों की स्थापना करें और झारखंड का एक जैविक ब्रांड तैयार करें। केंद्र प्रायोजित योजना पीकेवीवाई के तहत किसानों को झारखंड सरकार द्वारा सहायता दी जाएगी। जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए। आरसीओएनएफ भुवनेश्वर के इंगले सहायक निदेशक एसआर ने झारखंड में जैविक खेती के महत्व और संभावनाओं पर प्रकाश डाला। मौके पर एके सिन्हा, रमाशंकर प्रसाद व जिला कृषि पदाधिकारी रांची उपस्थित थे।

## कंप्यूटर ऑपरेटर संघ ने मंत्री के समक्ष रखी समस्याएं

**रांची।** झारखंड राज्य आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटर संघ की प्रदेश स्तरीय कमेटी के सदस्यों ने बुधवार को मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मुलाकात की। सदस्यों ने मंत्री से वेतन विसंगति एवं अन्य मांगों के बारे में चर्चा की। मंत्री को अवगत कराया कि पूर्व में वित्त विभाग द्वारा कंप्यूटर ऑपरेटर के लिए निर्धारित मासिक परिलब्धि समान रूप से राज्य के सभी कंप्यूटर ऑपरेटर (संविदा एवं आउटसोर्स) को भुगतान किया जाता था, लेकिन विगत कुछ वर्ष से जैप आईटी के द्वारा वित्त विभाग द्वारा निर्धारित मासिक परिलब्धि के आलोक में वेतन का पुनरीक्षण नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण सभी को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कर्मियों ने समान काम के बदले समान वेतन का हवाला देते हुए पूर्व की भांति मासिक परिलब्धि भुगतान का आग्रह सदस्यों ने किया।

### पारस हॉस्पिटल में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया

## स्वास्थ्य व्यवस्था में फार्मासिस्टों की भूमिका अहम : डॉ नीतेश





नवीन मेल संवाददाता। रांची

पारस हॉस्पिटल में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। स्वास्थ्य जगत में फार्मासिस्टों के योगदान पर पारस एचईसी अस्पताल के फैसिलिटी निदेशक डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने में फार्मासिस्टों की भूमिका अहम है। उन्होंने बतलाया कि अंतरराष्ट्रीय फार्मास्यूटिकल फेडरेशन की स्थापना 25 सितंबर 1912 को हुई थी। फार्मासिस्ट का मतलब दवा की सप्लाई चैन सिस्टम को मजबूत करना है। मरीजों को सही दवा और सही डोज देना है। फार्मासिस्ट, दवाओं के बारे में सबसे ज्यादा जानते हैं। ये मरीजों को दवाएं लेने के बारे में सलाह देते हैं और दवाओं के संभावित दुष्प्रभावों के बारे में आगाह भी करते हैं। ये दवाओं के गुणवत्ता, नियंत्रण के साथ उत्पादन और वितरण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। फार्मासिस्ट के उपर अस्पताल की बहुत जिम्मेवारी होती है। एक फार्मासिस्ट लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अपने सभी कर्तव्य करता है। इसमें दवा की सही पहचान, उसकी रीस्टॉकिंग, एक्सपायरी डेट और दवाओं की उपलब्धता आदि शामिल है, जिससे किसी भी व्यक्ति के स्वास्थ्य पर इसका कोई गलत प्रभाव न पड़े। फार्मासिस्ट, सरकारी और प्राइवेट दोनों तरह के

## दुर्गा पूजा : मां दुर्गा के स्वागत के लिए तैयार हो रही है रांची

### प्रेरणादायक पंडालों का हो रहा है निर्माण

**रांची। शारदीय नवरात्र की तिथि नजदीक आ रही है। ऐसे में पूजा पंडालों का निर्माण कार्य भी जोरों पर है। राजधानी में पंडालों को खुबसूरत और आकर्षक बनाने के लिए तरह-तरह के थीम पर ढालें जा रहे हैं। कहीं प्रेरणादायक पंडाल बनाये जा रहे हैं तो कहीं देवताओं की छवि दिखाई जा रही। इसी कड़ी में राजधानी के पिस्का मोड लक्ष्मी नगर सुभाष चन्द्र बोस चौक में शिवसेना दुर्गा पूजा समिति के द्वारा बीते कई वर्षों से दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है।**

### शिवसेना दुर्गा पूजा समिति का इतिहास

शिवसेना दुर्गा पूजा समिति के संस्थापक ने बताया शिवसेना नाम से प्रचलित शिवसेना महाराष्ट्र का एक क्षेत्रीय राजनीतिक दल है। जो मुख्य रूप से महाराष्ट्र प्रान्त में सक्रिय है। इसकी स्थापना 19 जून 1966 को एक प्रमुख कार्टूनिस्ट बाल ठाकरे ने की थी। इस दल का प्रतीक चिन्ह बाघ था। शिवसेना की स्थापना से ही इसमें जुड़ने के लिए कई युवाओं का रुझान दिखा। आज की तारीख में शिवसेना जहां सक्रिय राजनीतिक पार्टी है। वहीं दूसरी ओर शिवसेना के संस्थापक बालठाकरे से प्रेरणा लेकर राजधानी रांची में दुर्गा पूजा समिति की स्थापना बैजू सोनी ने किया। शिवसेना से प्रेरित होकर बैजू सोनी ने 1996 में शिवसेना दुर्गा पूजा समिति की स्थापना की। जिसके एक साल बाद 1997 से समिति ने दुर्गा पूजा की शुरूआत की।



स्वप्न लोक थीम पर बन रहा मां दुर्गा का पंडाल

पिस्का मोड लक्ष्मी नगर सुभाष चंद्र बॉस चौक में कई वर्षों से प्रेणादायक पंडालों का निर्माण शिवसेना क्लब की और से होता आय है। शिवसेना क्लब के मुख्य संरक्षक उदय प्रताप सिंह, अध्यक्ष रमाकांत ओझा, संयोजक बैजू सोनू हैं। पिछले वर्ष शिवसेना क्लब ने पक्षियों की सुरक्षा और प्राकृतिक सुरक्षा से संबधित पंडाल का निर्माण किया था। जिसकी सजावट और थीम ने दर्शकों और भक्तों को आकर्षित किया था। इसी कड़ी में इस वर्ष भी शिवसेना क्लब द्वारा स्वप्न लोक यानि शांति की प्रेरणा से जुड़े पंडाल का निर्माण कर रहा है। सुरक्षा को लेकर भी पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। पंडाल में 6 वॉलेंटियर तैनात किये जायेंगे, वहीं 9 सीसीटीवी कैमरा लगाये जायेंगे।

### षष्टी से कर पाएंगे भक्त मां दुर्गा के दर्शन

शिवसेना दुर्गा पूजा समिति के द्वारा स्वपन लोक थीम पर पंडाल निर्माण किया जा रहा जिसका लगभग कार्य हो चुका है। षष्टी के दिन मां दुर्गा का पट खुलेगा। रांची एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा के हाथों पट खोला जायेगा। समिति के संस्थापक- बैजू सोनी, अध्यक्ष रमाकांत ओझा, मुख्य संरक्षक उदय प्रताप सिंह सहित समिति के 75 सदस्य पूजा को सफल बनाने में लगे है।

### पंडाल और प्रतिमा में क्या है खास

शिवसेना क्लब के मीडिया प्रभारी नरेश पंडित ने बताया की इस वर्ष भक्तों के लिए सबसे अलग पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। मां दुर्गा अर्द्ध चांद पर विराजमान नजर आयेंगी। मां की प्रतिमा रांची के मूर्तिकार अमित पाल के द्वारा बनाया जा रहा, जिसकी ऊंचाई 15 फीट है। पंडाल को स्वप्न लोक रूपी ढांचा दिया जा रहा, जिसकी लागत लगभग 15 लाख की है। पंडाल की ऊंचाई अन्दर से 18 फीट की है। वहीं बहार से 32 फीट ऊंचा है, 32 फीट चौड़ा और 55 फीट लंबा है। पंडाल की खूबसूरती में निखर लाने के लिए रंग-बिरंगे बल्वों का भी इस्तेमाल किया जायेगा। पंडाल का निर्माण पश्चिम बंगाल के बाजबेरिया निवासी जयदेव दास सहित कुल 12 लोग कर रहे हैं।

## पीएलवी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता। रांची



जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अंतर्गत नव चयनित पारा लीगल वॉलिन्टियर का पांच दिवसीय ऑरिएंटेशन एवं इंडक्सन ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारम्भ किया गया। इसमें 164 ट्रेनी पीएलवी को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सैयद सलीम फातमी, अपर न्यायायुक्त आनंद प्रकाश, अतिरिक्त प्रधानन्यायाधीश, अतिरिक्त कुटुंब न्यायालय राजेश कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। उदघाटन सत्र मे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कमलेश बेहरा, निबंधक व्यवहार न्यायालय प्रशांत वर्मा, लीगल एड डिफेंस काउंसिल चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार कमलेश बेहरा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय रांची सैयद सलीम फातमी ने पीएलवी को उनके कर्तव्य एवं उनके कार्य क्षेत्र के बारे में बताया। वहीं कहा कि पीएलवी अगले पांच दिनों तक पूरी मेहनत और लगन के साथ ट्रेनिंग ले ताकि वे क्षेत्र में जाकर प्रभावी ढंग से कार्य कर सके और पीड़ितो को उचित विधिक सहायता प्रदान कर सकें। अपर न्यायायुक्त अमित शेखर ने पीएलबी को मेहनत और लगन से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि इस समय में पीएलबी विधिक सेवा संस्थान की रीढ बन चुके हैं।

## मंडल 1 की शाखाओं की हुई बैठक





नवीन मेल संवाददाता। रांची

मंडल 1 के संगठनात्मक दौरे के अंतर्गत झारखंड प्रांतीय अध्यक्ष युवा अरुण गुप्ता, प्रांतीय उपाध्यक्ष युवा विशाल पाड़ियांजी, प्रांतीय महामंत्री युवा सार्थक अग्रवाल, प्रांतीय संयोजिका युवा मीना टाईवाला एवं प्रांतीय संयोजक युवा विकास अग्रवाल का रांची पहुंचे। मंडल 1 की शाखाओं एवं युवा साथियों के साथ बैठक हुई। बैठक अग्रसेन भवन हुई। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता और सभी प्रांतीय अतिथि गणों को अंग वस्त्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। यह बैठक मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा, रांची शाखा, रांची साउथ और रांची साउथ जागृति के साथ हुई। प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने बहुत ही सकारात्मक सोच के साथ शाखाओं द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की और कई विषयों पर सकारात्मक चर्चा भी हुई। साथ ही सभी युवा साथियों ने बहुत ही खुले मन से अपने विचारों को रखा और सुना। इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, सुमिता लाठ, शुभा अग्रवाल, मीना टाईवाला, रितु पोदार, कोमल पोदार, पूजा अग्रवाल, पायल जैन, पूजा जैन, दीपिका मोतका, कविता जलान, चंद्रकला उपस्थित रही। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

## कम विद्यालय भ्रमण करने वाले बीआरपी व सीआरपी को होगा कारण बताओ नोटिस

नवीन मेल संवाददाता। रांची

सितंबर माह के अंत तक प्रखंड साधनसेवी (बीआरपी) 5 से कम विद्यालय भ्रमण किया हो, संकुल साधनसेवी जिनके द्वारा 10 से कम विद्यालय भ्रमण किया गया है। उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। संतोषजनक जवाब नहीं होने पर उन्हें सेवामुक्त करने की कार्रवाई की जायेगी। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने राज्य के सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को पत्र जारी कर निर्देश दिया गया है। पत्र में यह भी कहा गया है कि ई- विद्यावाहिनी के माध्यम से प्रखण्ड/संकुल साधनसेवियों के विद्यालय भ्रमण की स्थिति का समीक्षा कर आपको उपलब्ध कराया गया था। पत्र में स्पष्ट निर्देश था कि जिला स्तर पर इनके विद्यालय अनुश्रवण की समीक्षा कर 5 से कम विद्यालय भ्रमण करने वाले साधनसेवियों को चिन्हित करते हुए उनका माह अगस्त का वेतन स्थगित किया जाए। यह भी निदेशित किया गया था कि यदि विद्यालय अनुश्रवण की स्थिति में सुधार नहीं किया जाता है तो उनके विरुद्ध स्पष्टीकरण पुछते हुए उन्हें सेवा मुक्त किया जाए।

### ई-विद्यावाहिनी में हमेशा तकनीकी खराबी समस्या का कारण : कृष्णा

सीआरपी बीआरपी एसएस संघ के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद ने कहा कि सीआरपी और बीआरपी के विरुद्ध जो नोटिस जारी किया गया है, वह गलत है। ई- विद्यावाहिनी में हमेशा तकनीकी खराबी रहती है। कई बार विद्यालय भ्रमण करने के बाद भी उस पर हम सूचना अपलोड नहीं कर पाते है। इस लिए उपस्थिति नहीं दिखती है। विद्यालय भ्रमण के अलावे उन्हें कई अलग- अलग कामों में लगाया जाता है। उस वक्त विद्यालय भ्रमण कैसे किया जाएगा। हमारी ड्यूटी चुनाव में, चुनाव के वक्त वाहन जांच में और हाल में सरकार आप के द्वार कार्यक्रम में लगाया गया था। ऐसे में बीआरपी और सीआरपी कैसे विद्यालय का भ्रमण करेंगे। ई- विद्यवहिनी के तकनीकी खाराबी के कारण भी हमलोगों को समस्या का सामना करना पढ़ता है। इस विषय पर अच्छे से और निष्पक्ष जांच होना चाहिए।

## मांडर में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया

मांडर। प्रखण्ड स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन के फामेर्सी डिपार्टमेंट में बुधवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के सचिव नितिन पराशर एवं शैक्षणिक सचिव डॉ० दिपाली पराशर उपस्थित थी। मौके पर बोलते हुए नितिन पराशर ने कहा कि फार्मासिस्ट यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं कि मरीजो को सही खुराक और सही समय पर सही दवा मिले। मै सभी फार्मासिस्टों को उनके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ। वे हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और हम उनकी सेवाओं के लिए आभारी हैं। मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य, कुमार संकेत, विवेक कुमार, मृगराज आनंद, पंकज कुमार शर्मा, सुनिल कुमार चौधरी, अमन कुमार वर्मा तथा छात्र/छात्रा उपस्थित थे।

# झिरी डंप यार्ड के लेगेसी वेस्ट की निस्तारण प्रक्रिया में गति लाएं : मंत्री



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य सरकार की पहल पर रांची शहर के रिंग रोड स्थित झिरी में दो बड़ी योजनाएं क्रियान्वित है। पहला गेल इंडिया द्वारा 150 मेट्रिक टन के दो बायोगैस प्लांट का निर्माण तथा दुसरा लगभग 33 एकड़ में डंप 18 लाख मीट्रिक टन लिगेसी वेस्ट का निष्पादन। नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री हफीजुल हसन तथा प्रशासक संदीप सिंह के झिरी में दोनों योजनाओं की कार्य प्रगति का निरीक्षण किया गया। लेगेसी वेस्ट के निष्पादन हेतु चयनित कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि कि लगभग 35 हजार मैट्रिक टन कूड़े का निष्पादन किया जा चुका है। बायोरेमेडिएशन तकनीक के माध्यम से लेगेसी वेस्ट का निस्तारण करते हुए रिफ्यूज्ड डेराइव्ड फ्यूल एवं बायो सॉयल तैयार किया जाएगा। मौके पर मंत्री ने लेगेसी वेस्ट के निस्तारण प्रक्रिया में गति लाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि ससमय कार्य पूर्ण होने पर यह एक मील का पत्थर साबित होगा और भविष्य में यह कूड़े के पहाड़ को एक ग्रीन लैंड के रूप में तब्दील भी होते दिखेगा। मौके पर प्रशासक ने चयनित एजेंसी के प्रतिनिधियों को कार्य में गति लाने के लिए मशीनरी बढ़ाने का निर्देश दिया ताकि कूड़े के निस्तारण प्रक्रिया के टारगेट को पूरा किया जा सके। इसके अलावा उनके द्वारा गेल इंडिया द्वारा निर्मित बायोगैस प्लांट का भी जायजा लिया गया। यहां गेल इंडिया के प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्तमान में 150 टीपीडी के एक प्लांट में लगभग 35 टन गीले कूड़े को प्रतिदिन प्रोसेस किया जा रहा है। इसके बेहतर आउटपुट के लिए रांची शहर में उत्पन्न होने वाले गीले कचरे की आवश्यकता हैं।

### दर्जनों गांवों में जितिया पर्व पर दिखा उत्साह

# देर रात तक होती रही पूजा- अर्चना



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो प्रखंड के ऐतिहासिक महादानी मंदिर सहित अन्य जगहों पर जितिया की डाली स्थापित कर माताओं ने संतान के दीघार्यु होने को लेकर पूजा अर्चना की। नियमानुसार कथा का वाचन एवं श्रवण किया गया। महिलाओं ने बटुरा, खीरा, चना सहित विभिन्न प्रकार के फलों और फूलों तथा पूजन सामग्रियों के साथ पूजा अर्चना की। बेड़ो, बारीडीह, तुको, दिघिया, खुखरा चनकोपी नरकोपी मुरतो महुगांव पहाड़कंडरिया भैंसादोन पुरियो फादिलमर्चा जरिया मासु मुडामु हरिहरपुर जामटोली हुटार जमनी पंडरा जहानाबाज ईटाचिल्दरी सहित दर्जनों गांवों में माताओं निर्जला उपवास रखकर अपने संतानों के दीघार्यु होने की कामना किया। पहले दिन नहाय खाय से शुरू होने वाले जिउतिया के पर्व के दौरान तीसरे दिन पारण के साथ समापन किया जाएगा। माता के संतान के साथ असीम प्रेम एवं स्नेह के प्रतीक जिउतिया पर्व के दौरान माताएं अपनी संतान को तिलक लगाकर, पवित्र गंडा के धागे पहनाकर तथा प्रसाद खिलाकर अपना निर्जला उपवास गुरुवार को तोड़ेंगी। बुधवार को आचार्य जितेंद्र पाठक, आशुतोष पाण्डेय, अशोक पंडा, सोनू पंडा, मेघनाथ गिरी सहित अलग-अलग गांवों के पुजारियों के दिशा निर्देश पर श्रद्धालु महिलाओं ने पूजा अर्चना की।

## न्यूज | बॉक्स

### जितिया स्नान के दौरान प्रदेश में दर्जन से ज्यादा की मौत



**पटना।** बिहार में जितिया पर्व की खुशियां बुधवार को मातम में बदल गईं। औरंगाबाद, रोहतास, सारण (छपरा) समेत कई जिलों में अलग-अलग जगहों पर स्नान के दौरान डूबने से एक दर्जन से ज्यादा बच्चों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा औरंगाबाद जिले के बारुण और मदनपुर प्रखंड में व्रतियों के साथ नहाने गए 9 बच्चे तालाब में डूब गए, जिनमें से 8 की मौत हो गई। छपरा में भी 5 बच्चों की जान गई, तो रोहतास जिले के विभिन्न इलाकों में चार बच्चे डूब गए। अरवल और कैमूर जिले में भी एक-एक बच्चे की मौत की खबर है। बिहार के कई हिस्सों में बुधवार को जीवित्पुत्रिका (जितिया) पर्व मनाया गया। बड़ी संख्या में महिलाएं अपने बच्चों के साथ नदी, तालाबों और जलाशयों पर स्नान के लिए पहुंचीं। इस दौरान हुए हादसों में डूबने से एक दर्जन से ज्यादा बच्चों की मौत हो गई। औरंगाबाद जिले के बारुण थाना क्षेत्र के ईटहट गांव में तालाब में पांच बच्चियां डूब गईं, इनमें से चार की मौत हो गई, जबकि एक बच्ची को बेहोशी की हालत में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मदनपुर थाना क्षेत्र के कुशहा गांव में भी नहाने के लिए आहर में गए चार बच्चों की डूबने से मौत हो गई।

### मधुमिता कुमारी ने रजत पदक जीता



**सिल्ली।** चौहदवीं अखिल भारतीय रेलवे तीरंदाजी चैंपियनशिप चितरंजन में मुरी इलेक्ट्रिकल डिपार्मेंट में कार्यरत मधुमिता कुमारी ने कंपाउंड डिवीजन के मिक्स टीम इवेंट में रजत पदक जीता। वहीं हटिया में कार्यरत दीप्ति कुमारी ने रिकर्व डिवीजन के एकल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। दोनो ही तीरंदाजों को बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी सिल्ली और जोंहा की ओर से बधाई और शुभकामनाएं दी। वहीं सीबीएससी जोनल आर्चरी चैंपियनशिप जमशेदपुर के एसडीएम स्कूल में 24 से 25 तक आयोजित गया था। इसमें बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी की तीरंदाज और श्यामली स्कूल रांची की तूही देब ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को एकेडमी के मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतो और अध्यक्ष नेहा महतो ने बधाइयां एवं भविष्य के लिए शुभकामनाए दी है।

### कांग्रेस नेताओं ने मुड़मा जतरा में शक्ति खूंटा पर टेका मत्था



**मांडर।** मांडर विधानसभा क्षेत्र के मुड़मा स्थित तिग्गा कॉम्प्लेक्स में बुधवर को कांग्रेस पार्टी के पांचों प्रखंडों के अध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ एवं वर्तमान विधायक सह लोहरदगा लोकसभा के पर्यवेक्षक अमरजीत भगत, लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत, विनय भगत (पूर्व विधायक जसपुर), वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मो. मोजीबुल्लाह, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष समीम अंसारी, शिव कुमार भगत, पीसीसी सदस्य मचकुर सिद्दीकी, जमील मलीक, इश्तियाक अंसारी, मंगा उरांव, कर्मा उरांव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।बैठक से पूर्व अमरजीत भगत व विनय भगत ने मुड़मा जतरा के शक्ति खूंटा पर माथा टेका। इस दौरान सरना धर्म गुरु बंधन तिग्गा भी मौजूद रहे।

### प्रेमी ने खिलाई गर्भपात की दवा, प्रेमिका की मौत, आरोपी गिरफ्तार

**खूंटी।** प्रेम प्रसंग के दौरान जब प्रेमिका गर्भवती हो गई, तो प्रेमी ने गर्भपात कराने के लिए एसे कुछ दवा खिला दी, जिससे प्रेमिका रेशम मुंडू (19 ) की मौत हो गई। मामला मुरहू थाना क्षेत्र के बह्मणी गांव की है, जहां गर्भपात की दवा खाने के बाद मंगलवार की रात को प्रेमिका की तबीयत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। इस संबंध में मुरहू थाने में आरोपित कोड़ाकेल गांव के विनोद महतो उर्फ लालू के खिलाफ यौन शोषण और गर्भपात कराने का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार बह्मणी गांव की रेशमा मुंडू का प्रेम प्रसंग कोड़ाकेल गांव के विनोद महतो उर्फ लालू के साथ चल रहा था। दोनों एक साथ रेजा कुली का काम करते थे। उसी दौरान युवती गर्भवती हो गई। जब युवती ने इसकी जानकारी अपने प्रेमी विनोद महतो को दी, तो उसने गर्भपात कराने के लिए रेशमा मुंडू को कोई दवा खिला दी, जिससे मंगलवार की रात उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने बुधवार को शव का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया और स्वजनों को सौंप दिया। खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरूण रजक ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि आरोपित विनोद महतो को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## खलारी के सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता परिवर्तन यात्रा में शामिल होंगे



**खलारी।** भारतीय जनता पार्टी खलारी मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ता आगामी एक अक्टूबर को परिवर्तन यात्रा में शामिल होंगे। इसे लेकर भाजपा खलारी मंडल के पदाधिकारियों व प्रमुख कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू ने की। बैठक में मंडल के पलक मनोज साहू, मंडल के स्थाई प्रभारी जलाल महतो व पूर्व विधायक जीतूचरण राम विशेष रूप से उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि जेएमएम-कांग्रेस सरकार ने झारखंड की जनता को खून के आंसू बहाने पर मजबूर कर दिया है। भ्रष्ट अधिकारी व माफिया, घुसपैठ को बढ़ावा देने वाली परिवारवादी ताकतों के साथ मिलकर राज्य के संसाधनों को लूट रहे हैं। बैठक में तय हुआ कि 1 अक्टूबर को परिवर्तन यात्रा में सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकता कार्यक्रम में भाग लेंगे। यात्रा बुढ़मू से शुरू होगा। वहीं 29 सितंबर को को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को जगह जगह एकत्रित होकर सुनना तय हुआ। बैठक का संचालन मंडल संयोजक रामसूरत यादव व महामंत्री कार्तिक पांडेय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मिथिलेश प्रजापति ने दिया। बैठक में विधायक प्रतिनिधि श्यामसुंदर सिंह, जिला परिषद सदस्य पश्चिमी सरस्वती देवी, वरिष्ठ नेता अरविंद सिंह, फुलेश्वर महतो, सुबोध रजक, राधेश्याम प्रसाद, सुरेश साहू, हरेंद्र उरांव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# झारखंड चैंबर के अध्यक्ष बने परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड चैंबर के सत्र 2024-25 के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति के सदस्यों की बुधवार को हुई बैठक में वर्तमान कार्यकाल के पदाधिकारियों का चयन किया गया। सर्वसम्मति से परेश गट्टानी को चैंबर अध्यक्ष चुना गया। वहीं, आदित्य मल्होत्रा को महासचिव, राहुल साबू व ज्योति कुमारी को उपाध्यक्ष, विकास विजयवर्गीय व नवजोत अलंग को सह सचिव और रोहित अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। चुनाव पदाधिकारी ललित केडिया की अध्यक्षता में चैंबर भवन में हुई बैठक में चुनाव पदाधिकारी ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों को बधाई दी। वर्षभर राज्य के व्यापारियों, उद्यमियों एवं प्रोफेशनल्स के हित में कार्यरत रहने के लिए प्रेरित किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष परेश गट्टानी ने चैंबर चुनाव के दौरान राज्य के व्यापार और उद्योग जगत की ओर से मिले सहयोग और समर्थन के लिए सदस्यों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पिछले कार्यकाल में चैंबर द्वारा किये गये सभी अधूरे कार्यों को पूरा करने में वर्तमान टीम अपनी साकारात्मक भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि भवन नियमितीकरण योजना जल्द प्रभावी हो, मंडी टैक्स कानून स्थाई रूप से समाप्त हो, राज्य की बाजार मंडियां आदर्श मंडी के रूप में विकसित हों, रिवाइज्ड मास्टर प्लान का क्रियान्वयन हो, महिला उद्यमिता को बढ़ावा मिले, राज्य में बंद पड़ी खदानें चालू हों और नये निवेश स्थापित हों इसका हम भरपूर प्रयास करेंगे। देश के पूर्वी क्षेत्र में चैंबर्स के बीच हमारे फेडरेशन का प्रभाव बढ़ाने की पहल के साथ ही जिला और प्रखंड स्तर तक फेडरेशन की मजबूती के लिए वर्षभर राज्य के जिलों का दौरा मेरी विशेष प्राथमिकता है।

### मंत्री इरफान अंसारी ने चैंबर के नवनियुक्त पदाधिकारियों को दी बधाई



**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इन्डस्ट्रीज के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने मंत्री इरफान अंसारी से शिष्टाचार मुलाकात की। मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने चैंबर के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी समिति के सदस्यों को बधाई दी। राज्य के विकास से जुडे मुद्दों पर चैंबर के साथ मिलकर कार्य करने के लिए आश्वस्त किया। मौके पर प्रतिनिधिमंडल में चैंबर के पूर्व अध्यक्ष विनय अग्रवाल, प्रवीण जैन छाबडा, कार्यकारिणी सदस्य राम बांगड, रोहित पोद्दार, सदस्य अर्से आलम समेत अन्य गणमान्य सदस्य शामिल थे।

## मनरेगा पोर्टल में संधारण व अपलोड की दी गई जानकारी

**खलारी।** खलारी प्रखंड परिसर स्थित राजीव गांधी सेवा केंद्र सभागार में चल रहे प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन बुधवार को हो गया। प्रशिक्षण में उपस्थित खलारी प्रखंड के सभी मुखिया, सभी पंचायत सचिव एवं पंचायत के प्रज्ञा केंद्र संचालकों को मास्टर ट्रेनर पंकज ठाकुर द्वारा मनरेगा पोर्टल को लेकर विशेष जानकारी दी गई। उन्होने मनरेगा पोर्टल में एमबी सामग्री एवं सूची पंजी में संधारण, मनरेगा पोर्टल पर मनरेगा में प्रैक्टिकल एवं जाब कार्ड डाक्यूमेंट अपलोड करने के साथ आपसी समझ विकसित करने, कार्य व भुगतान संबंधित जानकारी दी। वहीं मनरेगा पोर्टल में मुखिया एवं पंचायत सचिव की भूमिका और चुनौतियों को भी विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड समन्वयक पंचायती राज स्वशासन परिषद असित कुमार, खलारी मुखिया तेजी किस्पोट्टा, तुमांग पंचायत मुखिया संतोषकुमार महली, चूरी दक्षिणी पंचायत मुखिया मलका मुंडा, हुटाप पंचायत मुखिया शिवरत मुंडा उपस्थित थे।

## जैप-1 में ईप्सोवा ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर, डीजीपी ने किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
डोरंडा स्थित जैप-1 में ईप्सोवा के बैनर तले बुधवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का उद्घाटन डीजीपी अनुराग गुप्ता, शिखा गुप्ता और 108 वर्षीय सेवानिवृत्त सीनियर सिटिजन जय नारायण प्रधान द्वारा संयुक्त रूप से रिबन काट कर किया गया.

**महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गयी :** शिविर में झारखंड पुलिस परिवार की महिलाओं और उनके बच्चों की स्वास्थ्य जांच शहरी क्षेत्र के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों से आये विशेषज्ञों द्वारा की गयी. शिविर में जैप एडीजी प्रिया दुबे, जैप डीआईजी मयूर पटेल कन्हैयालाल, जैप 1 कमांडेंट राकेश रंजन, जैप 2 कमांडेंट सरोजनी लकड़ा, जैप 10 कमांडेंट पीयूष पांडेय और रांची के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार उपस्थित थे.

### जैप 1 परिसर में 16वीं झारखंड राज्य पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

# डीजीपी ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
डोरंडा स्थित जैप 1 परिसर में आयोजित 16 वीं झारखंड राज्य पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता बुधवार को संपन्न हो गयी. समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो शामिल हुए. इस मौके पर डीजीपी अनुराग गुप्ता भी उपस्थित रहे. समापन समारोह को सफल बनाने में एडीजी संजय आनन्द लाठकर, एडीजी मुख्यालय आरके मल्लिक, एडीजी मुरारीलाल मीणा, एडीजी प्रिया दूबे, आईजी राज कुमार लकड़ा, डीआईजी पटेल मयूर कनैयालाल, एसपी राकेश रंजन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. विधानसभा अध्यक्ष ने सभी का आभार प्रकट किया विधानसभा अध्यक्ष ने समारोह में आये हुए वरीय पुलिस पदाधिकारी, उपस्थित प्रशिक्षक, खिलाड़ी, टीम मैनेजर, मीडिया कर्मी सहित प्रतियोगिता में शामिल टीम का आभार प्रकट किया. खेल के सफल आयोजन के लिए सभी क योगदान की सराहना की. समारोह में डीजीपी ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की. समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों(टीम) द्वारा मार्च पास्ट किया गया.

खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य रूप से शामिल होने वाली टीमें

जैप, आईआरबी, एसआईआरबी, कोयला क्षेत्र बोकारो, पलामू क्षेत्र डाल्टनगंज, दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र रांची, सिंहभूम कोल्हान क्षेत्र चाईबासा, संथाल परगना क्षेत्र दुमका, उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र, हजारीबाग,अपराध अनुसंधान विभाग,रांची शामिल थे।

### पुत्र के दीघार्यु व निरोगी जीवन के लिए माताओं ने किया निर्जला व्रत

# लापुंग प्रखंड में जितिया व्रत पूजा संपन्न, आज होगा पारण



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
पुत्र के दीघार्यु व निरोगी जीवन कामना को लेकर मनाया जाने वाला जितिया व्रत पूजा लापुंग प्रखंड क्षेत्र में पूरे विधि विधान के साथ आयोजित किया गया। माताओं ने निर्जला उपवास रखकर भगवान की विधिवत पूजा-अर्चना एवं जीवित पुत्रिका व्रत कथा का नियमानुसार श्रवण किया। इसके लिए कई घर के आंगन में तो कई जगहों पर सामूहिक पूजा का आयोजन किया गया। व्रती माताओं ने मंगलवार को नहाय-खाय के साथ पूजा की विधि विधान प्रारंभ की थी। बुधवार की देर शाम लापुंग प्रखंड के अकमरोमा, पोकटा, चम्पाडीह, ककरिया, दोलैचा, लालगंज, फतेहपुर दानेकेरा महुंगाव कातिंगकेला, बोकरन्दा सुकुरहुटू परसा बड़काकुरा सारंगलोया गुदगुद कोयनारा सहित दर्जनों गांवों में जितिया पर्व के दौरान जितिया की डाली गाड़कर माताओं ने विधिवत पूजा अर्चना की। जिउतिया लापुंग प्रखंड के मालगो में सबसे बड़ी पूजा के रूप में महिलाओं ने निर्जला उपवास रखकर कथा का श्रवण किया। गुरुवार को नदी और जलाशयों में कलश एवं जितिया डाली का विसर्जन के पश्चात ही महिलाएं व्रत तोड़कर अन्नजल ग्रहण कर व्रत पूर्ण करेंगी। लापुंग प्रखंड के डाडी, मालगो, सेमला, जातालोया, पबीरा सहित दर्जनों गांवों में पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ खीरा, चना, बटुरा, सेब, केला सहित विभिन्न प्रकार के फल और फूलों के साथ जिउतिया की पूजा अर्चना की गई। आचार्य राजकुमार पाठक, रामशंकर पाठक, सीताराम पाठक, सुरेश देवघरिया, तुलसीदास गोस्वामी, मार्केण्डेय दास गोस्वामी, राजेश पाठक, सीताराम दास, रूपेश पाठक सहित विभिन्न गांवों के पुजारियों ने श्रद्धालु माताओं को अपने मार्गदर्शन में पूजा अर्चना कराया।

### फुटबॉल प्रतियोगिता का चैंपियन बना एएफसी टेरो की टीम

# मांडर की टीम बनी उपविजेता



बेड़ो । दिवंगत मुकेश तिर्की मेमोरियल प्राइजमनी फुटबॉल पर एएफसी टेरो की टीम ने कब्जा जमाया। एएफसी टेरो की टीम ने टीएफसी मांडर की टीम को 3-0 गोल से पराजित कर चैंपियनशिप हासिल किया। विजेता टीम को बतौर मुख्य अतिथि लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत ने 51 हजार नकद एवं चमचमाती ट्रॉफी देकर सम्मानित किया वहीं बतौर विशिष्ट अतिथि ने रनर टीम टीएफसी मांडर को 31 हजार रुपए नगद एवं चमचमाती रनर ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार टेरो के खिलाड़ी कुणाल उरांव, मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार टीएफसी मांडर टीम के अनिस उरांव, बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार मांडर के सुरजीत उरांव, बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार मांडर टीम के गोलकीपर एलमेंट जोजो, बेस्ट मिडफील्डर का पुरस्कार बिरसा बचपन स्कूल के खिलाड़ी सुशील कच्छप तथा पूरे टूनामेंट में सात एवं फाइनल मैच में दो गोल दागने वाले तेज तर्रार खिलाड़ी कुणाल उरांव को बेस्ट स्कोर का पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं पूरे टूर्नामेंट में सबसे अनुशासित टीम का पुरस्कार एडी क्लब रांची की टीम को पुरस्कृत किया गया। बिरसा बचपन स्कूल की टीम प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रही वहीं एडी रांची ने चौथा स्थान हासिल किया।

# समय पर काम पूर्ण नहीं करने वाले ठेकेदार का एग्रीमेंट रद्द करें : मिथिलेश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद तथा युवा कार्य विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को गढवा समाहरणालय भवन में पेयजल एंव स्वच्छता विभाग की राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक की। यह बैठक 50 करोड़ से अधिक की राशि वाली योजनाओं की थी। समीक्षा बैठक में बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना, एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना के त्वरित क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की गयी। ताकि जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्ष 2024 के अंत तक 62.50 लाख घरों को नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। इसलिए तीव्र गति से योजनाओं को पूर्ण कराना अतिआवश्यक है। मंत्री ने बैठक में कहा कि अभियंतागण और संवेदक पारदर्शी तरीके से काम करें, साथ ही अभियंतागण संवेदकों से समन्वय बनाकर समय से योजनाओं को पूर्ण करायें।

**62.50 लाख घरों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य हर हाल में पूर्ण करें**

समीक्षा बैठक में मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने विशेषकर एफटीसी के लक्ष्य को प्राप्त करने पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त निमार्णाधीन जलापूर्ति योजनाओं का अनुश्रवण कराना, संवेदक द्वारा समय से कार्य पूर्ण कराना, युद्ध स्तर पर चापाकलों की मरम्मती कराना एवं सड़े राईजर पाइप को बदलकर बंद पड़े चापाकलों को चालू कराने आदि संबंधी विषयों पर बैठक कर अधिकारियों व अभियंताओं को आवश्यक निर्देश दिए। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने स्पष्ट निर्देश व संदेश दिया है कि 62 ।50 घरों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के महत्वपूर्ण लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राज्य के अभियंतागण, संवेदकगण, सभी स्तर के पदाधिकारी तत्पर व कटिबद्ध होकर कार्य करें। संबंधित विभाग से एनओसी लेने का काम करें।

## एक नजर

### रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का होगा सर्वांगीण विकास : ओम प्रकाश महतो

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नेता ओम प्रकाश महतो ने रामगढ़ प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। लोगों ने मिलते हुए उन्होंने कहा कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा, इसके लिए नेतृत्व परिवर्तन जरूरी है। उन्होंने गंडके, दुलमी प्रखंड के गोडातु, दुलमी, ईचातु, जामसिंघ, बगरई, भैपुर, प्रियातु,पोटमदगा, भालू, कुल्ही आदि गांवों का दौरा कर लोगों को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की जनहितैषी नीतियों से अवगत कराकर आने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी के लिए समर्थन मांगा। जेएलकेएम नेता ओम प्रकाश महतो ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से दिली लगाव है।

### वार्षिक आमसभा में 55 सदस्यों के बीच हुआ प्रमाण पत्र

**बरकाकाना।** पीरी आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक आमसभा पीरी पंचायत सचिवालय में आयोजित की गई। आयोजित आमसभा की अध्यक्षता सीएलएफ अध्यक्ष उषा देवी और संचालन सीआरपीईपी गीता देवी ने की। आमसभा में बतौर मुख्य अतिथि मुखिया नीलम देवी, कैनरा बैंक के मैनेजर श्रद्धा तिर्की आदि शामिल थे। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि समेत अन्य आगत अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं परियोजना के सदस्यों ने बुके भेंट कर आगत अतिथियों का स्वागत किया। वार्षिक आम सभा के दौरान परियोजना के सदस्यों ने संस्था की उपलब्धियों से अवगत कराते हुए आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारिता से महिलाओं को जुड़ने की अपील की।

### गली मुहल्लों तक पहुंच पथ बनाकर खींची जा रही विकास की गाथा

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में विभिन्न मदों से हर एक गली-मुहल्लों तक पहुंच पथ बना कर विकास की रेखा खींची जा रही है। इसी के तहत रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के हुहुवा और कोठार में दो अलग-अलग योजनाओं के तहत 45 लाख की लागत से पीसीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। इसके तहत मंगलवार को रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने शिलाट्ट से अनावरण कर और नारियल फोड़ कर निर्माण का शिलान्यास किया। इसमें रामगढ़ समाहरणालय परिसर के मार्केट कॉम्पलेक्स के पीछे होते हुए उपेंद्र साव के घर तक पीसीसी रोड का निर्माण होगा। यह डीएमएफटी फंड से रोड बनेगा। जबकि कोठार के वार्ड 29 में जुगल कुशवाहा के बारी से कपिल साव के घर तक पीसीसी रोड का निर्माण होगा। यह रोड विधायक निधि से निर्माण किया जाएगा।



कटकमसांडी व बझिया मोड़ पंहुचा बीजेपी का परिवर्तन यात्रा रथ

## इस बार हजारीबाग सहित पूरे झारखंड में कमल खिलेगा : प्रदीप

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** बीजेपी झारखंड द्वारा पूरे झारखंड प्रदेश में हेमंत सरकार के खिलाफ आयोजित परिवर्तन यात्रा के माध्यम से झारखंड के लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस यात्रा में हजारीबाग के सांसद मनीष जयसवाल के साथ हजारीबाग सदर विधानसभा के भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद भी इस यात्रा के माध्यम से लोगों के बीच पहुंचें। हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र स्थित कटकमसांडी प्रखंड कुरहागढ़ा, डाटो, एदला, बाझा, बंझिया मोड़ होते हुए, कटकमसांडी बाजार में परिवर्तन यात्रा रथ के माध्यम से सांसद मनीष जायसवाल ने लोगों को वर्तमान भ्रष्ट झामुमो, कांग्रेस और राजद की सरकार के खिलाफ जनजागरण किया। हुंकार भरते हुए कहा कि वर्तमान सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है और इस सरकार के शासन में राज्य की विधि व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। आने वाले विधानसभा चुनाव में परिवर्तन होगा और राज्य की परिस्थितियों निश्चित रूप से बदलेंगी। भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने कहा कि इस बार हजारीबाग के साथ पूरे झांरखड में कमल खिलेगा। श्री प्रसाद ने कहा कि इस बार बदलाव का बयार है। जनता मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन काल में ही समूचे प्रदेश की विकास संभव है। भ्रष्ट हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का वक्त अब आ गया है।

## चालकुश से बरकट्ठा व इचाक होते हुए हजारीबाग शहर तक रेलवे लाइन निर्माण की जरुरत : अनूप भाई



**हजारीबाग।** विधानसभा क्षेत्र के बरकट्ठा प्रखंड ग्राम बूचई में भाजपा नेता अनूप भाई ने जनसंपर्क अभियान चलाया जिसमें ग्राम बुचई में विकास यादव के अगुवाई में सभा का आयोजन किया गया। सभा को भाजपा नेता अनूप भाई ने संबोधित करते हुए कहा कि आज तक के सही मायने में बरकट्ठा का विकास नहीं हुआ है। बरकट्ठा विधानसभा में सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी की है और दूसरा बरकट्ठा में अच्छा शिक्षा व्यवस्था नहीं है। छात्रों को हजारीबाग समेत दूसरे जिलों में जाकर पढ़ाई करना पड़ता है। आने-जाने में भी आज सुविधा होती है, इसलिए मेरा मांग होगा चालकुशा से बरकट्ठा, इचाक होते हुए हजारीबाग तक रेलवे लाइन का निर्माण किया आवश्यकता है। जिससे छात्रों को आने-जाने में सुविधा कम खर्चे में होगा और बरकट्ठा में रोजगार सृजन होगा। यह काम मैं जनप्रतिनिधि बनकर आता हूं तो करवाने के लिए वचनबद्ध हुं। भाजपा नेता अनूप भाई ने हर घर एक पौधा अभियान के तहत ग्रामीणों के बीच में फलदार एवं औषधि पौधे का वितरण किया। अरुण या संदेश दिया कि पर कथा में जब शुद्ध पर्यावरण होगा, तभी बरकट्ठा के लोग स्वस्थ रहेंगे। बरकट्ठा का तरक्की संभव। कार्यक्रम में प्रयाग यादव ,अनिल यादव, उमेश यादव, रामचंद्र ठाकुर, शहनाज अंसारी , मेधन राणा, प्रदीप यादव, रेणु देवी, आरती देवी समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

## न्यूज | बॉक्स

### सांसद कार्यालय में याद किये गए पं.दीनदयाल उपाध्याय



**हजारीबाग।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के मौके पर बुधवार को उन्हें स्थानीय विशेश्वर दयाल पथ स्थित हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के सांसद सेवा कार्यालय सभागार में याद किया गया ।मौके पर राज्यसभा सांसद सह भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल और भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानन्द सिंह सहित भाजपा के दर्जनों प्रमुख कार्यकताओं ने उपस्थित होकर उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नमन किया और उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया । राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा की किसी भी व्यक्ति के अंदर की विशेषता ही उन्हें महान बनाती है और दूसरों को उनकी और प्रभावित करती है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय में विलक्षण विशेषताएं थी। वे एक अच्छे चिंतक, संगठनकर्ता और राजनेता थे। उन्होंने एकात्म मानवतावाद की शुरूआत पर जो चिंतन किया उसमें उनका मानना था की समाज और देश के विकास के लिए किसान, गरीब, पिछड़ा, दलित, शोषित और वंचित वर्ग को ऊपर उठाना पड़ेगा।

### पेलावल विकास मंच ने मनाया 19वां स्थापना दिवस



**हजारीबाग।** ओल्ड एज होम में पेलावल विकास मंच का 19वां स्थापना दिवस बुजुर्गों के साथ मनाया गया। मंच के साप्ताहिक बैठक में उपस्थित मंच के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से ओल्ड एज होम में पेलावल विकास मंच का 19वां स्थापना दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। निर्णय के अनुसार बुधवार को प्रातः 9:30 बजे मंच के सदस्य एवं समर्थक ओल्ड एज होम ससमय पहुंचकर बुजुर्गों की सेवा में नाश्ता वगैरह परोसने का काम शुरू किया। मंच के संरक्षक सह जेपीएम हॉस्पिटल संचालक डॉक्टर एके मेहता एवं मंच के संरक्षक सह क्वींसलैंड ग्रामर स्कूल के संचालक समीर शहजाद की उपस्तिथि में इस पुनीत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम डॉ एके मेहता ने बुजुर्गों को संबोधित करते हुए आश्वासन दिया कि मैं आपके बगल में ही हूं, मुझसे जो स्वास्थ्य संबंधी सेवा लेनी हो मुझे तुरंत कॉल करें मैं उपस्थित हो जाऊंगा। मंच के संस्थापक सह अध्यक्ष एम हक भारती ने बुजुर्गों को स्थापना दिवस के मौके पर शुभकामनाएं दी तथा सभी बुजुर्गों से मंच के लिए आशीर्वाद की याचना की। वहीं उन्होंने कहा कि बुजुर्गों का आशीर्वाद जो सदस्यों के सिर पर हाथ रखकर प्राप्त हुआ मन को छू गया। हजारीबाग ओल्ड एज होम बुजुर्गों की सेवा करने का अवसर देता है।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती धूम-धाम से मनाई गई



**दारू।** दारू प्रखंड अंतर्गत देवदयाल नवनिर्मित स्मृति भवन झूमरा परिसर में बुधवार को दारू भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर भाजपा नेता टोनी जैन ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भाजपा को सींचा है। उनकी नीतियों पर चलकर ही भाजपा आज पूरे देश की जनता के दिलों में बसती है। उनके चरित्र का अनुसरण हर नागरिक को करना चाहिए। ताकि एक बेहतर समाज की स्थापना हो सके। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय नेता थे। वे हमेशा समाज के गरीब और दलित लोगों की आवाज को बुलंद करते रहे। भारतीय राजनीति के इतिहास में प्रमुख व्यक्तियों में से एक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती को हर साल अंत्योदय दिवस के तौर पर मनाया जाता है। एंव वे भारतीय जन संघ के सह-संस्थापक और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक एवं संगठनकर्ता थे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के सदर बिधानसभा के दारू भाजपा मंडल के विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू महामंत्री संजय कुशवाहा, किसान मोर्चा अध्यक्ष किसुन प्रसाद, संतोष राणा, कमल प्रजापति, संदीप कुमार,विकास यादव, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शेफाली गुप्ता ने लिया सुयश सागर महाराज जी का आशीर्वाद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** जैन मंदिर में एक विशेष आध्यात्मिक अवसर पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने पवित्र आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर श्रमणाचार्य सुयश सागर महाराज के सान्निध्य में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में अनेक श्रद्धालुओं की उपस्थिति दर्ज की गई। शेफाली गुप्ता ने महाराज जी के चरणों में अपना मस्तक झुकाया और उनकी दिव्य वाणी से मार्गदर्शन प्राप्त किया।महाराज ने अपने आशीर्वचन में उपस्थित जनसमूह को धर्म, संयम और नैतिक मूल्यों के पालन का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि जीवन में सच्ची शांति और सुख प्राप्त करने के लिए हमें धर्म के मार्ग पर चलते हुए दूसरों के प्रति करुणा और सेवा भाव को अपनाना चाहिए। महाराज जी के इस संदेश से सभी श्रद्धालुओं में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। शेफाली गुप्ता ने इस अवसर पर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा, ₹महाराज जी का आशीर्वाद मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रति जागरूकता को लेकर निकाली गई कौशल विकास यात्रा

## युवा स्वरोजगार की ओर कदम बढ़ाकर आत्मनिर्भर बनें : कुलपति

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
बीते 39 वर्षों से कौशल विकास और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्था आईसेक्ट की ओर से छात्रों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रति जागरूकता लाने एवं करियर काउंसलिंग के उद्देश्य से देशव्यापी कौशल विकास यात्रा बीते 9 सितंबर से पूरे देश भर में आयोजित की जा रही है। यह यात्रा बीते 23 सितंबर को आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के मुख्य कैंपस पहुंची, जहां विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। बता दें कि यह यात्रा आगामी 28 सितंबर तक झारखंड के हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, बोकारो, रामगढ़, साहिबगंज व अन्य जिलों का भ्रमण करेगी। आईसेक्ट विश्वविद्यालय में स्वागत के बाद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने बड़ी संख्या में मौके पर मौजूद विद्यार्थियों को कौशल विकास के



महत्व से अवगत कराया और करियर को लेकर उठ रहे विद्यार्थियों के सवालों का भी जवाब दिया। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कौशल विकास को रोजगार पाने का मुख्य साधन बताया और कहा कि युवाओं के भारत को कौशल युक्त कर स्वरोजगार की ओर कदम बढ़ाकर आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार किया जा सकता है। इसके बाद कुलपति डॉ पीके नायक व कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ व अन्य ने हरी झंडी दिखाकर कौशल यात्रा को रवाना किया। यात्रा के क्षेत्रीय प्रबंधक विजय कुमार ने बताया कि कौशल यात्रा चतरा के एसएस प्लस टू हाई स्कूल, पाण्डेय बारा, अपग्रेडेड हाई स्कूल एरूगेरुआ, रामगढ़ के एसएस प्लस टू हाई स्कूल, पतरातू, एसएस प्लस टू हाई स्कूल, चितरपूर, बोकारो के अपग्रेडेड राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय, ओरदाना, प्लस टू हाई स्कूल, साहिबगंज के अपग्रेडेड प्लस टू हाई स्कूल समेत अन्य स्थानों से होते हुए आगामी 28 सितंबर को आईसेक्ट विश्वविद्यालय हजारीबाग के मुख्य कैंपस पहुंच कर झारखंड की कौशल यात्रा समाप्त होगी।

सामुदायिक भवन का विधायक सुनीता चौधरी ने किया शिलान्यास

## रामगढ़ विधानसभा का संपूर्ण विकास करना ही हमारा लक्ष्य

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 30 मुर्रामकला नायक टोला में 24 लाख 50 हजार रूपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। जिसका शिलान्यास मंगलवार को बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो, अनुसूचित जाति महासभा जिलाध्यक्ष मनोज राम ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी ने कहा की रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का संपूर्ण विकास आजसू का लक्ष्य है और उसी को ध्यान में रखकर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य किये जा रहे हैं। विधायक ने कहा की विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में सड़कों का निर्माण करवाने के



साथ नालियों का निर्माण करवाया जा रहा है। साथ ही लोगों की सुविधा के लिए सामुदायिक भवनों का निर्माण करवाया जा रहा है। ताकि लोगों को किसी कार्यक्रम के आयोजन में परेशानी नही हो। विधायक श्रीमति चौधरी ने कहा की आजसू पार्टी लोगों के सुख दुख में हमेशा साथ खड़ी रहती है। साथ ही यदि विधानसभा क्षेत्र में किन्ही को कोई परेशानी हो तो मैं व्यक्तिगत स्तर पर उनकी मदद करती हूं। सुनीता चौधरी ने कहा की आजसू कार्यकर्ता उन लोगों को जिन्हें सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ नही मिल पाया है उनकी मदद करें और सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ दिलाने में उनकी मदद करें। मौके पर नरेश महतो, कामेश्वर महतो,अरविंद महतो,मंटू नायक, अरूण नायक,लूटन नायक, सन्नी नायक, देव नायक, विनोद नायक, सुजीत नायक, अजय करमाली, सुमित नायक, सागर नायक आदि उपस्थित थे।

सिंचाई नहर बना नाला, ग्रामीणों ने की समस्या के समाधान की मांग

## प्रशासन की अनदेखी से बदबू और प्रदूषण से बदहाल हो चुका है नहर : मनोज यादव



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** बरही धनबाद रोड पर स्थित सिंचाई नहर अब पूरी तरह से नाले में तब्दील हो चुका है। सिंचाई के लिए इसका उपयोग न होने और सिंचाई विभाग द्वारा देखरेख की कमी के कारण यह नहर धीरे-धीरे कचरे और गंदगी का अड्डा बन गया है। नहर का रखरखाव न होने की वजह से आसपास के आवासीय क्षेत्रों का सारा नाला और कचरा इसी में गिर रहा है, जिससे इलाके में बदबू और प्रदूषण फैल रहा है। इस समस्या को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव को बुलाकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया और इस मुद्दे का समाधान करवाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि यह नहर धनबाद रोड पर आवासीय परिसरों के बीच से गुजरती है और अब यह बदहाल स्थिति में पहुंच गई है। लगातार गंदगी और कचरे के भरने से नहर से आने वाली बदबू ने क्षेत्र में रहना मुश्किल कर दिया है। इस नाले की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि आसपास के निवासियों को जहरीले प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है।

राष्ट्रीयता की भावना जगाता है एनएसएस : डॉ पीके नायक

## स्वस्थ समाज निर्माण में एनएसएस की भूमिका महत्वपूर्ण : डॉ मुनीष गोविंद

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** पढ़ाई के साथ साथ एक अच्छा इंसान बनना बेहद जरूरी है। एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थी समाज हितों को लेकर जागरूक होते हैं और नुक्कड़ नाटक व अन्य माध्यमों से समाज हित के कार्यों से भी जुड़े रहते हैं। स्वयंसेवक कई सामाजिक कुरीतियों से भी अवगत कराते हैं और लोगों को इसके प्रति जागरूक भी करते हैं। स्वस्थ समाज के निर्माण में भी एनएसएस की भूमिका महत्वपूर्ण है। उक्त बातें आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद आईसेक्ट विश्वविद्यालय हजारीबाग में आयोजित एनएसएस के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवियों व अन्य विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने इस बीच राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य और महत्व की भी जानकारी दी। इससे पूर्व विश्वविद्यालय के



कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, लॉ विभागाध्यक्ष डॉ जयदीप सन्याल सहित अन्य के हाथों दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि साइबर क्राइम, मोबाइल व नशे की लत जैसी नई चुनौतियां आज समाज के सामने आ चुकी है, जिस पर जागरूकता के माध्यम से बहुत हद तक काबू पाया जा सकता है। उन्होंने स्वयंसेवियों से कहा कि सूदूरवर्ती क्षेत्रों में इन नई चुनौतियों के प्रति भी लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं कि राष्ट्र सेवा और समाज सेवा का अलख एनएसएस जगाता है। साथ ही एनएसएस राष्ट्रीयता की भावना भी विकसित करता है। इस दौरान स्वयंसेवक शनि ने एनएसएस की माध्यम से पिछले कुछ महीनों किए गए कार्यों को बताया।

विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मी लापरवाह, कई गांवों महीनों से अंधेरे में डूबा

## 27 सितंबर को बिजली विभाग के जीएम कार्यालय का होगा घेराव



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** क्षेत्र में व्याप्त बिजली समस्या और जनता की परेशानिताओ को देखते हुए पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में आगामी 27 सितंबर की हजारीबाग स्थित बिजली विभाग के जीएम कार्यालय का घेराव किया जायेगा. उक्त निर्णय पूर्व विधायक ने बुधवार को ग्रामीणों के साथ अपने आवास पर हुई बैठक में लिया. उन्होंने बताया कि बिजली की लचर व्यवस्था और अवैध उगाही से क्षेत्र की जनता परेशान है. विभागीय अधिकारियों और कर्मियों लापरवाही चरम पर है. पूर्व विधायक ने कहा कि बरही, पदमा और चौपारण प्रखंड के कई गांव पिछले ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण कई महीनों से अंधेरे में डूबे हैं. ग्रामीण लगातार बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ झूठे आश्वासन दिए जाते हैं. अधिकारियों का कहना है कि उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या के कारण ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने में दिक्कत आ रही है, लेकिन इस समस्या का कोई ठोस समाधान निकालने की कोशिश नहीं की जा रही है. बैठक में उपस्थित लोगो ने सत्ताधारी दल के कुछ लोगों और बिजली विभाग के कर्मचारियों पर बिचौलियों के माध्यम से चंदा वसूलने का भी आरोप लगाया. इन्ही सभी सम्मास्याओ को लेकर आगमन 27 सितंबर को घेराव कार्यक्रम तय किए गए है. पूर्व विधायक ने इस कार्यक्रम में अधिकाधिक लोगो से शामिल होने का अपील किया है.

विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

## विजेता छात्रों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार से किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर, 21 से 25 सितंबर 2024 तक ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फामेर्सी ने स्वास्थ्य जागरूकता और सामुदायिक सेवा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया। इन आयोजनों में मेडिकल कैंप, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, वृक्षारोपण, और रैली का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों और फैकल्टी में जोश और उत्साह देखने को मिला। मेडिकल कैंप (21 सितंबर, 2024): कार्यक्रम की शुरूआत 21 सितंबर को मेडिकल कैंप के आयोजन से हुई, जिसमें स्थानीय समुदाय के लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। इस मेडिकल कैंप में विशेषज्ञ डॉक्टरों और फार्मासिस्टों ने बीपी, शुगर, और सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की और दवाइयों की निशुल्क वितरण किया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में




सुधार करना और फामेर्सी के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाना था। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता (22 सितंबर, 2024): 22 सितंबर को आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता का विषय 'फार्मासिस्ट का समाज में योगदान' रखा गया था। छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और कला के माध्यम से फार्मासिस्ट के महत्व को चित्रित किया। विजेता छात्रों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वृक्षारोपण अभियान (23 सितंबर, 2024): पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए 23 सितंबर को कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। छात्रों, शिक्षकों, और कॉलेज प्रशासन ने मिलकर कई पौधों का रोपण किया और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। इस कार्यक्रम के माध्यम से संस्थान ने हरा-भरा और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के महत्व को रेखांकित किया। रैली (25 सितंबर, 2024): 25 सितंबर को फार्मासिस्ट दिवस के मुख्य आयोजन के दिन एक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया।

### सिमडेगा भाजपा ने गांधी मैदान में किया परिवर्तन सभा का आयोजन

# अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा कमल खिलेगा : संजय सेठ

नवीन मेल संवाददाता





**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी का गांधी मैदान सिमडेगा में बुधवार को परिवर्त्तन सभा का आयोजन हुआ। मंचासीन अतिथियों के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर नमन किया गया।परिवर्तन सभा के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री सह लोक सभा सांसद संजय सेठ ने कहा कि ऐसा कोई बचा नहीं जिसको हेमंत सोरेन ने ठगा नहीं। कॉंग्रेस बेईमानी पार्टी है। जेएमएम, कॉंग्रेस ने जो वादा किया उस वादा से मुँह मोड़ लिया। सनातन धर्म के प्रति कॉंग्रेस के राहुल गांधी और उनके नेताओं द्वारा दिये गए अनर्गल बयान पर कहा कि कॉंग्रेस की क्या औकात जो सनातन धर्म को खत्म करने की बात करते है। मोदी के रहते कॉंग्रेस कभी सनातनी को खत्म नही कर पाएंगे, कॉंग्रेस पार्टी जरूर खत्म हो जाएगी। जेएमएम, कॉंग्रेस की गठबंधन सरकार ने इन पांच सालो में राज्य के युवाओं, किसानों, बेटियों और आम नागरिकों को धोखा देने का काम किया। बेरोजगारों को नौकरी देंगे, नहीं दिया तो गद्दी छोड़ देंगे, बेरोजगारी भत्ता देंगे-नहीं तो गद्दी छोड़ देंगे। हेमन्त सरकार ने वादें किये पर अपने वादों को पुरा नहीं किया। ना गद्दी छोड़ी ना राजनीतिक सन्यास लिया, ना रोजगार दिया, ना बेरोजगारी भत्ता दिया। हेमन्त सरकार ने किसानों के साथ छल किया। भाजपा की सरकार में किसानों को पांच एकड़ जमीन में साल का 25 हजार देने की योजना थी। हेमन्त सरकार ने अपने पहले केबिनेट के बैठक में किसान के हितकारी योजना को बन्द किया। किसान माफ नहीं करेंगे। एक रूपये में महिलाओं को 50 लाख तक का जमीन रजिस्ट्री होता था। हेमन्त सरकार ने इसे भी बन्द करा दिया। महिलाओं के साथ धोखा किया। महिलाओं पर अत्याचार, युवाओं पर लाठी चली। पहली बार ऐसा हुआ कि पुलिस और हॉमगार्ड एक दुसरे पर लाठी चला रहे है। हेमन्त सरकार की ये है कानून व्यवस्था। हेमन्त सरकार ने राज्य के हालात खराब कर दियें है। हेमन्त सरकार में पशु तस्कर हमारी गौ माता को कटने के लिए बंग्लादेश ले जाते हैं। पशु तस्कर को हेमन्त सरकार ने सेफ जॉन दे दिया कि आवो हमारे झारखण्ड से गो माता को ले जाओ और काटो बंग्लादेश में। मित्रों हेमन्त सोरेन की जो सरकार है, वो झुठ और फरेब की सरकार है। असीम सपने दिखाते-दिखाते पांच साल गुजर गए। हर वर्ग नाराज और परेशान है। उन्होने अह्वान करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री जो-जो वादा करते है, उसे धारातल पर उतारते है। जो-जो वादा किया एक-एक वादा पुरा किया। ऐसे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जब दुनिया भारत की ओर देख रही है, जब दुनिया भारत की विकास की ओर देख रहीं है, जब दुनिया भारत को आगे बढ़ते हुए देख रही है। जब दुनिया चन्द्रयान को चद्रमा पर उतारते हुए देख रही है। वहीं दूसरी ओर झारखण्ड के अन्दर हर कुछ तबाह है। झारखंड में परिवर्तन तय है।सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा सीट में अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा।राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष समीर उरांव ने कहा कि हेमन्त सरकार राज्य की जनता को लुटने का काम किया है। बेटी-बहन के साथ दुष्कर्म, अत्याचार हो रहा है। खनिज सम्पदा को लुटा जा रहा है। बालू को भी लुट कर बेचने का काम हेमन्त सरकार में हो रहा है। जेएमएम, कॉंग्रेस की गठबंधन सरकार को उखाड़ कर फेंकना है। झारखण्ड में परिर्वतन होना तय है। आरती कुजूर ने कहा कि घूसखोर हेमन्त सरकार को बदलना है। जल,जंगल, जमीन खतरे में है। पूर्व मंत्री बिमल प्रधान ने कहा कि हेमन्त सरकार को सत्ता से उखाड़ फेकना है। ऐसी भ्रष्ट और ठगबंधन सरकार को विधानसभा चुनाव में मुँहतोड़ जवाब देना है। सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा में कमल खिलाना है।मंच पर केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, विधानसभा संरक्षक रंजन कुमार पटेल, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल विधानसभा जॉन के प्रभारी गणेश मिश्रा, छत्तीसगढ़ के मंत्री केदार कश्यप, राष्ट्रीअनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष समीर उराँव, विनय लाल, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर, पूर्व मंत्री बिमला प्रधान, जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, ओम प्रकाश साहू, अमर नाथ बामालिया, दुर्ग विजय सिंह देव व अन्य उपस्थित थें।कार्यक्रम का मंच संचालन जिला महामंत्री दीपक पूरी ने किया। महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव भी उपस्थित थें। विद्या बड़ाईक की नागपुरी कला मंडली ने हेमन्त सरकार के खिलाफ कार्यक्रम की प्रस्तुति की।

## कोडरमा में धूमधाम से मनी पं दीनदयाल उपाध्याय की जंयती

**कोडरमा।** अंत्योदय दिवस बुधवार को कोडरमा नगर मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती धूमधाम से मनाई गई। विभिन्न बूथों के पोषण क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर वंदे मातरम गीत से किया गया। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अजय पांडेय और संचालन उत्तम कुमार, मुकेश यादव ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि एकात्म मानवतावाद का दर्शन देने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर यह संकल्प लेना चाहिए कि किस प्रकार हम पंक्ति के अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति तक विकास की किरण को पहुंचा कर देश के विकास में अपना योगदान सुनिश्चित कर सकें।

## दो बाइक की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल

**सतगावां।** थाना क्षेत्र के ग्राम पचमौह मोड़ के समीप दो बाइक की टक्कर में दो लोग का घायल हो गए। घायल की पहचान 19 वर्षीय राहुल कुमार, पिता- अरुण प्रसाद यादव, ग्राम मथुराडीह और 40 वर्षीय मनोज कुमार, पिता- द्वारिका मिस्त्री, ग्राम पचमौह निवासी के रूप में पहचान हुई है। जानकारी के मुताबिक कलीडीह की ओर से अपनी बाइक पर सवार होकर रोहित कुमार बासोडीह से आ रहा था, जहां विपरीत दिशा से आ रहे मनोज कुमार की बाइक से टक्कर हो जाने के बाद दोनों गंभीर घायल हो गया। परिजनों ने स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए देखते हुए दोनों को कोडरमा रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी विजय गुप्ता दलबल के साथ पहुंचकर मामले की छानबीन किया।

## परिवर्तन यात्रा के तहत कुरडेग में हुई सभा, छग के सीएम हुए शामिल



नवीन मेल संवाददाता

**कुरडेग।** प्रखंड मुख्यालय के स्टेडियम में भाजपा के द्वारा परिवर्तन सभा का आयोजन किया गया।सभा में मुख्य अतिथि के रूप में छतीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपस्थित थे।सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की भ्रष्टाचार में डूबी सरकार आगामी विधानसभा चुनाव में हारना तय है।जनता मन बना चुकी है सत्ता परिवर्तन की।छतीसगढ़ में कांग्रेस खोखला वादा कर सत्ता में आयी थी।पांच साल में पुरी तरह फेल हो गई और सत्ता से जाना पड़ा।यही हाल झारखंड की जेएमएम एवं कांग्रेस की गठबंधन की सरकार की होनेवाली है।वादा पूरा करने में नाकाम रही है।जो मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल जा चुका हो और जमानत पर हो वह राज्य का भला नहीं कर सकता है। ओके पर उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से झारखंड राज्य को लूट कर खोखला किया गया है वह आप ज्यादा दिन चलने वाला नहीं है विधानसभा चुनाव में झारखंड की जनता इस प्रकार छत्तीसगढ़ से कांग्रेस को उखाड़ फेंकी है उसी प्रकार झारखंड से भी सत्ता से बेदखल करने का काम करेगी ।वहीं केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री जय सेठ ने भी राज्य सरकार पर जम कर बरसे और कहा कि यह सरकार तुष्टिकरण में लिप्त है।घुसपैठिए को बढ़ावा दे रही है।

## दुर्गा पूजा समिति की बैठक में धूमधाम से पूजा मनाने को ले हुई चर्चा

**बानो।** दुर्गा पूजा समिति की बैठक समिति की अध्यक्ष विकास साहू की अध्यक्षता में दुर्गा पहाड़ी मन्दिर परिसर में हुई । बैठक में धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने पर चर्चा की गई।कार्यक्रम में कलश स्थापना से दसमी तक होने वाले पूजन कार्यक्रम तथा मेला में होने वाले कार्यक्रम पर चर्चा की गई। दुर्गा पूजा के अवसर पर सप्तमी के रात्रि में बच्चों द्वारा कैसेट डांस ,नवमी को डांडिया नृत्य ,तथा दशमी को नागपुरी-हिंदी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मौके पर उपाध्यक्ष विश्वनाथ बड़ाईक,सचिव सन्तोष साहू ,कोषाध्यक्ष तिलकु चौरसिया सहित संचालन समिति के सदस्य राकेश पण्डा,पंकज साहू ,अंकित साहू ,राहुल लुनिया,रमेश साहू,उदय सिंह ,मुकुल साहू ,महेश सिंह ,वेद प्रकाश खत्री ,टी पी मनोहरन ,शंकर सिंह,राधेश्याम सिंह,बुधेश्वर सिंह ,अनूप साहू,विकास साहू आदि लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने ई-समाधान पोर्टल पर श्रमिकों को ले समीक्षा बैठक का किया आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा ।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ई-समाधान पोर्टल पर श्रमिकों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक उपायुक्त ने जिले के प्रवासी मजदूरों का ई-समाधान पोर्टल पर निबंधन की जानकारी ली। उन्होंने जिले के शत् प्रतिशत प्रवासी मजदूरों का ई-समाधान पोर्टल पर निबंधन कराने का निर्देश दिया। साथ ही योजना के तहत मिलने वाली सुविधाओं हर मजदूरों को मुहैया कराने का की बात कहीं। उन्होंने मानव तस्करी को रोकने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी प्रवासी श्रमिकों का प्रखंड पंचायत के ग्राम व टोलावार एक घर पहुंच कर मजदूरों का डेटा तैयार कर उपलब्ध कराने एवं सभी का निबंधन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रवासी मजदूरों की जानकारी रहें जिसे कि मजदूरों को प्रदेश में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उसे आवश्यक मदद् किया जा सके तथा किसी प्रकार की दुघर्टना में सरकार का लाभ मुहैया कराया जा सकेगा। उन्होंने सभी श्रमिक मित्र को आपने क्षेत्र के सभी प्रवासी मजदूरों का जानकारी रखने की बात कहीं। उन्होंने मनरेगा मजदूरों को भी योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। झारखंड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना सहित सभी तरह के मिलने वाले लाभ की जानकारी प्रत्येक मजदूरों तक पहुंचाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। इस दौरान बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ, श्रम अधीक्षक पुनित मिंज, जिला नियोजन पदाधिकारी सुश्री आशा मैक्सिमा लकड़ा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरज मुन्नी कुमारी, जेएसएलपीएस के अधिकारी सहित सभी श्रमिक मित्र उपस्थित थे।

## जरूरतमंद मरीजों को मिलेगी मुफ्त डायलिसिस की सुविधा, हुआ एमओयू

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** स्वास्थ्य विभाग एवं हंस फाउंडेशन की पहल से सिमडेगा जिले में जरूरतमंद मरीजों को मिलेगी मुफ्त डायलिसिस सुविधा- एमओयू हस्ताक्षरित हुआ। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के समक्ष स्वास्थ्य विभाग द्वारा डायलिसिस सुविधा के लिए हंस फाउंडेशन के साथ एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। एमओयू साइन होने के बाद अब हंस फाउंडेशन द्वारा जिला अस्पताल में डायलिसिस की सुविधा देना आरंभ करेगी। उपायुक्त सिमडेगा के निर्देशों के अनुसार ज़िला की स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं को और अधिक मज़बूत करने के मंतव्य के लिए गतिशील हिस्सेदारी की तरफ कदम बढ़ाते हुए सिविल सर्जन, सिमडेगा ने जरूरतमंद मरीज़ों को मुफ़्त डायलिसिस सुविधा प्रदान करने के लिए हंस फाउंडेशन के साथ समझौता सहीबद्ध किया। हंस फाउंडेशन के झारखंड राज्य प्रमुख शिशुपाल मेहता जी एवं सिविल सर्जन डॉ रामदास पासवान जी द्वारा इस समझौते पर हस्ताक्षर किये गए। इस मौके पर प्रोजेक्ट मैनेजर रामराज, जिला स्वास्थ्य समिति से डीपीएम डीडीएम- अर्पण तिर्की, जिला से हंस फाउंडेशन के जिला प्रतिनिधि स्वामी विवेकानंद एवं निशांत नीरज फार्मासिस्ट भी मौजूद थे।

## घुटबहार व राजाबासा पंचायत में कांग्रेस का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन



**ठेठईटांगर ।** प्रखंड अंतर्गत घुटबहार और राजाबासा पंचायत में कांग्रेस पार्टी का बूथ स्तर के कार्यकर्ता सम्मेलन का अयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने अपने संबोधन में कहा कि बदलते परिवेश में आज हमारे लोग की अपने समाज को दूसरों के इशारे पर कमजोर करने और आपस मे लड़ाने का कार्य कर रहे है। ऐसे लोगों से हम सभी को सचेत रहने और स्वयं के अंदर राजनीति जागरूकता उत्पन्न करने की जरूरत है। ताकि हम दूसरों की कठपुतली बने नेता और उनके पार्टियों से स्वयं और अपने समाज को पिछलग्गू बनाने से बचा सके।उन्होंने कहा विरोधियों ने हर तरीका आजमाया और कई वोटकटवा लोगों को आर्थिक मदद कर चुनाव में खड़ा करवाया किन्तु अब जनता जागरूक हो गयी है। इसे क्षेत्र की जनता ने सभी को दिखा दिया। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि बहुत जल्द विधानसभा चुनाव भी होंगे जिसमे लोकसभा चुनाव वाले जोश की उन्हें व उनकी कांग्रेस पार्टी को पुनः आवश्यता होगी और उन्हें आशा है कि जनता पुनः उसे दोहराने और भाजपा और उसके पिछलग्गू झापा एनोस एक्का के पार्टी को विधायकी से दूर रखने का कार्य करेगी।

## संतान के दीर्घायु और सुखी जीवन की कामना के लिए माताओं ने किया जिउतिया व्रत

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** प्रखंड क्षेत्र के बानो तेतर टोली ,बानो, भिखरा टोली छोट केतुङ्गा ,हुरदा, सहित,शहरी क्षेत्र से लेकर सभी गांवों की माताओं ने अपने-अपने बच्चों की सुख,समृद्धि ऐश्वर्य और लंबी उम्र के लिए निर्जला जीवित्पुत्रिका व्रत रखा।सभी माताए उपवास कर नदी तालाब पहुंचकर स्नान ध्यान कर पुत्र पुत्री और स्वजनों की सुख समृद्धि और दीर्घायु के लिए मंगल कामना की।लोकमान्यता के अनुसार महिलाएं अपने पुत्र के दीर्घायु जीवन और सुख शांति समृद्धि के लिए 24 घंटे का निर्जला उपवास रखकर जीवित्पुत्रिका व्रत करती हैं।भाद्र कृष्ण पक्ष के अष्टमी तिथि की शाम घर के आंगन में पंडित,पुरोहित और पाहन द्वारा स्थापित जिउतिया पेड़ की डाली की श्रद्धा भक्ति आस्था और विश्वास के साथ पूजा की जाती है।पूजा में आठ तरह के हरी सब्जी के अलावे खीरा,वस्त्र,रोली,चंदन,मौली धूप,नैवेद्य फूल अक्षत और गंड़न आदि की जरूरत पड़ती है।इस त्योहार में खीरा का विशेष महत्व होता है।जितिया व्रत की पूजा महिलाओं के लिए बेहद ही खास महत्व रखता है।क्योंकि इस दिन माताएं अपनी संतान की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत रख भगवान से प्रार्थना करती हैं।इसे जिउतिया या जिवित्पुत्रिका व्रत भी कहा जाता है।इस दिन माताएं पूरे दिन निर्जला व्रत रखती हैं और फिर शाम में विधि विधान से पूजा करते हैं और जितिया की कथा भी सुनती हैं।जितिया व्रत की शुरुआत नहाय खाय के साथ होती है। इस दिन महिलाएं सुबह स्नान कर एक समय भोजन करती हैं।इसके बाद अगले दिन निर्जला व्रत रहती हैं।शाम में जितिया की पूजा करती हैं और कथा सुनी जाती है। इसके बाद अगले दिन सूर्योदय के बाद व्रत का पारण किया जाता है।जितिया व्रत के पारण से पहले विधि विधान से पूजा की जाती है फिर बात,मरूआ की रोटी और नोनी का साग आदि चीजें खाकर व्रत खोल लिया जाता है। बांनो धर्मशाला में गांव के पहान तीज मोहन द्वारा पूजा अर्चना के साथ जितिया गाड़ा गया।बानो बड़ाईक बस्ती में मनोहर दिवेदी बिधि पूर्वक पूजन कराये।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा की सिमडेगा परिषद भवन में हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** बुधवार को को सिमडेगा परिसदन भवन में झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक किया गया। इस बैठक में जिला के केन्द्रीय समिति सदस्य गण, जिला समिति के पदाधिकारी गण, सभी वर्ग संगठन के पदाधिकारी गण, सभी प्रखण्डों के प्रखण्ड अध्यक्ष ,सचिव, पार्टी समर्थित जिला परिषद सदस्य गण, पार्टी के सक्रिय एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता गण इस बैठक में समिलित हुए। बैठक में अगामी 27सितंबर को केन्द्रीय समिति रांची के द्वारा सिमडेगा जिला को एक विशेष बैठक के लिए रांची स्थित सोहराई भवन में बुलाया गया है। इस बैठक की तैयारी हेतु विभिन्न विन्दुओं पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। साथ ही अगामी झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में सिमडेगा जिला के दोनों विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ने के लिए पार्टी की मजबूती के लिए विभिन्न विन्दुओं पर विचार करते हुए रणनीति तैयार की गई। बैठक के दौरान झारखण्ड मुक्ति मोर्चा और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नीति सिद्धांतो और विचारों से प्रभावित होकर कोलेबिरा प्रखंड की जुझारू नेत्री अनीता सोरेंग ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की उन्हें पार्टी का पट्टा पहना कर अध्यक्ष-सचिव ने झामुमो परिवार में स्वागत किया। इस बैठक में उपस्थित प्रखण्ड से लेकर जिला के पदाधिकारी गण सभी केन्द्रीय समिति सदस्य गण एवं उपस्थित सभी वरिष्ठ एवं सक्रिय सदस्यों द्वारा सर्व सहमति से यह निर्णय लिया गया कि जिले के दोनों विधानसभा सीटों पर मजबूती के साथ झा मु मो सिमडेगा अपना दावा ठोकेगी।बैठक में सचिव सफीक खान,झा मु मो जिला उपाध्यक्ष अनिल तिर्की, कोषाध्यक्ष नोवस केरकेट्टा, संगठन सचिव कल्याण मिंज, पदाधिकारी गण उपस्थित रहें।

# न्यूज बॉक्स

## बोलबा थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**बोलबा।** बोलबा थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इस मौके पर प्रखण्ड प्रशासन के द्वारा प्रखण्ड में आयोजित होने वाले दुर्गा एवं कार्यक्रमो के बारे में जानकारी लिया गया ।इस मौके पर बताया गया कि बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय में 13 अक्टूबर को मूर्ति विसर्जन किया जायेगा,वही तलमंगा दुर्गा के मौके पर 12 अक्टूबर को मूर्ति विसर्जन होगी जबकि 11 अक्टूबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा । कुंदुरमुण्डा में 10 अक्टूबर को दुर्गा पूजा के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा एवं वनदुर्गा में 3 अक्टूबर से नवरात्रि के मौके पर दुर्गा पाठ पूजन अर्चन एवं प्रतिदिन महाप्रसाद के वितरण किया जायेगा। इस मौके पर पंचमी तिथि अर्थात 8 अक्टूबर को दिन के 11 बजे महा आरती का आयोजन किया जायेगा । प्रशासन की ओर से अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी ने कहा कि किसी तरह की अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जायेगी साथ ही कोई अनहोनी होने की संभावना पर तत्काल प्रशासन को सूचित करने की बात कही गई ।

## सदर अस्पताल सिमडेगा में चलाया गया स्वच्छता अभियान




**सिमडेगा।** स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत बुधवार को जिला स्वास्थ्य समिति सिमडेगा और माय भारत सिमडेगा द्वारा जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर "स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता" थीम के साथ स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल सिमडेगा में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन सिविल सर्जन सिमडेगा डॉ रामदेव पासवान के नेतृत्व में किया गया । कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी, सदर अस्पताल के सभी डॉक्टर, कर्मी एवं नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवकों ने भाग लिया । इस अवसर पर सिविल सर्जन सिमडेगा ने उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि साफ़-सफ़ाई एक अच्छी आदत है और स्वच्छ पर्यावरण एवं आदर्श जीवन शैली के लिए प्रत्येक को इस आदत को अपनानी चाहिए । सामूहिक प्रयास से ही स्वच्छ भारत का सपना साकार हो सकता है । आप सभी से अपील है कि अपने अपने आस पास को स्वच्छ रखने में योगदान दे एवं स्वयं के साथ साथ दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति सजग करें ।

## विधानसभा चुनाव को लेकर उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ ने आगामी विधानसभा चुनाव- 2024 के मद्देनजर सिमडेगा कॉलेज, सिमडेगा में बनाए गए डिस्पैच सेन्टर, स्ट्रांग रूम व काउंटिंग हॉल का निरीक्षण किया।इस दौरान उपायुक्त ने काउंटिंग हॉल, स्ट्रांग रूम एवं डिस्पैच सेन्टर बने हेतु कमरे का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डिस्पैच काउंटर बनाने, बैरिकेडिंग लगाने, सुरक्षा हेतु सीसीटीवी अधिष्ठापन करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिये। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल अमृत मिंज, सिमडेगा कॉलेज के प्रधानाचार्य सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## महाराजा अग्रसेन जयंती पर आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ समापन



**सिमडेगा।** महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह 2024 के शुभ अवसर पर आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का फाइनल इंडोर स्टेडियम के बैडमिंटन कोर्ट में खेला गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा अंचल पदाधिकारी उपस्थित रहें।सिमडेगा अंचल पदाधिकारी का स्वागत अग्रवाल सभा के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर एवं शॉल ओढ़ाकर कर किया गया।बैडमिंटन सिंगल सीनियर के फाइनल में विजेता अमन जैन, उपविजेता आशुतोष राज; बैडमिंटन सिंगल जूनियर में विजेता हर्षित अग्रवाल , उपविजेता नयन अग्रवाल; बैडमिंटन डबल में विजेता अमन जैन एवं पार्टनर, उपविजेता अमन अग्रवाल एवं पार्टनर रहे। पूरा प्रतियोगिता को सफल बनाने में अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं अग्रवाल युवा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। बताया गया कि अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल सभा,सिमडेगा के तत्वाधान में 28 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में सदर अस्पताल ब्लड बैंक की टीम के द्वारा आनंद भवन परिसर में रक्त अधिग्रहण किया जाएगा।

## डिजिटल पंचायत परियोजना के तहत हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम



**सिमडेगा।** सिमडेगा प्रखंड सभागार में पंचायती राज विभाग, झारखंड, राँची के निदेश के आलोक में डिजिटल पंचायत परियोजना अंतर्गत, चयनित वी.एल.ई. का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण की शुरुआत प्रतिभागियों के स्वागत दयानंद करजी ज़िला पंचायत राज पदाधिकारी, शेफर्ड तिर्की ज़िला परियोजना प्रबंधक ई. पंचायत, अमरेंद्र कुमार पी.ओ. मनरेगा, अंजर अहमद मास्टर ट्रेनर एवं विजय सिन्हा सी॰एस॰सी॰ मैनेजर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।प्रशिक्षण को आगे बढ़ाते हुए पंचायत विकास सूचकांक पोर्टल पर ग्राम पंचायत स्तर पर वी.एल.ई. द्वारा किया जाने कार्य के बारे में विस्तृत रूप से समझाया गया। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत विकास योजना के बारे में पॉवरपॉइंट प्रेज़ेंटेशन के माध्यम से बताया गया। सत्र को आगे बढ़ाते हुए मनरेगा योजना के बारे वी.एल.ई. के रोल एवं कार्य के बारे में बताया गया। उक्त प्रशिक्षण में प्रखंड के प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, सभी प्रखंड समन्वयक पंचायत स्वशासन परिषद, मनरेगा बीपीओ जलडेगा एवं सिमडेगा, सभी डिजिटल पंचायत योजनांतर्गत चयनित वी.एल.ई. समेत अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### सीबीएसई ईस्ट जोन फुटबॉल चैंपियनशिप में मधुसूदन पब्लिक स्कूल बना विजेता

**चाईबासा।** सीबीएसई ईस्ट जोन (पूर्वी क्षेत्र) फुटबॉल चैंपियनशिप 2024 में चक्रधरपुर की मधुसूदन पब्लिक स्कूल की टीम विजेता बनी। यह प्रतियोगिता बिहार के भबुआ, कैमपुर आरबीएस पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई थी.जहां प्रतियोगिता में कुल 49 टीमें भाग लीं,जिसमें मधुसूदन पब्लिक स्कूल, आसनतलिया, चक्रधरपुर, पश्चिमी सिंहभूम, झारखंड के अंडर- 17 बालक वर्ग ने रांची के संत एन्नेस कन्वेंट स्कूल को 3-1 से हराकर विजेता के साथ साथ चैंपियन बनी. प्रतियोगिता में जीत दर्ज कर लौटने पर बुधवार को विद्यालय के निदेशक बीके. हिंदवार, प्राचार्य के. नागराजू, उप प्राचार्या आरती कोड़वार, परीक्षा नियंत्रक दिनेश कुमार चक्रवर्ती एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा सभी खिलाड़ियों को पुष्प- गुच्छ देकर चैंपियन टीम का स्वागत कर जीत की बधाई दी।

### 18 माह के आयुष रविदास के दिल का हुआ सफल ऑपरेशन

**जमशेदपुर।** बिरसानगर जोन नंबर 4 निवासी राजू रविदास के 18 माह के बेटे आयुष का ब्रह्मानंद अस्पताल में दिल का निःशुल्क ऑपरेशन हुआ. बच्चे को जन्म से दिल की बीमारी थी. एक साल पहले डॉ अभिषेक से इलाज के दौरान इसकी जानकारी मिली. बच्चे के पिता सिक्युरिटी गार्ड में नौकरी कर परिवार का पालन पोषण करते हैं. पैसे के अभाव में वे ऑपरेशन नहीं करवा पा रहे थे. इसकी जानकारी सैल्यूट तिरंगा के झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष रवि शंकर तिवारी को मिली. इसके बाद तिवारी ने ब्रह्मानंद हॉस्पिटल तामोलिया के मैनेजमेंट से बातें कर 10 सितम्बर को हॉस्पिटल में भर्ती कराया. 12 सितंबर को हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ परवेज ने आयुष रवि दास के दिल का सफल ऑपरेशन किया. कुछ दिनों तक बच्चे को चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया।

रामगढ़ में महिलाओं ने किया जितिया व्रत

## जितिया पर्व करने से पुत्र दीघार्यु होते हैं और घर में खुशहाली आती है : मिथलेश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** पुत्र के दीघार्यु होने की कामना को लेकर बुधवार को जिलाभर में महिलाओं ने जितिया व्रत किया। इस मौके पर महिलाओं ने भगवान जीमूतवाहन की विधि पूर्वक पूजा अर्चना कर अपने पुत्र के दीघार्यु एवं सुखी संपन्न होने की कामना की। मौके पर पूजा अर्चना संपन्न करवाते हुए प्रसिद्ध पुजारी मिथलेश तिवारी ने कहा की जीवित्पुत्रिका व्रत आश्विन मास में कृष्ण पक्ष की सप्तमी वृद्धा अष्टमी तिथि में किया जाता है। कहा की इस व्रत में महिलाएं भगवान जीमूतवाहन की पूजा अर्चना करती हैं। कहा की ऐसी मान्यता है की इस व्रत के विधि पूर्वक संपन्न करने से पुत्र दीघार्यु और सुखी संपन्न होते हैं। इसलिए महिलाएं निर्जला उपवास रखकर जितिया व्रत विधि पूर्वक संपन्न करती हैं ताकि उनके पुत्र दीघार्यु और सुखी संपन्न रहें ।

## झारखंड का विकास टाइगर जयराम महतो के हाथों ही संभव : डॉ राजेश महतो



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ इकाई के गोला प्रखंड अंतर्गत सुतरी पंचायत कमेटी का 25 सितंबर को पुनर्गठन एवं बूथ कमेटी गठित करने हेतु पूर्व मुखिया शंकर बेदिया की अध्यक्षता एवं रवि ठाकुर के संचालन में सुतरी बाजार टांड में बैठक की गई। पार्टी सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो के विचारधारा से प्रभावित होकर लोग इस संगठन में मजबूती के साथ जुड़ रहे हैं । गांव एवं सुदूरवर्ती क्षेत्र में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का संगठन काफी मजबूत एवं सशक्त है । इस संगठन में सभी समुदाय के लोग शामिल हो रहे हैं ।कहा गया की लोगों में एक उम्मीद की किरण जग चुकी है और सभी के जुबान से एक ही शब्द निकल रहे है कि इस बार विधानसभा चुनाव में बदलाव निश्चित तौर पर करना है। कहा की झारखंड का विकास टाइगर जयराम महतो के हाथों ही संभव है।नीति नियम बनाने वाली सरकार चाहिए । तभी यहां के लोगों के हक अधिकार एवं भलाई हो सकती है वरना लोग ठगे हुए महसूस करते हैं। संगठन कस विस्तार करते हुए सूत्री पंचायत के संरक्षक शंकर बेदिया, अध्यक्ष धर्मेंद्र बेदिया, उपाध्यक्ष लक्ष्मण तुरी, सचिव मिथुन बेदिया,सह सचिव शिवनारायण महतो,उप सचिव प्रमेशवर महतो, कोषाध्यक्ष रथू सिंह , मीडिया प्रभारी पंकज कुमार, निखिल रजक,इस्माईल अंसारी का चयन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला महासचिव सह-प्रभारी डॉ राजेश महतो, वरीय उपाध्यक्ष शिवनंदन मुंडा, पवन कुमार महतो, त्रिभुवन महतो, अशेष महतो, रवि ठाकुर, देवचरण महतो, पूर्व मुखिया शंकर बेदिया, बसंत कुमार महतो, नरेन्द्र कुमार, लक्ष्मण तुरी, संजय बस्के, मिथुन बेदीया, मुकेश बेदिया, निर्मल बेदिया, पुरानचंद बेदिया, सुनील महतो, रामदास सिंह, कमल प्रसाद, शंकर रजक, धीरन महतो, राजेश महतो, परमेश्वर महतो, शंकर बेड़िया, धर्मेंद्र बेदिया, देव चरण कुमार महतो, नरेंद्र कुमार ,भोला तुरी आदि उपस्थित थे।

पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री ने की जनवार्ता

## अटल विचार मंच के कार्यालय का किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रहे व भारत के पूर्व विदेश/वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा बरही के एनएच स्थित डाक बंगला में बुधवार को एक जनवार्ता किया. खराब मौसम के बाबजूद दर्जनों लोग उनकी वार्ता में शामिल हुए. वार्ता की शुरूआत पूर्व केंद्रीय मंत्री के स्वागत के साथ हुआ. जिसका संचालन वरिष्ठ समाजसेवी शैलेंद्र सिन्हा ने किया. उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने देश के पीएम पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि वर्तमान बीजेपी अपने उद्देश्यों से भटक चुकी है. पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेई के विचारो को तोड़ मरोड़ कर पेश किया जा रहा है. पीएम मोदी पूरी दुनिया में सिर्फ अपनी वाहवाही का डंका बजा रहे है. भाजपा अब जमात की नही बल्कि सिर्फ एक व्यक्ति विशेष की पार्टी बनकर रह गई है. जिनके पीछे लोग भाग रहे हैं उन्होंने कहा कि स्व वाजपेई के सपनो को साकार करने के उद्देश्य से उन्होंने अटल विचार मंच का गठन किया है. इसका उद्देश्य जनहित में कार्य करे और प्रधानमंत्री स्व वाजपेई के सपनो को आगे ले जाए. इस मुहिम को साकार करने के लिए उन्होंने उपस्थित लोगो से मंच से जुड़कर सहयोग करने की अपील की.

## वन विभाग ने अवैध ढिबरा लदे वाहन को किया जब्त



**गावां गिरिडीह।** गावां प्रखंड के पटना बल्हारा पथ पर भीखी घाटी के पास वन विभाग के द्वारा अवैध ढिबरा लदे पिकअप वाहन को जब्त किया गया। विभाग को सूचना मिली थी कि प्रतिदिन रात के अंधेरे में उक्त पथ से अवैध रूप से ढिबरा को कोडरमा भेजा जाता है। सूचना पर डीएफओ मनीष कुमार तिवारी व रेंजर अनिल कुमार के द्वारा उक्त पथ में गश्ती अभियान चलाया गया। रात्रि करीब 12 बजे पिकअप वाहन को जब वनकर्मियों ने रुकने का इशारा किया तो ड्राइवर खलासी अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की और भाग गए। बाद में वन कमीयों ने अवैध ढिबरा लदे पिकअप जब्त कर वन विभाग कार्यालय ले आई। मामले में रेंजर अनिल कुमार ने कहा कि ढिबरा लदे पिकअप को जब्त किया गया है। वाहन मालिक व ढिबरा व्यवसाई की जांच पड़ताल की जा रही है। जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी। किसी भी सूरत में अवैध उत्खनन नही होने देंगे।

अबुआ आवास में बबुआ लोगों का हो रहा है खेल

## आवास के नाम पर 20-20 हजार वसूलने का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी** इन दिनों झारखंड में अबूआ आवास में बबुआ लोगों का खेल चल रहा है. इस योजना में सरकारी बाबुओं के साथ - साथ बिचौलिए भी जमकर हावी हैं. रुपए नहीं तो पाठा ही दे दीजिए लेकीन घुस तो देना ही पड़ेगा. बिचौलिए को दीजिए या हमको दीजिए,कैश दे दीजिए या ऑनलाइन दे दीजिए लेकिन घूस तो देना ही पड़ेगा. अबुआ आवास के नाम पर एक गरीब से एक बिचौलिया बकरे की मांग करता है और वह गरीब आवास लेने के लिए मजबूर होकर बकरा भी दे देता है.आखिर गरीबों से लूटने की ये कैसी व्यवस्था है. अगर यह आरोप सच है तो समझिए राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना में किस कदर लूट मचा हुआ है. मुखिया, पंचायत सचिव के साथ-साथ इस योजना में बिचौलिए भी पूरी तरह से हावी हैं. ताजा मामला तिसरी प्रखंड के लोकाय पंचायत का है. जहाँ से कुल 8 महिलाओं ने स्थानीय मुखिया और पंचायत सेवक द्वारा अबुआ आवास के नाम पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया है. ग्रामीण सोसाना हेमब्रॉम पति तालो हेमब्रॉम, रतनी बास्के पति बड़कू सोरेन,सांझली हंसदा पति सांझला सोरेन, तालो हेमब्रॉम पति तालो सोरेन,बसंती हेमब्रॉम पति मनोज बेशरा, छोटू बेसरा पिता संजूल बेसरा ने मुखिया अनीता हेमब्रोम और पंचायत सेवक प्रभु हाजरा पर अबुआ आवास योजना के नाम पर 20000 मांगने का आरोप लगाया है. इनमें से तीन लोगों ने मुखिया को फोन पे के माध्यम से ऑनलाइन 7000, 4000 और 1000 देने की भी बात कही।

### जिप सदस्य ने दिव्यांग को उपलब्ध कराया व्हील चेयर

**घाटशिला।** जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू ने दिव्यांग माणिक मुर्मू को एक व्हील चेयर बुधवार को उपलब्ध कराया. घाटशिला प्रखंड अंतर्गत बांकी पंचायत के चिरुगोड़ा गांव निवासी माणिक मुर्मू दस वर्ष पहले एक हादसे में पूरी तरह असहाय और लाचार हो गये थे. तब से चलने फिरने में असमर्थ हैं. परिजनों ने जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू से व्हील चेयर उपलब्ध कराने की गुहार लगायी थी.


**Office of the Civil Surgeon-cum-CMO, Koderma, Jharkhand**

(Procurement Cell)

Very Urgent Procurement Notice

Tender Notice No: KOD/001 / 2024-25 Dated 25/09/24

| Sl. No. | Particular | Details |
|---|---|---|
| a. | Name of the work | Supply of Calcium Tab with Vitamin D3 and IFA TAB (Red) 60 mg Elemental Iron + 500mg Folic Acid Sugar Coated and Red Colour. |
| b. | Availability of RFP document at | Jharkhandtender.nic.in |
| c. | Date of Issue of RFP | 25/09/2024 |
| d. | Last Date for submission of Proposal | 15-10-2024 at 05.00 PM |
| e. | Date of opening of Technical Proposal | 18-10-2024 at 05.30 PM |
| f. | Time allowed for completion | 60 days from the date of the work order. |
| g. | Earnest money deposit (EMD)(Refundable) | **INR 10,000/-(Rupees Ten Thousand Only)** Payment submission through online gateway. |
| j. | Address at which the tenders are to be submitted: | Office of the Civil Surgeon-cum-CMO, Koderma, Jharkhand |
| i | Mode of submission | Speed post/ Registered Post/ By Hand only to the address as specified above during office hours only. Submission of the bid through any other mode or late submission of bids will be rejected. Its mandatory to submit hard copy of documents. Address Civil Surgeon , Sadar Hospital Campus, Koderma . Pin – 825410 |

PR 336916 Health Med Edu and Family Welfare 924-25)_D

**Civil Surgeon**
**Koderma**


बरकनगांगों में विधायक ने किया सड़क निर्माण का शिलान्यास

## क्षेत्र में सड़क निर्माण, विद्यालय उन्नयन समेत कई विकास कार्य जारी हैं : विधायक



*सीजीएल की परीक्षा में झारखंड सरकार ने दो दिन इंटरनेट बंद कर दिए, फिर भी लीक हुआ पेपर*

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरकनगांगों में सड़क निर्माण का शिलान्यास विधायक अमित कुमार यादव ने नारियल फोड़ कर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि पूरे विधानसभा में सड़क निर्माण, विद्यालय उन्यन्न कार्य समेत अन्य विकास कार्य की जा रही है।उन्होंने कहा कि बरकनगांगों में ग्रामीणों द्वारा विगत कई वर्षों से यह मांग थी जो आज पुरा हुआ। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बरकनगांगों से गैड़ा भाया शमशान घाट तक पथ निर्माण 4करोड़ 12लाख की लागत से शिव लिंगम कंस्ट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड के संवेदक दिनेश मेहता के द्वारा की जाएगी। साथ ही शिलान्यास के दौरान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड सरकार ने हरा कार्ड बनवाया लेकिन राशन नहीं दिया। सीजीएल का इग्जाम में झारखंड सरकार ने दो दिन इंटरनेट बंद कर दिया। उसके बावजुद हजारीबाग, दुमका से पेपर लीक हो गया। इसलिए इस बार भ्रष्ट सरकार को उखाड़ कर कमल को खिलाना है।वहीं मंच संचालन उमेश पासवान ने किया। इस मौके पर मुखिया बसंती देवी, उप मुखिया दुलारचंद पासवान, मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद यादव, भाजपा नेता इंद्रदेव प्रसाद यादव, सरयू प्रसाद, रत्न पासवान, ध्रुव बर्नवाल, रीतलाल प्रसाद, राजू कुमार पासवान, रतन पासवान, गंगाधर रजक, बद्री पंडित, तुलसी प्रसाद चौधरी नंदलाल पासवान नृपत राणा समेत सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

## मलेशिया में फंसे मजदूर ने सरकार से वापसी की लगाई गुहार



**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी** झारखंड के हजारीबाग,गिरिडीह, बोकारो और धनबाद जिले के मजदूरों का विदेश में फंसने का सिलसिला जारी है.झारखंड के प्रवासी मजदूरों के विदेश में फंसे होने का मामला एक बार फिर मलेशिया से सामने आया है.इस बार झारखंड के 70 प्रवासी मजदूर मलेशिया में फंसे हुए हैं.पिछले चार माह से मजदूरों को कंपनी द्वारा मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है.मजदूरों के सामने खाने-पीने का संकट खड़ा हो गया है.मजदूरों ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर अपनी दुर्दशा बताई है और सरकार से वतन वापसी की गुहार लगाई है.साथ ही उन्होंने बकाया वेतन के भुगतान की मांग भी की है.केंद्र और राज्य सरकार से मदद की अपील की है इधर प्रवासी मजदूरों के हित में काम करने वाले सिकंदर अली ने भारत सरकार और राज्य सरकार से मजदूरों की मदद की अपील की है.उन्होंने कहा कि रोजगार की कमी के कारण झारखंड में हर दिन कहीं न कहीं से ऐसे मामले सामने आ रहे हैं.लोग रोजी-रोटी की तलाश में विदेश जाते हैं,वहां उन्हें प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है. ऐसे में बड़ी मुश्किल से मजदूर अपने वतन लौट पा रहे हैं.सरकार को मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए रोजगार की व्यवस्था करने की जरूरत है.उन्होंने बताया कि झारखंड के 70 मजदूर मलेशिया में फंसे हुए हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा**

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना 28/2024–25

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम | – | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 2 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | – | 04-10-2024 को अप0 12.00 बजे तक। |
| 3 | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | – | 05-10-2024 के अप0 2.30 बजे तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | – | 05-10-2024 के अप0 3.00 बजे से। |
| 5 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | – | (i) अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं–2, राँची का कार्यालय। (ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल सिमडेगा। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | – | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 7 | कार्य विवरणी :– | | |

| Sl. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Cost | Time Of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Guard Shed and Replace of Submersible Pump Sets in Civil Court, Simdega & E/R to Collecteriate Pottico and Others Works, Simdega. | 4,91,100.00 | 10,000.00 | 750.00 | 15 (Fifteen) Days |

निविदा की शर्तें– **WWW.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा

PR 337008 Simdega(24-25)#D


## समाजसेवी सीके पांडेय की पहल पर अनिल सिंह ने रक्तदान कर शिक्षक को मदद की



**हजारीबाग।** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग में एडमिट बरकट्ठा निवासी शिक्षक विजय कुमार को रक्त की कमी थी। रक्त के लिए उन्होंने कई लोगों को मदद करने को कहा लेकिन सभी ने नकार दिया। वो सभी जाने पहचाने लोगों को कॉल करके परेशान हो गए। अंत मे इसकी सूचना उन्होंने समाजसेवी सी के पाण्डेय को दी।उन्होंने तत्काल चेचकपी के सोंढ़ाखाप निवासी युवा अनिल कुमार सिंह से इस निमित सम्पर्क किया तो अनिल ने गिरीडीह से आ कर रक्तदान कर मदद किया। रक्त मिलने पर पीड़ित ने सी के पाण्डेय एवं अनिल सिंह को धन्यवाद किया। विदित हो कि श्री पाण्डेय खुद 53 बार रक्तदान कर चुके हैं एवं सैकड़ो लोगों से रक्तदान करवा कर जरूरतमंद लोगों की जान बचा चुके हैं। सी के पाण्डेय ने युवाओं से कहा की मौका मिले तो रक्तदान जरूर करें। रक्तदान से बहुत फायदे हैं।

जिला खाद्य सुरक्षा टीम ने मटन एवं चिकेन सेंटर का किया निरीक्षण, कहा

## सभी दुकानदार दो दिनों के अंदर खाद्य सुरक्षा का बनाएं लाइसेंस : डीएफएसओ

*सभी दुकानदार पशु चिकत्सा पदाधिकारी से मुर्गे या बकरे की स्वास्थ्य की नियमित जांच कराएं और उसके बाद ही मीट बेचें*




**नवीन मेल संवाददाता। बरही** जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा दल ने बरही के हजारीबाग रोड स्थित विभिन्न मटन सह चिकेन दुकान का निरीक्षण किया. जांच दल में प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमन कुमार, स्थानीय थाना के पदाधिकारी और कंप्यूटर आपरेटर विकास कुमार शर्मा इत्यादि शामिल थे. निरीक्षण के दौरान दुकान में उपलब्ध सुविधाओं और खाद सुरक्षा लाइसेंस की तैयारी की जांच की गई. जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी श्री गुग्गी ने बताया कि सभी दुकानदारों को पशु चिकत्सा पदाधिकारी से मुर्गे या बकरे के स्वास्थ्य की नियमित जांच करने के बाद ही उसके मीट बेचने, बकरे या मुर्गे की कटाई के बाद उसके रक्त या अवशिष्ट पदार्थ जो सुरक्षित रूप से फेंकने, आने जानेवालों का सीधा नजर नहीं पड़े, इसके लिए कटाई वाले क्षेत्र को काला शीशा से बंद करने, पानी की समुचित व्यवस्था रखने के साथ सफाई रखने के निर्देश दिए गए. इसके साथ हीं सभी दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा का प्रमाण पत्र दुकान में लगाने का निर्देश दिया गया. जो खाद्य सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने यह भी बताया कि इस संबंध में सभी को चेतावनी देते हुए सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए है अन्यथा पकड़े जाने पर विधिसम्मत कारवाई की जायेगी।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची**

सं0 संख्या–5/प्रशि0(प्रशि0)–01/2024–1503राँची, दिनांकः–25.09.2024

**महत्वपूर्ण सूचना**

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2024–25–26 में विभिन्न व्यवसायों में नामांकन हेतु 8वीं एवं 10वीं कक्षा में प्राप्तांक आधारित अंतिम मेधा–सूचियों के आधार पर आयोजित की जाने वाली 2nd Online SPOT ROUND काउन्सिलिंग से संबंधित अति महत्वपूर्ण सूचना

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के अन्तर्गत संचालित सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (सरकारी/निजी/PPP/CSR/TSP) में शैक्षणिक सत्र 2024–25–26 में विभिन्न व्यवसायों में नामांकन के लिए 2nd Online SPOT ROUND काउन्सिलिंग हेतु काउन्सिलिंग एवं नामांकन का कार्यक्रम निम्नवत् हैः–

Time Schedule for SPOT 2nd Round of online Counselling & Admission

| Sl. No. | Activity | Date | To |
|---|---|---|---|
| 1. | SPOT Round online Admission (Seat Allotment and Admission) | 25.09.2024 | 30.09.2024 |

2. दिनांक–25.09.2024 से 30.09.2024 तक सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में SPOT 2nd ROUND online Admission लिया जाएगा। SPOT Round online Admission के दौरान संबंधित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के विभिन्न व्यवसायों में रिक्त सीटों पर First Come First Serve Basis पर व्यवसाय/सीट का आवंटन कर नामांकन लिया जाएगा। SPOT Round में Admission Module में निबंधित अभ्यर्थियों का ही औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा नामांकन लिया जाएगा।
3. ऐसे अभ्यर्थी जिनका पूर्व में Portal में निबंधन नहीं हुआ है, वैसे इच्छुक अभ्यर्थी जो नामांकन के लिए सभी अहर्त्ता रखते हैं एवं वांछित दस्तावेज उनके पास उपलब्ध हैं तो उनका On the SPOT online Registration करके संस्थान द्वारा व्यवसाय/सीट का आवंटन एवं नामांकन किया जाएगा।
4. 10वीं पास/8वीं पास वाले अभ्यर्थि जिनका 10वीं /8वीं में समान अंक प्राप्त हुए हैं, ऐसी स्थिति में पोर्टल में पूर्व से निबंधित अभ्यर्थि को प्राथमिकता दी जायेगी।
5. शेष अन्य सूचनाएँ/निर्देश निदेशालय पत्रांक–728, दिनांक–06.05.2024 के अनुसार यथावत् रहेगी।

प्रस्ताव पर निदेशक का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/–
उप निदेशक प्रशिक्षण(मु0)
निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण,
झारखण्ड, राँची

PR 337023 Labour Employment and Traning(24-25)#D

संपादकीय

# गांव हो सशक्त व सभी के सोच में हो बदलाव

हम सभी समानता और समान अवसर की बात करते हैं जो संविधान की मूल अवधारणा है। समाजवाद की परिभाषा के अनुसार, यह एक ऐसी राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था है, जिसमें उत्पादन के साधनों और संपत्ति पर सार्वजनिक स्वामित्व होता है और सरकार द्वारा यह नियंत्रित नहीं किया जाता है। इसका मूल सार यह है कि उत्पादन के साधनों का सार्वजनिक स्वामित्व समाज में समानता लाने में अहम भूमिका निभाता है। दुनिया के अनेक देशों में इसे विकास का सबसे बेहतर सिद्धांत माना जाता है। वैसे, भारत में मिश्रित अर्थव्यवस्था को अपनाया गया है। अर्थात यहां उत्पादन के साधनों का स्वामित्व सरकारी और निजी, दोनों हाथों में है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह पूंजीवाद और समाजवादी सिद्धांतों का मिश्रण है। समाजवादी सिद्धांत के अनुरूप डॉ. लोहिया समावेशी विकास के समर्थक थे। वह देश के विकास में सभी लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करना चाहते थे। यह तभी मुमकिन था, जब देश के सभी लोग आत्मनिर्भर हों, यानी कोई रोजगार करें या स्वरोजगार। व्यक्तिगत स्वतंत्रता और लोकतंत्र के भी वे पैरोकार थे अर्थात सभी लोग व्यक्तिगत तौर पर स्वतंत्र हों, अपने अधिकारों का इस्तेमाल करें, लेकिन साथ में कुछ निश्चित जिम्मेदारियों का भी निर्वहन करें, क्योंकि तभी हमारा समाज और देश विकास के पथ पर आगे बढ़ सकता है।ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के तौर-तरीकों के बारे में महात्मा गांधी और डॉ. लोहिया की विचारधारा में समानता थी। डॉ. लोहिया के अनुसार, देश की ग्रामीण आबादी को सबल बनाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर व लघु उद्योगों की स्थापना करना आवश्यक है। डॉ. लोहिया का मानना था कि देश में पूंजी और तकनीकी कौशल की कमी है। इसलिए यूरोप या रूस की विकासात्मक रणनीति को अपनाकर भारत में विकास की गति को तेज नहीं किया जा सकता है। वे चाहते थे कि देश में गांधी जी के कुटीर उद्योग और नेहरू के भारी उद्योग के नजरिये के बीच का रास्ता अपनाया जाए, ताकि देश में समावेशी विकास को बल मिल सके। उनके अनुसार, कृषि और औद्योगिक विकास की गति में समानता हो, ताकि किसानों व ग्रामीणों को भी विकास की राह पर आगे लेकर बढ़ा जा सके। डॉ. लोहिया चाहते थे कि रेल, इस्पात आदि भारी उद्योग केंद्र सरकार की देखरेख में चलें, लेकिन कृषि आधारित उद्योगों का स्वामित्व एवं प्रबंधन जिलों, तहसील और गांवों पर छोड़ दिया जाए। वह युवाओं और महिलाओं को विशेष तरजीह देते थे। उनका मानना था कि युवा देश के कर्णधार हैं, क्योंकि वे एक लंबे समय तक देश के विकास में सहभागी बने रहते हैं। इसलिए उन्हें कौशलयुक्त बनाने की जरूरत है, ताकि वे बेरोजगार नहीं रहें और देश में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने में सतत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहें। डॉ. लोहिया लिंग के आधार पर भेदभाव करने के सख्त खिलाफ थे। उनके अनुसार, शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं को पुरुषों के बराबर का स्थान देकर लैंगिक भेदभाव की समस्या को जड़ से खात्मा किया जा सकता है। वह महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाना चाहते थे। डॉ. लोहिया जानते थे कि भारत जैसे बड़े देश में वंचित तबकों की उपेक्षा नहीं की जा सकती है।

> दुनिया के अनेक देशों में इसे विकास का सबसे बेहतर सिद्धांत माना जाता है। वैसे, भारत में मिश्रित अर्थव्यवस्था को अपनाया गया है। अर्थात यहां उत्पादन के साधनों का स्वामित्व सरकारी और निजी, दोनों हाथों में है।

# पर्यावरण को स्वस्थ बनाकर ही मनुष्य का स्वास्थ्य संभव



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

हर साल दुनियाभर में 26 सितंबर को विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य है, पर्यावरणीय स्वास्थ्य का मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में जागरूकता पैदा करना। हम सभी जानते हैं कि स्वस्थ रहने के लिए पर्यावरण को बचाना कितना जरूरी है। जिस जगह हम रहते हैं, वहां पर्यावरण से जुड़ी हर चीज की देखभाल करना हर व्यक्ति का फर्ज होना चाहिए। हर बीमारी का उपचार प्रकृति एवं पर्यावरण में है। इस दिवस की 2024 की थीम है पर्यावरण स्वास्थ्य, आपदा जोखिम न्यूनीकरण और जलवायु परिवर्तन शमन और अनुकूलन के माध्यम से लचीले समुदायों का निर्माण। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, औद्योगीकरण, शहरीकरण, वैश्वीकरण और प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के लिये गंभीर खतरा है। मनुष्य को घेर रही तरह-तरह की बीमारियों का सबसे बड़ा कारण प्रकृति के प्रति लापरवाही एवं उपेक्षा है। ग्लोबल वार्मिंग, वनों की कटाई, नदियों में गंदगी फैलाना, पशुओं को हानि पहुंचाना आदि पर्यावरणीय स्वास्थ्य के नुकसान पहुंचाने के कई कारण हैं। अनियोजित औद्योगीकरण, बढ़ता प्रदूषण, घटते रेगिस्तान एवं ग्लेशियर, नदियों के जलस्तर में गिरावट, पर्यावरण विनाश, प्रकृति के शोषण और इनके दुरुपयोग के प्रति असंवेदनशीलता पूरे विश्व को एक बड़े संकट की ओर ले जा रही है। इन संकटों के बीच प्राकृतिक पर्यावरण, वायु, जल, भोजन, आवास और समुदायों की गुणवत्ता में सुधार को बढ़ावा देने के लिये इस दिवस की विशेष प्रासंगिकता है।

26 सितंबर, 2011 को इंडोनेशिया में आयोजित शिखर सम्मेलन में इस दिन की स्थापना हुई थी। यह दिवस लोगों को पर्यावरण के कई पहलुओं के बारे में शिक्षित करने का एक साधन है जो किसी न किसी तरह से स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल सकते हैं जैसे कि हवा और पानी की गुणवत्ता, ठोस अपशिष्ट निपटान, और खतरनाक पदार्थों का प्रभाव। यह दिवस मनुष्य स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण भूमिका को बढ़ावा देने और सभी निवासियों के जीवन के लिए आवश्यक पर्यावरण की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए पर्याप्त साधनों की खोज से जुड़ा है। हानिकारक पर्यावरणीय कारक श्वसन पथ के संक्रमण या जलजनित रोगों सहित विभिन्न गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाती हैं। जलवायु परिवर्तन शमन और अनुकूलन पर्यावरणीय स्वास्थ्य के लिये मुख्य रूप से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को समाप्त करने, नवीकरणीय ऊर्जा, कुशल स्वास्थ्यवर्द्धक ऊर्जा उपयोग और वनीकरण पर आधारित हैं। शमन का अर्थ है लोगों के व्यवहार को बदलना और सूखे का सामना करने वाली फसलों को विकसित करना और सिंचाई प्रणालियों में सुधार जैसे कठोर और नरम उपायों के माध्यम से उपयुक्त जलवायु के लिए पर्यावरण में आवश्यक संशोधन करना।

विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस



विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस इस बात की याद दिलाता है कि पर्यावरण संरक्षण केवल प्राकृतिक दुनिया का संरक्षण नहीं है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य और भविष्य की सुरक्षा है। इसलिए, जब लोग समुदायों में एक साथ मिलकर काम करते हैं, तो पर्यावरण के कारण होने वाली आपदाओं के बावजूद उन्हें स्वस्थ जीवन जीने में सक्षम बनाने के लिए अच्छे उपायों को अपनाना आसान हो जाता है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि इस दिन हम रुकें और इस बात पर विचार करें कि हम पर्यावरणीय स्वास्थ्य को कैसे बेहतर बना सकते हैं और पर्यावरणीय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए और अधिक प्रयास कर सकते हैं। ऐसा करने के लिए हमें पर्यावरणीय स्वास्थ्य को सभी के लिए बेहतर और स्वस्थ भविष्य के मार्ग के रूप में अपनाने की आवश्यकता है। यह दिन विशेष रूप से आधुनिक वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने और उन प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है जो दुनिया को लोगों और पर्यावरण दोनों के लिए एक बेहतर स्थान बनाने में मदद कर सकते हैं। इस दिन को सेमिनार, कार्यशाला, मीटिंग आदि जैसी विभिन्न गतिविधियों द्वारा चिह्नित किया जाता है। यह लोगों, संगठनों और सरकारों को एक साथ आने और समुदाय के बेहतर और अधिक टिकाऊ रूपों को बनाने के लिए रणनीतियों पर विचार करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। यह दिन पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को एक दूसरे से निकटता से जुड़ा हुआ मानता है। यह उल्लेखनीय है कि प्रतिकूल पर्यावरणीय परिस्थितियाँ कई बीमारियों का मूल कारण हैं, उदाहरण के लिए, श्वसन रोग, जलजनित रोग और पुरानी बीमारियाँ। विशेषतः वायु प्रदूषण जानलेवा होता जा रहा है, जीवन की औसत आयु को कम कर रहा है। दरअसल, हमारे नीति-नियंता प्रदूषण कम करने के लिये नागरिकों को जागरूक करने में भी विफल रहे हैं। हमारी सुख-सुविधा की ललक ने भी वायु प्रदूषण बढ़ाया है। अब चाहे गाहे-बगाहे होने वाली आतिशबाजी हो, प्रतिबंध के बावजूद पराली जलाना हो, या फिर सार्वजनिक परिवहन सेवा से परहेज हो, तमाम कारण प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। कल्पना कीजिए बच्चों और दमा, एलर्जी व अन्य सांस के रोगों से जूझने वाले लोगों पर इस प्रदूषण का कितना घातक असर होगा? यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो की हालिया रिपोर्ट फिक्र बढ़ाती है जिसमें कहा गया कि वायु प्रदूषण के चलते भारत में जीवन प्रत्याशा में गिरावट आ रही है। दुनिया की आबादी आठ अरब से अधिक हो चुकी है। इसमें से लगभग आधे लोगों को साल में कम से कम एक महीने पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ता है। जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पानी के संरक्षण और समुचित उपलब्धता को सुनिश्चित कर हम पर्यावरण को भी बेहतर कर सकते हैं तथा जलवायु परिवर्तन की समस्या का भी समाधान निकाल सकते हैं। पैकेट और बोतल बन्द पानी आज विकास के प्रतीकचिह्न बनते जा रहे हैं और अपने संसाधनों के प्रति हमारी लापरवाही अपनी मूलभूत आवश्यकता को बाजारवाद के हवाले कर देने की राह आसान कर रही है। विशेषज्ञों ने जल को उन प्रमुख संसाधनों में शामिल किया है, जिन्हें भविष्य में प्रबंधित करना सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। सदियों से निर्मल जल का स्त्रोत बनी रहीं नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, जल संचयन तंत्र बिगड़ रहा है, और भू-जल स्तर लगातार घट रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी तीसरी पारी में अब प्रकृति- पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण-मुक्ति के साथ बढ़ते रेगिस्तान को रोकने के लिये सक्रिय हैं। बंजर जमीन को उपजाऊ बनाने एवं पर्यावरण की रक्षा को लेकर प्रधानमंत्री का संकल्प एक शुभ संकेत है, नये भारत के अभ्युदय का प्रतीक है। सरकार की नीतियों में जल, जंगल, जमीन एवं जीवन की उन्नत संभावनाएं और भी प्रखर रूप में झलक रही है। मनुष्य का लोभ एवं संवेदनहीनता भी त्रासदी की हद तक बढ़ी है, जो वन्यजीवों, पक्षियों, प्रकृति एवं पर्यावरण के असंतुलन एवं विनाश का बड़ा सबब बना है। मनुष्य के कार्य-व्यवहार से ऐसा मालूम होने लगा है, जैसे इस धरती पर जितना अधिकार उसका है, उतना किसी ओर का नहीं- न वृक्षों का, न पशुओं का, न पक्षियों का, न नदियों-पहाड़ों-तालाबों का। ये स्थितियां मनुष्य एवं पर्यावरण स्वास्थ्य को चौपट कर रही है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को कहना पड़ा कि हमारी पृथ्वी एक तरह से जलवायु अराजकता की तरफ बढ़ रही है। उन्होंने यह चेतावनी भी दी कि इंसानी सभ्यता के सामने अब सिर्फ 'सहयोग करने या खत्म हो जाने' का विकल्प बचा है। विश्व के पर्यावरण पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है, उससे मुक्ति के लिये जागना होगा, संवेदनशील होना होगा। विश्व के शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को सहयोग के लिये कमर कसनी होगी तभी हम विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस को सार्थक सकेंगे। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

आपकी बात

## बच्चों की डिजिटल लाइफ पर नजर जरूरी



प्रियंका सौरभ

आज के बच्चे डिजिटल परिदृश्य में बड़े हो रहे हैं। स्मार्टफोन से लेकर टैबलेट, लैपटॉप और गेमिंग कंसोल तक उनकी मुट्ठी में हैं। इंटरनेट उनके जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। यह सच है कि ऑनलाइन दुनिया अंतहीन शैक्षिक और मनोरंजन के अवसर प्रदान करती है। डिजिटल क्षेत्र में बच्चों की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए साइबर सुरक्षा सर्वोपरि है। डिजिटल युग में बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा प्रदान करना तथा सूचना तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण चुनौती है। इंटरनेट के उपयोग में वृद्धि के साथ बच्चों को सीखने के अवसर और साइबरबुलिंग, शोषण और आपत्तिजनक सामग्री जैसे जोखिम दोनों का सामना करना पड़ता है। ऑनलाइन सुरक्षा को संतुलित करने के लिए कानूनी ढांचे, माता-पिता के मार्गदर्शन और प्रौद्योगिकी समाधानों को सम्मिलित करते हुए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। अनेक माता-पिता और बच्चों में पर्याप्त डिजिटल साक्षरता का अभाव होता है। इससे सुरक्षित ऑनलाइन मार्गदर्शन प्रदान करना और संभावित जोखिमों को समझना मुश्किल हो जाता है। देश में केवल 40 फीसद व्यक्ति बुनियादी डिजिटल कार्य करने में सक्षम हैं, इससे बच्चों को ऑनलाइन खतरों से बचाने के प्रयास जटिल हो जाते हैं। बच्चे अकसर परिवार के सदस्यों के साथ डिवाइस का साझा उपयोग करते हैं, जिससे उनकी ऑनलाइन गतिविधियों की निगरानी और उन्हें विनियमन करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। कई ग्रामीण घरों में, साझा फोन के उपयोग से बच्चों द्वारा व्यक्तिगत रूप से उपयोग की गई गतिविधियों को ट्रैक करना असंभव हो जाता है, जिससे उन्हें साइबरबुलिंग जैसे जोखिमों का सामना करना पड़ता है। कई प्लेटफार्मों पर मजबूत फिल्टरिंग तंत्र की कमी के कारण बच्चे अकसर ऑनलाइन अनुचित सामग्री के संपर्क में आते हैं। यू -ट्यूब जैसे प्लेटफार्म के माध्यम से बच्चों द्वारा एडल्ट कंटेंट तक पहुंचने की रिपोर्ट ने मजबूत सुरक्षा जरूरतों की आवश्यकता पर बल दिया है। साइबरबुलिंग और ऑनलाइन शोषण में वृद्धि बच्चों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए महत्त्वपूर्ण जोखिम उत्पन्न करती है। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में तीन में से एक बच्चे ने साइबरबुलिंग का सामना किया है, जिसके उनके स्वास्थ्य पर गंभीर परिणाम देखे गए हैं। सरकारों को माता-पिता और बच्चों दोनों के लिए डिजिटल साक्षरता में सुधार को प्राथमिकता देनी चाहिए ताकि उन्हें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रूप से नेविगेट करने में मदद मिल सके। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

समाज की बात

# गरीबों के 'ईश्वर', विद्या के सागर



योगेश कुमार गोयल

बंगाल पुनर्जागरण के प्रमुख स्तंभ तथा नारी शिक्षा के प्रबल समर्थक ईश्वर चंद्र विद्यासागर को समाज सुधारक, दार्शनिक, शिक्षाविद्, स्वतंत्रता सेनानी, लेखक इत्यादि अनेक रूपों के स्मरण किया जाता रहा है, जिनकी आज हम जयंती मना रहे हैं। ईश्वर चंद्र विद्यासागर का जन्म 26 सितंबर, 1820 को पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जिले में धार्मिक प्रवृत्ति के एक निर्धन ब्राह्मण परिवार में हुआ था और उनका बचपन का नाम ईश्वर चंद्र बंदोपाध्याय था। ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने न केवल नारी शिक्षा के लिए व्यापक जनान्दोलन खड़ा किया बल्कि उन्हीं के अनथक प्रयासों तथा दृढ़संकल्प के चलते ब्रिटिश शासनकाल में अंग्रेज वर्ष 1856 में विधवा पुनर्विवाह कानून पारित करने को विवश हुए थे। उसी के बाद भारतीय समाज में विधवाओं को नए सिरे से जीवन की शुरूआत कर ससम्मान जीने का अधिकार मिला। उनके अथक प्रयासों से ही कोलकाता सहित पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर कई बालिका विद्यालयों की स्थापना हुई और उन्होंने कलकत्ता में मेट्रोपोलिटन कॉलेज की स्थापना भी की। 'अपना काम स्वयं करो' सिद्धांत के प्रवर्तक ईश्वर चंद्र विद्यासागर नारी शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। अपने क्रियाकलापों से उन्होंने लोगों को हमेशा स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की सीख दी। अपने समाज सुधार अभियान के तहत उन्होंने स्थानीय बांग्ला भाषा तथा लड़कियों की शिक्षा के लिए स्कूलों की एक श्रृंखला के साथ कोलकाता में मेट्रोपोलिटन कॉलेज की स्थापना भी की थी। नारी शिक्षा के लिए गंभीर प्रयास करते हुए उन्होंने कुल 35 स्कूल खुलवाए, जिनके संचालन के लिए पूरे खर्च की जिम्मेदारी उन्होंने स्वयं अपने कंधों पर ली। स्कूलों के खर्च के लिए वह विशेष रूप से स्कूली बच्चों के लिए बंगाली में लिखी गई किताबों की बिक्री से फंड जुटाते थे। समाज सुधार कार्यों की बदौलत उन्हें जीवन पर्यन्त गरीबों और दलितों का संरक्षक माना जाता रहा। अपने इसी प्रकार के समाज की भलाई के लिए किए जाने वाले कार्यों के चलते ही उन्हें एक समाज सुधारक के रूप में जाना जाने लगा था। सदैव समाज की भलाई के लिए ही सोचने और समाज के लिए कुछ न कुछ नया करते रहने के कारण ही नैतिक मूल्यों के संरक्षक विद्यासागर को महान समाज सुधारक के रूप में राजा राममोहन राय का उत्तराधिकारी भी माना जाता है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

जयंती विशेष






बोधि वृक्ष

मानव जाति की अणुबम के प्रति चिंता का एक अप्रत्यक्ष लाभ योग विज्ञान में उसकी व्यावहारिक रुचि की वृद्धि के रूप में हो सकता है, जो वास्तव में, एक 'बम-अभेद्य शरण' है।


# अनिश्चित संसार में सुरक्षा



श्री श्री परमहंस योगानंद

मानव का मन गम्भीर और उदार होता जाएगा। मानवी मन अपने भीतर पत्थरों एवं धातुओं में निहित ऊर्जा से कहीं अधिक महान ऊर्जाओं को उन्मुक्त कर सकता है और उसे यह करना भी चाहिए, अन्यथा अभी-अभी मुक्त हुआ भौतिक आण्विक दानव, पलट कर संसार पर विवेकहीन विनाश के लिए झपट पड़ेगा। मानव जाति की अणुबम के प्रति चिन्ता का एक अप्रत्यक्ष लाभ योग विज्ञान में उसकी व्यावहारिक रुचि की वृद्धि के रूप में हो सकता है, जो वास्तव में, एक 'बम-अभेद्य शरण' है। संसार में सदा उथल-पुथल एवं परेशानी रहेगी। आप किस बात से चिन्तित हैं? ईश्वर की शरण में जाएँ, जहाँ गुरुजन गए हैं, और जहाँ से वे संसार को देख रहे हैं और उसकी सहायता कर रहे हैं। वहाँ आपको सदा के लिए सुरक्षा मिलेगी, न केवल अपने लिए, अपितु उन सभी प्रियजनों के लिए भी जिनको प्रभु एवं परमपिता ने आपकी देखरेख में सौंपा है। सच्ची प्रसन्नता, स्थायी प्रसन्नता, केवल ईश्वर में ही है, जिन्हें प्राप्त करने से बड़ा और कोई लाभ नहीं है। उनमें ही केवल एक मात्र सुरक्षा, केवल एक मात्र आश्रय, हमारे सभी भयों से एकमात्र बचाव है। संसार में आपके पास कोई अन्य सुरक्षा, कोई अन्य मुक्ति नहीं है। ईश्वर में ही एकमात्र सच्ची मुक्ति है। इसलिए प्रातः और सायं ध्यान में और साथ ही अपने दिन के सभी कार्यों एवं कर्त्तव्यों को करते हुए भी उनसे सम्पर्क करने का गहनता से प्रयास करें। **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से




X से




## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

## आज का दोहा

**अदल बदल कर आप तब, करते थे कुछ जाप।**
**वादा था बदलाव का, बदल गये खुद आप।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

देश की बात

# आआपा में आतिशी पारी, कहीं विस चुनाव में पड़े न भारी



योगेश कुमार सोनी
लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

दिल्ली सरकार के आबकारी नीति घोटाले पर दुनिया-जहान के अखबारों में सुर्खियां बने आम आदमी पार्टी (आआपा) के संरक्षक अरविंद केजरीवाल ने तिहाड़ जेल से जमानत पर बाहर आने के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देते हुए आतिशी को कमान दे दी। राजनीतिज्ञ व विशेषज्ञ इसे तकनीकी रूप से सियासी दांव मान रहे है। एक वर्ग का मानना यह है कि मौजूदा स्थिति में केजरीवाल के पास मुख्यमंत्री रहते हुए भी सत्ता नहीं थी चूंकि कोर्ट ने उन्हें सशर्त जमानत दी है। इन शर्तों की वजह से वह अपनी शक्तियों का प्रयोग नहीं सकते थे। वह बिना एलजी की सहमति के बिना मुख्यमंत्री कार्यालय या दिल्ली सचिवालय नहीं जा सकते थे। एलजी के बिना सहमति के किसी सरकारी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते थे। इसके अलावा पब्लिक मंच से इस मामले में बयान नहीं दे सकते व साथ ही वह इस केस से संबंधित किसी गवाह से न संपर्क करेंगे न ही कोई बात करेंगे। आतिशी को मुख्यमंत्री बनाने का आआपा के अंदर नकारात्मक व सकारात्मक दोनों तरह का माहौल बना गया। नकारात्मकता की स्थिति इसलिए ज्यादा मानी जा रही है कि पार्टी में आतिशी से पुराने व बड़े कद के नेता भी हैं जिनको मुख्यमंत्री बनाया जा सकता था जैसे कि संजय सिंह, गोपाल राय, सोमनाथ भारती आदि। दरअसल पार्टी के जो नेता केजरीवाल के साथ के हैं या यूं कहें कि जो आंदोलन के समय से लेकर अब तक साथ हैं व उनकी वरिष्ठता आतिशी से कहीं बड़ी है। वह मन ही मन तो बहुत दुखी होंगे। बहुत सारे ऐसे नेता भी हैं जो आतिशी से ज्यादा प्रभावशाली भी हैं। राजनीति में महत्वकांक्षा का बड़ा महत्व है। हर नेता कुर्सी के पीछे डोलता है। आतिशी के मुख्यमंत्री बनने से ऐसे नेताओं के हाथों से तोते उड़ गए हैं। उनका आआपा के प्रथम पंक्ति के नेताओं से मोहभंग हो गया है। आआपा में कभी भी कुर्सी का कलह ज्वालामुखी बनकर फूट सकता है। एक सवाल यह भी है कि आखिर बड़े नेता आतिशी को अपना बॉस क्यों माने? क्या मात्र केजरीवाल के कहने से वह यह बात समझ जाएंगे। आआपा का शीर्ष नेतृत्व ऐसे लोगों को यह संदेश देने का प्रयास कर रहा है कि वह पार्टी के किसी भी स्तर के नेता को इतना बड़ा मौका दे सकते हैं, जिससे पार्टी के अधिकतर कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ सकता है। लेकिन एक वर्ग का यह भी मानना है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में केवल चार-पांच महीने ही रह गए हैं, ऐसे समय में आतिशी को मुख्यमंत्री बनाने का मुद्दा फायदेमंद हो सकता है। वैसे इसे जमकर भुनाने की योजना तैयार की जा रही है। एक महिला को मुख्यमंत्री बनाने पर भी महिलाओं कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने का कार्ड भी खेलने की तैयारी है। सवाल व समीकरण कई तरह के हैं। सोशल मीडिया के इस दौर में कोई भी बात कही हुई सोशल मीडिया एक्सपर्ट भूलने नहीं देते। मात्र मुख्यमंत्री बदलने से क्या पार्टी की छवि बदलेगी, ऐसा मुश्किल है। वफादार तो अब भी यही कहते हैं कि आम आदमी पार्टी का भरोसा अभी भी केजरीवाल पर ही है। मगर इस्तीफा देकर पटकथा में नायक बनने की कोशिश को दिल्ली के लोग कुबूल नहीं कर पा रहे। बहरहाल, आतिशी पर अब बड़ी जिम्मेदारी आई गई है। उनके पास सबसे ज्यादा विभाग हैं। विधानसभा चुनाव में अब ज्यादा समय नहीं है और केजरीवाल पर संकट अभी भी बरकरार है। सवाल कई हैं...। क्या केजरीवाल पहले की तरह ऊजार्वान होकर चुनाव लड़ पाएंगे और यदि इस बीच दोबारा जेल चले गए तो किसके चेहरे पर चुनाव होगा? केजरीवाल ने अब आतिशी को कमान दी है तो अब उन्हें रणनीति के साथ पार्टी की छवि को सुधारते हुए काम करना होगा। मुख्यमंत्री जैसे पद की जिम्मेदारी बेहद गंभीर व बड़ी मानी जाती है। योग्यता व अपनी आक्रामक शैली का फायदा उठाते हुए आतिशी को पार्टी को सजाना होगा व साथ ही सबको साथ लेकर कार्य करने होंगे। चुनाव में समय कम है और जिम्मेदारी ज्यादा। यदि इस बार कांग्रेस व आप का गठबंधन नहीं हुआ तो त्रिकोणीय मुकाबले को लेकर चुनाव बेहद चुनौतीपूर्ण होंगे। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 54 प्रतिशत मतदान



**जम्मू।** दूसरे चरण में बुधवार को जम्मू-कश्मीर के छह जिलों की 26 सीटों पर मतदान हुआ। शाम 5 बजे तक 54.11 प्रतिशत मतदान हुए यह पिछले चुनाव की तुलना में लगभग 8 प्रतिशत कम हैं। हालांकि अभी अंतिम आंकड़े आने बाकी है। अधिकारियों ने बताया कि मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ। दूसरे चरण में 26 सीटों पर 25.78 लाख मतदाता 239 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। कश्मीर के श्रीनगर जिले के निर्वाचन क्षेत्र हजरतबल, खानयार, हब्बाकदल, लाल चौक, चन्नापोरा, जदीबल, सेंट्रल शाल्टेंग और ईदगाह में मतदान हो रहे हैं। बडगाम जिले के खंड बडगाम, बीरवाह, खानसाहिब, चरार-ए-शरीफ और चादूरा में वोटिंग चल रही है। इसके अलावा गांदरबल जिले के दो निर्वाचन क्षेत्रों कंगन और गांदरबल में भी मतदान हो रहे हैं।

## पंडित जसराज की पत्नी मधुरा जसराज का निधन



**मुंबई ।** भारत के प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पंडित जसराज की पत्नी मधुरा जसराज का निधन हो गया है। मधुरा की बेटी दुर्गा ने अपनी मां की मौत की दुखद खबर मीडिया को बताई है। 86 साल की उम्र में मधुरा पिछले कई महीनों से शारीरिक बीमारियों से जूझ रही थीं। मधुरा और पंडित जसराज की पहली मुलाकात 6 मार्च, 1954 को हुई थी। 1954 में मधुरा के पिता और महान निर्देशक वी. शांताराम फिल्म 'जनक जनक पायल बाजे' का निर्माण कर रहे थे। इसी दौरान जसराज और मधुरा की जान-पहचान हुई और बाद में उन्होंने 1962 में शादी कर ली। पंडित जसराज का 2020 में 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

# 96 लाख एमएसएमई वाले देश का सबसे बड़ा राज्य है यूपी : सीएम योगी

- **05** ट्रिलियन इकोनॉमी के देश के सपने में एक ट्रिलियन यूपी का योगदान
- **06** एक्सप्रेसवे पर काम जारी, 11 एयरपोर्ट कार्यरत हैं, 10 पर हो रहा काम
- **40** लाख प्रवासी कामगारों को कोरोना काल में रोजगार उपलब्ध कराया

### बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जाना जा रहा प्रदेश




यूपी के उद्यमियों को अपने आप को दुनिया के सामने वैश्विक मंच पर लाभ मिलेगा। प्रदेश बेहतरीन इंफ्रा के लिए जाना जा रहा है। हम छह एक्सप्रेसवे पर काम कर रहे हैं। 11 एयरपोर्ट कार्यरत हैं, 10 पर काम कर रहे हैं, चार क्रिया शील हैं। देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट जेवर में बन रहा है। इसे साल के अंत तक बनाने का लक्ष्य रखा गया है। देश का सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे भी महाकुंभ से पहले शुरू हो जाएगा। हमारे यहां सड़क और रेल का नेटवर्क मौजूद है। कानून व्यवस्था के साथ ही स्किल मैन पावर यहां मौजूद है। 2 करोड़ युवा को तकनीकी स्किल दी जा रही है।

**एजेंसी। ग्रेटर नोएडा**

उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में बुधवार से यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का शुभारंभ हो गया। इसके उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी समेत उत्तर प्रदेश सरकार के कई मंत्री मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी देश की सबसे बड़ी आबादी का राज्य तो है ही एमएसएमई की सर्वाधिक यूनिट रखने वाला राज्य भी है। 96 लाख एमएसएमई यूनिट 75 जिलों में हैं। उप्र में कृषि के बाद सबसे ज्यादा रोजगार एमएसएमई दे रहा है। 2017 के पहले यह मृतप्राय था। जिसका लंबा इतिहास रहा, जो आजादी के बाद टेक्नोलॉजी नहीं मिलने, उचित प्रोत्साहन नहीं मिलने पर बंदी की कगार पर पहुंच गए। 2017 में जब हमारी सरकार आई, तब आत्मनिर्भर भारत के तहत कार्यक्रमों को बढ़ाया। हम 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडेक्ट' लेकर आए। उसकी ब्रांडिंग के लिए डिजाइनिंग-पैकेजिंग टेक्नोलॉजी दी। उन्होंने कहा कि उप्र, देश-दुनिया कोरोना महामारी से जूझ रही थी। उस समय उप्र में श्रमिक काम कर रहे थे। मैं निश्चिंत था। 40 लाख कामगार जो उप्र में आए थे, यूपी में आते ही उनकी स्किल मैपिंग कराई। एक-एक जनपद में स्किल के अनुसार काम दिया। परिणाम था कि कहीं अव्यवस्था नहीं फैली। यही कारण है भारत की 5 ट्रिलियन इकोनॉमी के सपने में 1 ट्रिलियन यूपी का योगदान है। यूपी ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा है। उप्र में देश का सबसे बड़ा एमएसएमई बेस है। अनेक कार्यक्रम भारत सरकार के साथ मिलकर किए हैं। जो भी यूनिट हैं, मात्र रजिस्ट्रेशन पर किसी आपदा का शिकार होती है तो तत्काल 5 लाख का बीमा देते हैं। तेजी के साथ उप्र में बढ़ा है।

# हमारी सरकार बनते ही जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाएंगे : राहुल गांधी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को जम्मू में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। इसके साथ ही उन्होंने एक बार फिर जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाने की मांग दोहराई। राहुल गांधी ने कहा कि अगर भाजपा जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के बाद राज्य का दर्जा वापस नहीं करेगी, तो इंडिया गठबंधन संसद में इस मुद्दे को उठाएगी और सड़क पर भी उतरेगी। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर को दूसरे राज्यों के लोग चला रहे हैं। अगर भाजपा नहीं मानी, तो जैसे ही इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, हम सबसे पहले जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने का काम करेंगे। ये आपका भविष्य है। इसके बिना आप लोग आगे नहीं बढ़ सकते हैं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, हिंदुस्तान के इतिहास में 1947 के बाद बहुत सारे केंद्रशासित प्रदेश को राज्य बनाया गया। आंध्र प्रदेश से तेलंगाना, बिहार से झारखंड, मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ बना। लेकिन, पहली बार आजादी के बाद एक प्रदेश को केंद्र शासित प्रदेश में बदला गया है। वो जम्मू-कश्मीर के साथ हुआ है। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आपके साथ अन्याय हुआ है।

### राहुल गांधी के साथ चुनाव प्रचार में उतरेंगी कुमारी सैलजा



चंडीगढ़। हरियाणा में चुनाव प्रचार के लिए राहुल गांधी गुरुवार को हरियाणा दौरे पर आ रहे हैं। वह करनाल के असंध तथा हिसार के बरवाला में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। चुनाव प्रचार से 12 दिनों तक दूर रहने वाली सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा भी उनके साथ मंच पर दिखाई देंगी। सैलजा ने यह फैसला मंगलवार की रात कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात के बाद लिया है। सैलजा के कार्यालय की तरफ से बुधवार को उनका कार्यक्रम जारी किया गया है। कुमारी सैलजा ने 13 सितंबर को अंतिम बार सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लिया था।

## केंद्रीय मंत्री शेखावत का दावा- जम्मू कश्मीर में भाजपा की बनेगी सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्रीयमंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव को लेकर लोगों में उत्साह है। पहले चरण के चुनाव में मतदान प्रतिशत 60 से अधिक होना इसका सबसे बड़ा प्रमाण है । एक समय था जब आतंकवादियों के खतरों के कारण मतदान प्रतिशत एकल अंक में था। अब लोग बिना डरे हुए मतदान कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में भाजपा की सरकार बननी तय है। आज पंडित दीनदयान उपाध्याय की जयंती के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में शेखावत ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग भाजपा और केंद्र के साथ खड़े हैं।

## मध्य प्रदेश के 28वें मुख्य न्यायाधीश बने न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत



**भोपाल।** दिल्ली उच्च न्यायालय के वरिष्ठ जज न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के 28वें मुख्य न्यायाधीश बन गए हैं। बुधवार को भोपाल स्थित राजभवन के सांदीपनि सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा, मुख्य सचिव वीरा राणा सहित कई नेता और अधिकारी इस मौके पर मौजूद रहे। राज्यपाल पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवनियुक्त मुख्य न्यायाधिपति को शपथ ग्रहण के बाद पुष्प-गुच्छ भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने जयंती पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय को नमन किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय को आज उनकी जयंती पर नमन किया। प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर एक वीडियो अपलोड कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन प्रसंगों की चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स हैंडल पर लिखा, ''महान राष्ट्रवादी विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।



## भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी मोक्ष भूमि 'गया' पहुंचे, पिंडदान किया

**एजेंसी। गया**

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी बुधवार को मोक्ष और ज्ञान की भूमि गया में पिंडदान करने के लिए पहुंचे। उन्होंने अपने पूर्वजों के मोक्ष दिलाने को लेकर गयाजी स्थित विष्णुपद परिसर में कर्मकांड किया। सुधांशु त्रिवेदी ने विष्णुपद मंदिर के गर्भगृह में श्री हरि के चरण पर पिंड अर्पित करते पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति की कामना की। उन्होंने कहा कि गयाजी में पिंडदान करने के बाद अलग तरीके से संतुष्टि और शांति मिलती है। विष्णुपद मंदिर के हनुमान मंदिर परिसर में उन्होंने अपने पूर्वजों की मोक्ष की कामना के लिए कर्मकांड किया, साथ ही फल्गु नदी में तर्पण भी किया। उनका पिंडदान उनके पुरोहित दामोदर लाल पांडा जी के द्वारा संपन्न कराया गया। वे पहली बार गया आए हैं। उन्होंने देवघाट फल्गु नदी और अक्षयवट में जाकर पिंडदान किया, वहीं इस मौके पर विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शंभू लाल विट्ठल ने उन्हें विष्णुपद मंदिर के गर्भगृह में पूजा अर्चना भी कराई। विट्ठल ने उन्हें शॉल, विष्णु चरण का प्रतीक चिन्ह और प्रसाद देकर सम्मानित किया। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि गया जी गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है, जहां हम मदर्स डे, फादर्स डे नहीं बल्कि अपने समस्त पूर्वजों के मोक्ष की कामना करते हैं। यही नहीं यहां मित्र और प्रकृति के समस्त जीव जंतुओं जिनसे आपका जीवन में संबंध रहा है उनका भी पिंडदान किया जाता है। यह समागम, धर्म के गौरव का प्रतीक है। गया जी इस गौरवशाली परंपरा का प्रमाण है। बिहार के गया की पहचान मोक्ष स्थली के रूप में होती है। मान्यता है कि यहां अपने पुरखों को पिंडदान करने से उन्हे जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्ति मिल जाती है और उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसी आस्था के कारण पितृ पक्ष में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पिंडदान के लिए यहां पहुंचते हैं और पूर्वजों की मोक्ष प्राप्ति की कामना से पिंडदान करते हैं। इस वर्ष पितृपक्ष की शुरूआत 17 सितंबर से हुई है और यह दो अक्टूबर तक चलेगा। इस पितृपक्ष में लाखों श्रद्धालु पिंडदान के लिए गया पहुंचे हैं।

# मंदिरों का प्रबंधन धर्माचार्यों के हाथ में होना चाहिए : स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

**एजेंसी। गंगटोक**



जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा है कि मंदिरों का प्रबंधन धमार्चार्यों के हाथ में होना चाहिए और सरकारों को इसमें हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। सिक्किम की दो दिवसीय यात्रा पर आए महाराज बुधवार को राजधानी गंगटोक के ठाकुरबाड़ी मंदिर में संवाददाताओं से बात कर रहे थे। विश्व प्रसिद्ध तिरुपति मंदिर में भक्तों को मिलावटी प्रसाद वितरण का जिक्र करते हुए महाराज ने कहा, 'धर्मनिरपेक्षता की शपथ लेने वाली सरकारें हमारे मंदिरों में व्यवस्था बनाने की कोशिश कर रही हैं। धर्मनिरपेक्षता की शपथ लेने के बाद धर्म की शपथ पूरी नहीं की जा सकती। ये दो अलग-अलग विषय हैं।' उन्होंने कहा कि तिरुपति में जो हुआ उसके बाद सरकार को मंदिर प्रबंधन में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। सरकार को वहां व्यवस्था करनी है तो यात्रियों के लिए सुविधाएं सुनिश्चित करें। हम इसे स्वीकार करते हैं। देश के हिंदू जो तिरूपति का प्रसाद ग्रहण करते हैं, वे अभक्ष्य भोजन के कारण मन में ग्लानि लेकर बैठे हैं, लेकिन गाय हमें इससे मुक्ति दिला सकती हैं।

## अरविंद केजरीवाल ने मोहन भागवत को लिखी चिट्ठी, पूछे पांच सवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत को बुधवार को पत्र लिखा। पत्र में उन्होंने भाजपा की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए पांच सवाल पूछे। केजरीवाल ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए अपने पहले सवाल में कहा, बीजेपी के नेतृत्व में तरह-तरह के लालच देकर, ईडी और सीबीआई की धमकी देकर, दूसरी पार्टी के नेताओं को तोड़ा जा रहा है, दूसरी पार्टियों की सरकारों को तोड़ा जा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि क्या इस तरह से एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में एक चुनी हुई सरकार को गिराना सही है?

# बदलापुर एनकाउंटर पर बॉम्बे हाई कोर्ट ने उठाए कई सवाल


**एजेंसी। मुंबई**

- हाई कोर्ट ने पुलिस को इस मामले से संबंधित सभी रिपोर्ट तीन अक्टूबर तक पेश करने का आदेश दिया

बदलापुर दुष्कर्म मामले के आरोपित अक्षय शिंदे के एनकाउंटर थ्योरी पर बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को कई सवाल खड़ा किये और कहा कि घटना में गड़बड़ी लग रही है, इसलिए मामले की और निष्पक्ष जांच की जरूरत है। हाई कोर्ट ने पुलिस को इस मामले से संबंधित सभी रिपोर्ट तीन अक्टूबर तक पेश करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई तीन अक्टूबर को होगी। बदलापुर यौन उत्पीड़न के आरोपित अक्षय शिंदे के पिता अन्ना शिंदे ने बॉम्बे हाई कोर्ट में एक याचिका दायर करके मांग की है कि हत्या की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन करके हाई कोर्ट की निगरानी में जांच की जानी चाहिए। बॉम्बे हाई कोर्ट के जस्टिस रेवती मोहिते ढ़ेरे और जस्टिस पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान अधिवक्ता अमित कतरनवारे ने कहा कि अक्षय शिंदे की 'फर्जी मुठभेड़' में हत्या की गई है। इन दलीलों के बाद जस्टिस चव्हाण ने कहा, एक आम आदमी पिस्तौल नहीं चला सकता। एक कमजोर आदमी पिस्तौल लोड नहीं कर सकता। हाई कोर्ट ने कहा कि आरोपित पर गोलीबारी टाली जा सकती थी और पुलिस से पूछा कि उसने पहले उसे काबू करने की कोशिश क्यों नहीं की। बॉम्बे हाई कोर्ट ने सवाल किया, आरोपित को पहले सिर में गोली क्यों मारी गई, पैरों या हाथों में क्यों नहीं? जिस क्षण उसने पहला ट्रिगर दबाया, दूसरे लोग आसानी से उसे काबू कर सकते थे। पुलिस वैन में पांच पुलिस कर्मी थे। वह बहुत बड़ा या मजबूत आदमी नहीं था। इसे स्वीकार करना बहुत मुश्किल है। इसे मुठभेड़ नहीं कहा जा सकता। हाई कोर्ट ने वैन में उपस्थित पांचों पुलिस कर्मियों के मोबाइल की सीडीआर रिपोर्ट भी पेश करने का आदेश दिया है। साथ ही कोर्ट ने पूछा कि आरोपित को घटनास्थल से अस्पताल कितनी देर में पहुंचाया गया।

## मुकेश सहनी ने नीतीश कुमार को कहा बूढ़ा, तो मिला 'करारा जवाब'

**एजेंसी। पटना**



बिहार में साल 2025 में विधानसभा के चुनाव होने हैं और चुनाव से पहले ही सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गए हैं। बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ''वो मुंबई से आए हैं और प्रोफेशनल हैं।'' डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कहा, ''वह खुद को ह्यसन ऑफ मल्लाहह्व कहते हैं। लेकिन, एक भी मल्लाह को टिकट नहीं देते, बल्कि, जो माल देता है, सीट भी उसी को सौंप देते हैं। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सोने की चम्मच लेकर पैदा हुए हैं, वह चार्टर्ड प्लेन पर बर्थडे और पिकनिक मनाते हैं, उनके साथ मुकेश सहनी की दोस्ती है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चार्टर्ड प्लेन पर पिकनिक नहीं मनाते हैं।''मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 'बूढ़ा' कहे जाने वाले बयान पर बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कहा, ''बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज भी अधिक से अधिक जिलों में दौरा करते हैं। साथ ही विभागों की समीक्षा होती है। मुख्यमंत्री पूरी मुस्तैदी के साथ सजग रहते हैं। लेकिन, अपराधी और भ्रष्टाचारियों के संग रहने वाले लोग कभी बिहार के हितैषी नहीं हैं।'' दरभंगा में एक दिन पहले मंगलवार को वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने एक बैठक की थी।

## भारत नवंबर में फ्रेंडली मैच में मलेशिया की मेजबानी करेगा



**नई दिल्ली।** भारत की सीनियर पुरुष टीम फीफा विंडो के दौरान 19 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ एक फ्रेंडली मैच खेलेगी, हालांकि वेन्यू की घोषणा अभी नहीं हुई है। मलेशिया वर्तमान में फीफा रैंकिंग में 132वें स्थान पर है, जबकि भारत 126वें स्थान पर है। पिछली बार दोनों टीमें अक्टूबर 2023 में मर्डेका कप के सेमीफाइनल में भिड़ी थीं, जहां ब्लू टाइगर्स को 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। इस महीने के अपने सबसे हालिया मैच में मनोलो मार्क्वेज की भारतीय टीम को इंटरकॉन्टिनेंटल कप में मॉरीशस के साथ गोल रहित ड्रॉ खेलने के बाद सीरिया के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस मुकाबले के बाद टीम का अगला असाइनमेंट वियतनाम में तीन देशों की प्रतियोगिता है, जो 9 अक्टूबर से शुरू होगी। जहां उनका मुकाबला लेबनान और मेजबान देश से होगा।

## चेन्नईयिन का लक्ष्य मोहम्मडन के खिलाफ जीत हासिल करना



**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी का लक्ष्य इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 सीजन में जीत की लय को जारी रखना होगा। इस टीम का सामना गुरुवार को चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में ताजा प्रमोट किए गए मोहम्मडन एससी से होगा। दो बार के आईएसएल चैंपियन ने कलिंगा स्टेडियम में ओडिशा एफसी पर 3-2 की रोमांचक जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। टीम के हेड कोच ओवेन कॉयल चाहते हैं कि उनकी टीम अपनी लय बरकरार रखे क्योंकि वे 12 दिनों के ब्रेक के बाद सीजन के पहले घरेलू मैच के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कॉयल ने प्री- मैच कॉन्फ्रेंस में कहा, "सबसे पहले, हम यहां (होम ग्राउंड) वापस आकर बहुत खुश हैं।

## ग्लोबल शतरंज लीग प्रशंसकों के लिए शानदार टूर्नामेंट : निहाल

**लंदन।** ग्लोबल शतरंज लीग का दूसरा सीजन जल्द शुरू होने वाला है। इस बीच भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन ने कहा कि खेल प्रशंसकों का ध्यान लीग की ओर खींचने के लिए कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। दूसरा सीजन 3 से 12 अक्टूबर के बीच लंदन में होगा और निहाल, जो इस वर्ष नवोदित खिलाड़ी के रूप में वापसी करेंगे, उनका मानना है कि वह टूर्नामेंट की प्रकृति का लुत्फ उठाते हैं। 20 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, "मैं टूर्नामेंट में वापसी को लेकर काफी उत्साहित हूं, खासकर यह देखते हुए कि पिछले साल सब कुछ कैसा रहा था। इस साल सभी शीर्ष खिलाड़ी भी खेल रहे हैं और इसलिए मैं इसके लिए उत्सुक हूं। अपने पहले सीजन में ग्लोबल शतरंज लीग ने काफी लोकप्रियता हासिल की। पहली फ्रैंचाइज-आधारित शतरंज लीग में कुल छह टीमें शामिल हैं, जिनमें प्रत्येक टीम में छह खिलाड़ी हैं। सभी टीम में एक आइकन खिलाड़ी, दो सुपरस्टार पुरुष खिलाड़ी, दो सुपरस्टार महिला खिलाड़ी और एक नवोदित खिलाड़ी शामिल रहता है। निहाल ने आगामी सीजन के लिए अपनी रणनीति पर कहा, "इस साल मेरा लक्ष्य अपनी टीम की जरूरतों को अपनी क्षमता के अनुसार पूरा करना है।

# ऋषभ पंत टेस्ट रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचे

## गुरबाज वनडे में शीर्ष 10 में




बांग्लादेश पर भारत की जीत की दूसरी पारी में पंत के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचा दिया

एजेंसी

**दुबई।** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने लंबे अंतराल के बाद शीर्ष 10 टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में फिर से प्रवेश किया है, क्योंकि आईसीसी की नवीनतम रैंकिंग में सभी प्रारूपों में बदलाव हुआ है, जिसमें दुनिया के कई शीर्ष खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के रोमांचक सप्ताह के बाद टेस्ट और वनडे प्रारूपों में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। चेन्नई में बांग्लादेश पर भारत की जीत की दूसरी पारी में पंत के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचा दिया, जिससे उन्हें 731 रेटिंग अंक मिले। विकेटकीपर बल्लेबाज के हमवतन यशस्वी जायसवाल ने 751 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर जगह बनाई, जिन्होंने उसी मैच में अपना अर्धशतक बनाया था। इस बीच, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा पांच पायदान नीचे खिसकने के बावजूद शीर्ष 10 में बने हुए हैं, अब वे बांग्लादेश के खिलाफ दोनों पारियों में 10 से कम रन बनाने के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद 716 अंकों के साथ दसवें स्थान पर हैं। गेंदबाजी विभाग में, श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या ने गॉल में शानदार प्रदर्शन से ध्यान आकर्षित किया। जयसूर्या ने न्यूजीलैंड के खिलाफ नौ विकेट लिए, जिससे वे 743 रेटिंग अंकों के साथ टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में पांच पायदान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए। हालांकि, श्रीलंका के ही असिथा फर्नांडो 13वें स्थान पर खिसक गए। बल्लेबाजी के मोर्चे पर, कामिंडू मेंडिस 16वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि धनंजय डी सिल्वा ने ऑलराउंडर रैंकिंग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, वे पांच पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गए। वनडे क्रिकेट में, अफगानिस्तान के उभरते सितारों ने इतिहास रच दिया। युवा सनसनी रहमानुल्लाह गुरबाज 23 साल की उम्र से पहले अपना सातवां शतक जड़कर वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में 10 पायदान की छलांग लगाकर आठवें स्थान पर पहुंच गए। गुरबाज का उदय अफगानिस्तान क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि वह आईसीसी पुरुष वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले देश के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उनके शानदार प्रदर्शन ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड को पीछे छोड़ दिया, जो इंग्लैंड के खिलाफ अपने पहले वनडे में नाबाद 154 रन बनाकर नौवें स्थान पर पहुंच गए। अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान ने भी कमाल दिखाया, दक्षिण अफ्रीका पर अफगानिस्तान की ऐतिहासिक सीरीज जीत में सात विकेट लेने के बाद वे वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में आठ पायदान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गए।

## रियल मैड्रिड के पूर्व डिफेंडर राफेल वराने ने फुटबॉल से संन्यास लिया



एजेंसी

**नई दिल्ली।** राफेल वराने ने 31 साल की उम्र में फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की है। मैनचेस्टर यूनाइटेड, रियल मैड्रिड और फ्रांस के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने अपने फैसले की पुष्टि करने के लिए इंस्टाग्राम का सहारा लिया, जिसमें उन्होंने अपने खेल से संन्यास लेने के पीछे मुख्य कारण शारीरिक चुनौतियों, खासकर घुटने की समस्याओं को बताया। मैनचेस्टर यूनाइटेड छोड़ने के बाद पिछली गर्मियों में फ्री ट्रांसफर पर इतालवी क्लब कोमो में शामिल हुए वराने को घुटने की समस्या के कारण 2024 सीज़न का एक बड़ा हिस्सा मिस करने की उम्मीद थी। वास्तव में, कोमो ने उन्हें अपनी सीरी ए टीम के लिए पंजीकृत भी नहीं किया था, क्योंकि यह स्पष्ट हो गया था कि उन्हें ठीक होने में लंबा समय लगेगा। फिटनेस के लिए संघर्ष जारी रखने के बजाय, वराने ने खेल से दूर रहने का फैसला किया है, उन्होंने अपने समर्थकों को एक भावनात्मक विदाई पत्र लिखा है। वराने ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, "वे कहते हैं कि सभी अच्छी चीजों का अंत होना ही चाहिए।

### सोशल मीडिया ट्रोल्स पर भाकर ने कहा

## यह मेरी खूबसूरत यात्रा को शेयर करने का मेरा तरीका है

एजेंसी



**नई दिल्ली** । सोशल मीडिया का चलन है। हर कोई अपनी खुशी, बड़ी उपलब्धि और यहां तक की गम भी अपने ऑनलाइन फ्रेंड और फैंस के साथ शेयर करता है। लेकिन कुछ लोग इसका गलत फायदा उठाते हैं और दूसरों को ट्रोल करते हैं। ऐसा ही कुछ पेरिस ओलंपिक की दोहरी कांस्य पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर के साथ हुआ है। पेरिस ओलंपिक में देश का गौरव बढ़ाने वाली देश की यह बेटी इन दिनों सोशल मीडिया सेंसेशन बनी हुई है। मनु ने ओलंपिक खेलों में दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इन जीतों के साथ, वह ओलंपिक के एक संस्करण में एक से अधिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बन गईं।

### राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का ओपन ट्रायल शुरू

## सात खेलों के साथ हुई ट्रायल की शुरूआत

- दो अक्टूबर तक चलेगा ओपन ट्रायल

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2024-25 के लिए ट्रायल शुरू हो गया है। बुधवार से रांची के विभिन्न केंद्रों में कुल 21 खेलो के लिए 600 से अधिक प्रतिभागी बच्चे जोर आजमाएंगे। बुधवार को सात खेलो के साथ ओपन ट्रायल की शुरूआत हुई। हुए ट्रायल प्रतियोगिता में बैडमिंटन (यू-14,17,19), टेबल टेनिस (यू-14,17), सेपक टकराव (यू-17,19), टेनिस (यू-17,19), शूटिंग (यू-14,17,19), मलखंब (यू-14,17,19), फेंसिंग (यू-17,19) के लिए बालक बालिका वर्ग के बीच ट्रायल हुआ। ओपन ट्रायल का आयोजन रांची के खेलगांव, बीएसपी उच्च विद्यालय (धुर्वा) और बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी में किया गया। गुरुवार को जिन खेलो के लिए ओपन ट्रायल होना है उनमे हैंडबॉल (यू-14,17,19), वॉलीबॉल (यू-17,19 बालिका वर्ग), जिम्नास्टिक (यू-14,17,19), कराटे (यू-14,17,19), स्विमिंग (यू-14,17,19), बॉक्सिंग (यू-14 बालक, 17,19 बालक/बालिका वर्ग) शामिल है। ओपन ट्रायल में भाग ले रहे बालक बालिकाओं को राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री बैद्यनाथ राम, शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग समेत खेल कोषांग के अन्य पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी है।

### 4 अक्टूबर से होगी राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता

राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2024-25 का आगाज 4 अक्टूबर, 2024 को होगा। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए अभी ओपन ट्रायल शुरू हो गया है। प्रतियोगिता का आयोजन रांची में किया जाएगा। राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 4 अक्टूबर, 2024 से शुरू होकर 5 नवंबर, 2024 तक चलेगी।


---



# शेयर बाजार ऑल-टाइम हाई पर बंद निफ्टी पहली बार 26,000 के पार

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में ऑल-टाइम हाई पर बंद हुआ। दिन के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने क्रमशः 85,247 और 26,032 का नया ऑल-टाइम हाई लगाया। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 255 अंक या 0.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 85,169 और निफ्टी 63 अंक या 0.25 प्रतिशत की तेजी के साथ 26,004 पर बंद हुआ। लार्जकैप के मुकाबले मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में बिकवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 385 अंक या 0.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60,465 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 82 अंक या 0.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,357 पर बंद हुआ। एनएसई के फिन सर्विस, फार्मा, मेटल, रियल्टी, मीडिया, एनर्जी, प्राइवेट बैंक, इन्फ्रा, पीएसई और सर्विसेज इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक और एफएमसीजी लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स पैक में पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, एमएंडएम, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक और एचसीएल टेक टॉप गेनर्स थे। टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक, एसबीआई, जेएसडब्ल्यू स्टील, विप्रो टॉप लूजर्स थे। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक दे का कहना है कि कमजोर शुरुआत के बाद भी निफ्टी नया ऑल-टाइम हाई पर बंद होने में कामयाब रहा। जब तक निफ्टी 25,900 के ऊपर रहेगा, रुझान सकारात्मक रहने की उम्मीद है। ऐसा लगता है कि बाजार कुछ समय के लिए सकारात्मक रुझान के एक रेंज में ट्रेड करेगा। 26,200 और 26,250 एक रुकावट का स्तर है।




लार्जकैप के मुकाबले मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में बिकवाली देखी गई

## कॉल और मैसेज आते ही यूजर्स को मिलेगी स्पैम की जानकारी: एयरटेल सीईओ




एजेंसी

**गुरुग्राम।** एयरटेल की ओर से बुधवार को स्पैम कॉल और मैसेज रोकने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल लॉन्च किया गया है। इस एआई टूल के माध्यम से कॉल और मैसेज के आते ही यूजर्स को स्पैम का पता लग जाएगा। कुछ दिनों पहले टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) की ओर से टेलीकॉम कंपनियों को स्पैम कॉल और मैसेज रोकने का सख्त आदेश दिया गया था। एयरटेल के प्रबंधक निदेशक और सीईओ गोपाल विट्ठल ने आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा, "इस एआई टूल के माध्यम से आसानी से 99.5 स्पैम मैसेज और 97 प्रतिशत स्पैम कॉल को पहचाना जा सकता है। उन्होंने एआई मॉडल के बारे में बताते हुए कहा कि हमारे नेटवर्क में प्रतिदिन 1.5 अरब मैसेज और 2.5 अरब कॉल आते हैं। इस एआई मॉडल के माध्यम से हम 2 मिली सेकंड में हर मैसेज और कॉल को ट्रैक करके 250 पैरामीटर पर परख कर बता सकते हैं कि कॉल और मैसेज स्पैम है या नहीं।

## भारत में डिजिटल लेंडर्स ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में दिए 37,676 करोड़ के लोन

एजेंसी

**मुंबई।** डिजिटल लेंडर्स की ओर से वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 37,676 करोड़ रुपये के 2.64 करोड़ लोन बांटे गए हैं। इसमें सालाना आधार पर वॉल्यूम में 15 प्रतिशत और वैल्यू में 27 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। फिनटेक एसोसिएशन फॉर कंज्यूमर एम्पावरमेंट (एफएसीई) द्वारा जारी किए गए डेटा में मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 की जून तिमाही में लोन का औसत टिकट साइज 12,997 रुपये रहा। वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही के मुकाबले सालाना आधार 16 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली। डेटा दिखाता है कि डिजिटल क्रेडिट की मांग मजबूत बनी हुई है। इसमें बड़ी भूमिका वित्तीय समावेशन की है। एफएसीई के सीईओ सुगंध सक्सेना ने कहा, "सदस्य कंपनियों ने कंज्यूमर गाइडलाइन और विवेकपूर्ण रिस्क मैनेजमेंट के जरिए ग्राहकों की क्रेडिट जरूरतों को पूरा किया है और ग्राहकों एवं सभी पक्षकारों का विश्वास जितने में सफल रही हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि अप्रैल-जून की अवधि में 11 कंपनियों ने 5 लाख से ज्यादा लोन बांटे हैं। कुल वॉल्यूम में इनकी हिस्सेदारी 93 प्रतिशत रही है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सालाना आधार पर करीब 55 प्रतिशत कंपनियों की वॉल्यूम में वृद्धि देखने को मिली है।



## गौतम अदाणी ने बॉम्बार्डियर के सीईओ के साथ एविएशन सेक्टर में साझेदारी पर चर्चा की

एजेंसी

**अहमदाबाद।** अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी की ओर से बॉम्बार्डियर के सीईओ एरिक मार्टेल के साथ एविएशन सेक्टर में परिवर्तनकारी साझेदारियों पर उच्च-स्तरीय बैठक में चर्चा की गई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बुधवार को गौतम अदाणी ने जानकारी दी कि इसका उद्देश्य एक आत्मनिर्भर और मजबूत भारत बनाने के लिए बेहतर तालमेल करना है। अदाणी ग्रुप के चेयरमैन ने कहा, "भारत के एविएशन सेक्टर की ग्रोथ को आगे बढ़ाने के लिए बॉम्बार्डियर के सीईओ एरिक मार्टेल के साथ एयरक्राफ्ट सर्विसेज, एमआरओ और डिफेंस में परिवर्तनकारी साझेदारियों पर चर्चा की गई। आगे कहा, "हम साझेदारी का उपयोग कर भारत को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने में योगदान दे सकते हैं। अदाणी ग्रुप ने अदाणी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) की स्थापना 2019 में की थी और यह अदाणी एंटरप्राइजेज के 100 प्रतिशत स्वामित्व वाली कंपनी है। एएएचएल के पास एविएशन सेक्टर में एक बड़ा पोर्टफोलियो है। मौजूदा समय में कंपनी के पास मुंबई, अहमदाबाद, लखनऊ, मेंगलुरु, जयपुर, गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम जैसे बड़े एयरपोर्ट्स हैं। दिसंबर 2024 से नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनएमआईए) भी एएएचएल के पोर्टफोलियो में जुड़ जाएगा। वर्तमान में एएएचएल देश की सबसे बड़ी एयरपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी है। यह कंपनी देश के कुल पैसेंजर फुटफॉल का 25 प्रतिशत और एयरकार्गो ट्रैफिक का 33 प्रतिशत संभालती है। नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनएमआईए) पर 5 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में एयरफोर्स की ओर से रनवे पर फाइटर जेट की लैंडिंग का ट्रायल किया जाएगा। एनएमआईए पर ऑपरेशन दो चरणों में शुरू होंगे। इस एयरपोर्ट में सालाना 2 करोड़ यात्रियों को संभालने की क्षमता होगी। यह एयरपोर्ट अटल सेतु और मेट्रो रेल से जुड़ा होगा। इसकी लागत करीब 16,700 करोड़ रुपये है।



## एक नजर

### अबुआ आवास को लेकर लाभुक व पंचायत सचिव के बीच नोक-झोंक

**चैनपुर।** प्रखंड क्षेत्र के पथरा गांव निवासी रेयासत अंसारी ने पंचायत सचिव रमेश मेहता के उपर अबुआ आवास योजना में रिश्वत लेने का आरोप लगाया। इस मामले को लेकर लाभुक रियासत अंसारी व पंचायत सचिव रमेश मेहता के बीच में बुधवार को चैनपुर प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में कहा सुनी भी हुई। रेयासात अंसारी ने मौके पर पंचायत सचिव रमेश से कहा कि तिरपाल के नीचे परिवार के साथ घर में रहने पर मजबूर हैं। वह छह माह से प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर भी अवगत कराया है, फिर भी पंचायत सचिव रमेश मेहता रिश्वत के चक्कर में उसका प्रधान मंत्री आवास नहीं किया और अब अबुआ आवास भी नहीं कर रहें हैं।

### बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करें : रविंद्र मेहता

**सगालीम।** नीलंबर पीतांबर प्रखंड के ओरिया पंचायत सचिवालय के प्रांगण में बुधवार को समाजसेवी रविंद्र मेहता के नेतृत्व में पांकी विधानसभा के नेता कुशवाहा बिनोद सिन्हा के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा कर बूथ लीड सुनिश्चित करने की रणनीतियों पर विचार की गई। रविंद्र मेहता ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना आवश्यक है। मौके पर पांकी विधानसभा के नेता बिनोद सिन्हा ने कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए उनकी मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास और जनता के हित के लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करें। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने ओरिया पंचायत के हरेक बूथ को, एकजुट होकर बूथ लीड कराने का संकल्प लिया।

# मंईयां सम्मान यात्रा में देरी, ग्रामीणों की नाराजगी के बीच कार्यक्रम स्थगित

**समय पर नहीं शुरू हुआ कार्यक्रम, इंतजार के बाद ग्रामीण लौटे घर**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में मंइया सम्मान यात्रा का आयोजन मंगलवार को छतरपुर के गुलाब चंद्र अग्रवाल कॉलेज में होना था, लेकिन कार्यक्रम में देरी के चलते इसे स्थगित करना पड़ा। यात्रा का निर्धारित समय दोपहर 3:05 बजे था, लेकिन शाम 7:00 बजे तक भी कार्यक्रम शुरू नहीं हो सका, जिससे नाराज होकर बड़ी संख्या में ग्रामीण वापस लौट गए। मंइया सम्मान यात्रा मंगलवार को पलामू में प्रवेश करने वाली थी और इसके तहत हैदरनगर में दोपहर 1:30 बजे सभा निर्धारित की गई थी, लेकिन शाम 5:00 बजे तक भी सभा शुरू नहीं हो सकी। इसी तरह, हुसैनाबाद में 2:05 बजे और छतरपुर में 3:05 बजे सभा होनी थी, लेकिन चार घंटे से भी अधिक की देरी के कारण सभी कार्यक्रम प्रभावित हुए। कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीणों ने बताया कि इंतजार के बावजूद समय पर कार्यक्रम नहीं होने के कारण उन्हें मायूस होकर घर लौटना पड़ा।




**कार्यक्रम स्थल पर इंतजार करते ग्रामीण और खाली मंच बने रहे चर्चा का विषय :** छतरपुर के गुलाब चंद्र अग्रवाल कॉलेज में ग्रामीणों की भारी भीड़ कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंची थी, लेकिन शाम 6:00 बजे तक भी कोई गतिविधि शुरू नहीं हुई। धीरे-धीरे कुर्सियां खाली होने लगीं और ग्रामीण मायूस होकर अपने घरों को लौटने लगे। स्थिति यह रही कि 7:00 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर कुछ ही लोग बचे थे। इस घटना की पुष्टि झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिन्हा ने की। उन्होंने बताया कि छतरपुर समेत अन्य स्थानों पर ग्रामीणों की उपस्थिति कार्यक्रम की सफलता के लिए महत्वपूर्ण थी, लेकिन समय पर कार्यक्रम शुरू न होने से सभी को निराशा हाथ लगी। मंइया सम्मान यात्रा का शुभारंभ सोमवार को गढ़वा के भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से हुआ था और इसे लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह था। लेकिन छतरपुर के कार्यक्रम की असफलता ने आयोजनकताओं की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भविष्य में ऐसे आयोजनों के समय प्रबंधन पर ध्यान देना जरूरी है, ताकि लोगों की उम्मीदों पर पानी न फिरे।

**बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए अभियंताओं की बैठक आयोजित**

## बिजली समस्या से आम नागरिकों को निजात दिलाना हमारी प्राथमिकता हैः महाप्रबंधक

नवीन मेल संवाददाता

**मेदीनीनगर।** पलामू और गढ़वा जिले के अभियंताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक महाप्रबंधक सुनील कुमार की अध्यक्षता में आज बिजली विभाग के महाप्रबंधक कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा की गई। महाप्रबंधक ने सभी अभियंताओं को निर्देश दिया कि वे आम नागरिकों को बिजली संबंधी समस्याओं से निजात दिलाने के लिए तत्पर रहें। महाप्रबंधक सुनील कुमार ने कहा कि बिजली का बिल सभी घरों से समय पर और सही तरीके से वसूला जाना चाहिए। उन्होंने ऊर्जा मित्रों को हर घर तक पहुंचने और मीटर रीडिंग लेने का कार्य करने का निर्देश दिया, जिससे राजस्व में वृद्धि हो सके। उन्होंने इस कार्य को ठीक से करने पर जोर दिया, क्योंकि इससे राजस्व संग्रहण में मदद मिलेगी। महाप्रबंधक ने कहा कि विभाग की प्राथमिकता है कि आम उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित



समाधान किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि यदि कहीं से भी किसी प्रकार की शिकायत मिलती है, तो उसका सत्यापन अवश्य किया जाए। इस हेतु विशेष सेल का गठन किया गया है, जो सक्रिय रूप से काम करेगा। बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा भी की गई। महाप्रबंधक ने अभियंताओं को कई निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग की प्राथमिकता उपभोक्ताओं को संतुष्ट करना है, और इसके लिए सभी अभियंताओं को सख्ती से कार्य करना होगा। बैठक में, महाप्रबंधक ने सभी अभियंताओं से कहा कि वे अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से लें और जनता के प्रति अपनी सेवा को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि यदि कोई अभियंता अपनी जिम्मेदारी में चूक करता है, इस बैठक का उद्देश्य बिजली व्यवस्था में सुधार लाना और आम नागरिकों को बेहतर सेवा प्रदान करना है, ताकि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। बैठक में बिजली विभाग गढ़वा अंचल के अधीक्षण अभियंता असगर अली, डाल्टनगंज अंचल के अधीक्षण अभियंता संतोष कुमार सिन्हा, कार्यपालक अभियंता संतोष चौधरी, सोहन सिंह, उपभोक्ताओं की संतुष्टि सुनिश्चित करें।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 40 हजार मामलों का निपटारा करने का लक्ष्य

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष नीरज कुमार श्रीवास्तव ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि 28 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लगभग 40 हजार मामलों का निपटारा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह अदालत सुबह 10:30 बजे से न्यायालय कार्य अवधि तक चलेगी। श्रीवास्तव ने बताया कि इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में एम ए सी टी, पारिवारिक विवाद और विद्युत मामलों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 37,178 मामलों का निस्तारण किया गया था। उन्होंने कहा कि इस बार मामलों के निपटारे के लिए विभिन्न पीठों का गठन किया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत में न केवल न्यायालय में लंबित मामले, बल्कि प्रिलिटिगेशन से संबंधित मामलों का भी निपटारा किया जाएगा। इसमें सुलहनीय प्रकृति के फौजदारी मामले, सभी प्रकार के दीवानी मामले, विद्युत अधिनियम से संबंधित मामले, विवाहोत्तर प्रताड़ना के मामले, राजस्व न्यायालय में लंबित मामले, उपभोक्ता संरक्षण फोरम के मामले, बैंक ऋण के मामले, नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी के मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले, मोटर वाहन दुर्घटना मुआवजा के मामले, पारिवारिक विवाद के मामले और अन्य प्रिलिटिगेशन मामले शामिल हैं। श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत एक सशक्त माध्यम है, जो सुलभ, सरल और त्वरित न्याय प्रदान करता है। इसमें मामलों के निपटारे से पक्षकारों के बीच का मन-मुटाव समाप्त होता है। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आनंद सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी प्रगेश निगम, और निबंधक कमल प्रकाश भी उपस्थित थे। आवश्यकता के अनुसार, अधिक से अधिक पक्षकारों को उपस्थित रहकर अपने मामलों का निपटारा कराने के लिए प्रेरित किया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### अनुपम को शतरंज में मिला प्रथम स्थान




**मोहम्मदगंज।** खेलो झारखंड की अंडर-14 शतरंज प्रतियोगिता में स्थानीय अपग्रेडेड प्लस टू हाई स्कूल के छात्र अनुपम कुमार प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह जानकारी प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर छात्र अनुपम ने खुद का और स्कूल का मान बढाया है। इससे विद्यालय परिवार गौरवांवित हुआ है। अनुपम की यह उपलब्धि औरों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय छात्र अनुपम के लगन के साथ ही शारिरिक शिक्षक प्रियहित कुमार सोनी के बेहतर मार्गदर्शन को दिया है। जो इस प्रतियोगिता के दौरान अनुपम के साथ मौजूद थे।

### कल्पना सोरेन का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**नावाबाजार।** मंईयां सम्मान यात्रा के तहत गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री दीपिका सिंह पांडेय,मंत्री मिथलेश ठाकुर, बेबी देवी, पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, नावाबाजार पहुंचे। श्री संकट मोचन सिद्धि धाम महावीर मंदिर के पास पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र सोनी सहित जेएमएम व कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सभी नेताओं का जोरदार स्वागत किया। मौके पर कल्पना सोरेन ने भाजपा पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा हेमंत सरकार की योजनाओं को रोक सकती है तो रोककर दिखाए। राज्य की हेमंत सरकार पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ कार्य कर रही है। मंईयां समान योजना, बिजली बिल माफी, पूर्व में पचास हजार केसीसी ऋण की माफी, एक बार फिर से दो लाख रुपए केसीसी ऋण माफी सहित कई योजनाएं चलाई गई। भाजपा को यह पसंद नहीं आ रहा। एक षड्यंत्र के तहत हेमंत सोरेन को जेल में डाला गया। मौके पर बीडीओ विजय प्रकाश मरांडी, नावाबाजार सीओ शैलेश कुमार, पंड़वा बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, प्रभु कुमार, कनीय अभियंता शैलेश कुमार, ज्योति कुमारी, सुनैना कुमारी, शीला पंडित, जेएमएम के संजय सिंह, सत्येन्द्र यादव आदि मौजूद थे।



### झामुमो का विधानसभा स्तरीय कार्यालय खुला

**हुसैनाबाद।** जपला-छतरपुर मुख्य पथ के दिनेश चौक के समीप झामुमो का हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा स्तरीय कार्यालय का उद्घाटन जेएमएम नेत्री सह विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री बेबी देवी, मिथलेश ठाकुर, दीपिका पांडेय सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह आदी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि हुसैनाबाद क्षेत्र में पार्टी कार्यालय खुलने से कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूती के लिए कार्य करने में काफी सुविधा होगी। उन्होंने समर्पित पार्टी कार्यकर्ताओं को आह्वान किया कि आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी व संगठन का विस्तार करते हुए पूरी मुस्तैदी के साथ जुट जाये। उन्होंने कहा कि पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ता ही पार्टी की संपत्ति हैं। गुरु जी ने जो सपना देखा था, उसे आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन साकार कर रहें हैं। इस मौके पर जेएमएम के वरीय नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, डॉ. एजाज आलम, राज अली, बरुन सिंह, राहुल रमन, संजय पाठक, धर्मेंद्र सिंह समेत काफी संख्या में जेएमएम कार्यकर्ता मौजूद थे।

### रान मेल में छपी खबर को समाजसेवी ने किया सीएम को किया ट्वीट

**मोहम्मदगंज।** युवा एक्टिविस्ट अंकू सिंह राणा ने रानमे में बुधवार को उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय के अस्तित्व पर मंडराया संकट, एक शिक्षक के सेवानिवृत्ति के बाद बंद होने का खतरा... शीर्षक से छपी खबर को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम को ट्वीट करते इस विद्यालय को अधिग्रहित करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि खबर को मंत्री बेबी देवी, जेएमएम, डीसी पलामू और आइपीआरडी झारखंड को भी इससे टैग किया है। उन्होंने कहा कि मैट्रिक परीक्षा परिणाम के मद्देनजर इस विद्यालय के गरिमामय अतीत और वर्तमान को देखते हुए इसका जलसंसाधन से शिक्षा विभाग में अधिग्रहित करते हुए इसके भविष्य को संवारने की जरूरत है।

## विधानसभा में सड़क का जाल बिछाया गया : चंद्रवंशी

नवीन मेल संवाददाता

**उंटारी रोड।** प्रखंड में राज्य संपोषित योजना से एक सड़क का निर्माण व दो सड़कों का सुदृढ़ीकरण की आधारशीला बुधवार को पूर्व मंत्री सह वर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने रखी। इसके तहतह जोगा पंचायत के जोगा रेलवे फाटक से लेकर कल्याणपुर गांव तक सड़क का निमार्ण, कुल्ही कनवाह मोड़ पहाड़ से लेकर करकट्टा बाजार तक सड़क की सुदृढ़ीकरण व कल्टू मोड़ से लेकर मुरमा कलां गांव तक सड़क का सुदृढ़ीकरण शामिल है। कल्याणपुर में सड़क की आधारशिला रखने के उपरांत विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने स्थानीय ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कोई भी सड़क, पुल पुलिया का निमार्ण बाकी नही है। पूरे विधानसभा में सड़क का जाल बिछाया गया। वहीं केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया। साथ ही अपने पूर्व व वर्तमान के कार्यकाल में किए गए कार्यों का बखान किया। मुखिया कमला देवी ने बसडिया मोड़ से लेकर जोगा ग्राम होते हुए करकट्टा बाजार तक सड़क



निर्माण कराने की मांग विधायक से किया। उन्होनें कहा कि सड़क की स्थिति काफी जर्जर है। बरसात के दिनों में राहगीरों को चलना काफी मुश्किल हो जाता है। उन्होंने सड़क की निर्माण कराने को लेकर विधायक का ध्यानाकृष्ट कराया । कुल्ही ग्राम में बन रहे शंकर भगवान की मंदिर व दरुआ ग्राम में बन रहे राधा कृष्णा मंदिर निर्माण हेतु विधायक ने दोनों जगहों पर 50-50 हजार रुपए का सहयोग प्रदान किया। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि मनोज सिंह, मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, मुखिया कमला देवी, पूर्व मुखिया नंदू चौधरी, मानदेव साह, वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र नाथ शर्मा, महेंद्र शर्मा, उपप्रमुख खोखन राम, राजाराम मेहता, संजय चौधरी, नंदा पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

**हेमंत सरकार की 'मंईयां सम्मान योजना' से बढ़ा महिलाओं का सम्मान**

# झारखंड में बेटियों के जन्म को लक्ष्मी के रूप में देखा जाएगा: कल्पना सोरेन

**मंईयां शब्द मां, बेटी और बहन का प्रतीक**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के कस्तूरबा गांधी स्कूल में मंईयां सम्मान यात्रा के दौरान संध्या चौपाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की विधायक कल्पना सोरेन ने छात्राओं को मंईयां योजना के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अब झारखंड में बेटियों के जन्म को लक्ष्मी के रूप में देखा जाएगा और उन्हें समाज में विशेष सम्मान मिलेगा। कल्पना सोरेन ने मंईयां का अर्थ समझाते हुए कहा कि यह शब्द मां, बेटी और बहन का प्रतीक है। झारखंड सरकार की इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये दिए जा रहे हैं, जो उनके आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण का प्रतीक है। मंईयां सम्मान यात्रा के दौरान मंत्री मिथिलेश ठाकुर और दीपिका पांडेय सिंह ने भी छात्राओं को संबोधित किया। साथ ही झारखंड सरकार द्वारा महिलाओं के मान-सम्मान को बढ़ाने के लिए की जा रही पहलों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए हैं। कार्यक्रम के दौरान, कल्पना सोरेन और अन्य अतिथि छात्राओं के साथ जमकर झूमे, जिससे आयोजन और भी यादगार बन गया।




### कस्तूरबा की छात्राओं का बढ़ाया उत्साह

कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल, राजवाडीह में आयोजित मंईयां सम्मान यात्रा के दौरान विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और बेबी देवी ने छात्राओं के साथ आत्मीय संवाद किया। कल्पना सोरेन ने मंईयां शब्द के महत्व को बताते हुए कहा कि यह शब्द झारखंड की मातृशक्ति का प्रतीक है। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि झारखंड में बेटियों का जन्म अब सौभाग्य माना जाएगा और उन्हें लक्ष्मी का स्वरूप माना जाएगा।

**महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है : मंत्री**

कार्यक्रम में मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने मंईयां योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस योजना ने झारखंड की महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है।

**सरकार बेटियों को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैः दीपिका पांडेय सिंह**

मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने भी सरकार की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि झारखंड सरकार बेटियों को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के बाद छात्राओं ने गाने पर नृत्य किया और अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

## संतान की लंबी उम्र के लिए माताओं ने किया निर्जला उपवास, मनाया जितिया पर्व

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** हिंदू धर्म में मान्यता के अनुसार, बुधवार को माताओं ने अपने संतान की दीघार्यु और सुख-समृद्धि के लिए आस्था और निर्जला उपवास के साथ जितिया व्रत का पालन किया। इस व्रत पर महिलाएं भगवान जीमूतवाहन की पूजा कर अपने बच्चों के कष्ट और रोग दूर करने की प्रार्थना करती हैं।

आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाए जाने वाले जितिया पर्व पर माताओं ने विधिवत पूजा और कथा श्रवण किया। पंडित सत्येंद्र दूबे, महेंद्र दूबे और अरुण कुमार दूबे ने महिलाओं को व्रत की कथा सुनाई, जिसमें अनिता कुमारी, शशिकला कुमारी, कविता देवी, सरस्वती देवी और शांति कुमारी सहित कई श्रद्धालु महिलाएं शामिल थीं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण ने



महाभारत के युद्ध के बाद द्रौपदी को जितिया व्रत के महत्व के बारे में बताया था, जब उन्होंने अश्वत्थामा द्वारा मारे गए उत्तरा के गर्भस्थ पुत्र को पुनः जीवन दिया था। इस व्रत का उद्देश्य संतान की दीघार्यु और कल्याण की कामना करना है।

## पेज एक का शेष

### निशिकांत दुबे ने...

एवं तालिबान सहित अन्य कट्टरपंथी संगठनों एवं व्यक्तियों की भूमिका के साथ-साथ पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और चीन की एजेंसी की मंशा पर सवाल उठाते हुए पत्र में यह भी कहा कि इनकी भागीदारी गंभीर चिंता का विषय है। ये संस्थाएं और देश लंबे समय से भारत को अस्थिर करने और हमारे लोकतंत्र को कमजोर करने के षड्यंत्र रचते रहे हैं। इतने बड़े पैमाने पर आए सुझाव और उसके कंटेंट को देखते हुए यह लग रहा है कि विदेशी शक्तियां देश के बाहर से भारत के विधायी कार्य को प्रभावित करने का प्रयास कर रही हैं। यदि विदेशी खुफिया एजेंसियां इस अभियान के पीछे हैं तो यह भारतीय संप्रभुता और संसद की स्वतंत्रता पर एक अभूतपूर्व हमला है। भाजपा सांसद ने जेपीसी चेयरमैन जगदंबिका पाल से इस साजिश की गृह मंत्रालय से जांच करवाने का अनुरोध करते हुए पत्र में आगे लिखा है कि इन सभी आशंकाओं को देखते हुए वह चेयरमैन से यह अनुरोध करते हैं कि जेपीसी को मिले सुझावों के स्रोत की गहन जांच करने की अनुमति गृह मंत्रालय को दें। इस जांच में कट्टरपंथी संगठनों, जाकिर नाइक जैसे व्यक्तियों और आईएसआई एवं चीन जैसी विदेशी शक्तियों के साथ-साथ उनसे अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े लोगों की संभावित भूमिका को भी शामिल किया जाना चाहिए।

### सुप्रीम कोर्ट का...

इस फैसले में कहा गया है कि राज्यों को खनिजों पर बकाया रॉयल्टी भी वसूलने का अधिकार है। इस फैसले में कहा गया है कि खान और खनन से जुड़े 1957 के कानून में संसद की तरफ से खनिजों पर कर लगाने के लिए कोई सीमा नहीं लगाई गई थी। इस फैसले के मुताबिक, राज्यों को टैक्स का भुगतान अगले 12 सालों में 2005 से करना होगा। बकाया राशि पर कोई ब्याज नहीं लगेगा। यह निर्णय 1 अप्रैल, 2005 से पूर्वव्यापी रूप से लागू होगा। राज्य इससे पहले हुए किसी भी लेन-देन के लिए कर की मांग नहीं कर सकते।

### केंद्र सरकार का...

खदान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम राज्यों को खनिजों पर टैक्स लगाने से रोकती है। मिनरल्स पर रॉयल्टी तय करने का अधिकार केवल केंद्र सरकार के पास है। खनन मंत्रालय ने भी कहा था कि बिजली, स्टील, सीमेंट, एल्यूमीनियम आदि के लिए कच्चा माल खनिजों से मिलता है। इसलिए अगर राज्यों ने रॉयल्टी से अलग टैक्स लगाया तो पूरे देश में महंगाई बढ़ेगी।

### कदाचार मुक्त हुई...

परीक्षा केंद्रों में 9217 जैमर और 15236 सीसीटीवी लगाए गए थे। कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में कुल 6,39,100 वैध आवेदन प्राप्त हुए थे। वैध आवेदनों पर प्रवेश पत्र जारी किये गये। 21 एवं 22 सितंबर को तीन पालियों में परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कुल उपस्थित उम्मीदवारों की संख्या 3,04,769 रही। उन्होंने कहा कि परीक्षा के आयोजन के लिए राज्य के सभी 24 जिलों में कुल 823 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय-महाविद्यालय के प्रधान केन्द्राधीक्षक नियुक्त किये गये। कुमार ने बताया कि कुल 823 केन्द्रों पर परीक्षा कक्ष की कुल संख्या 10,917 थी, जिसमें कुल 26,671 वीक्षक नियुक्त किये गये थे। परीक्षा में आयोग के एसओपी के अनुसार जिला प्रश्नासन के जरिये कुल 824 स्टैटिक दण्डाधिकारी, 857 परीक्षा ऑबजर्वर एवं कुल 415 गश्ती दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी। सभी 24 जिला में एक-एक नोडल पदाधिकारी एवं एक-एक बजगृह प्रभारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी। उन्होंने बताया कि सभी वज्रगृह में गोपनीय सामग्रियों की निगरानी एवं अनुश्रवण के लिए लाईव सीसीटीवी लगे थे। साथ ही सभी 823 परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राधीक्षक कक्ष/कन्ट्रोल रूम में भी लाईव सीसीटीवी लगे थे। कुमार ने बताया कि परीक्षा संबंधी गोपनीय सामग्रियों को परीक्षा के दिन वज्रगृह से परीक्षा केन्द्र तक सील बन्द मेटल ट्रंक में सुरक्षा घेरे में पहुंचाया गया। मेटल ट्रंक की चाबी विशेष रूप से एक टेम्पर इविडेंट पैकेट में सील किया गया था। साथ ही सभी चाभियों को एक पासवर्ड प्रोटेक्टेड विशेष ट्रंक में सील किया गया था। प्रश्न पत्र को टेम्पर इविडेंट पैकेट में सील किया गया था, जिसका सील परीक्षा कक्ष में पांच उम्मीदवारों के समक्ष खोला गया। इस प्रकार प्रश्न पत्र के पैकेट को लगभग 1,00,000 उम्मीदवारों के समक्ष खोला गया था। सभी परीक्षा केन्द्रो पर परीक्षा निष्पक्ष, कदाचार रहित एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## इजरायल ने लेबनान पर किए हवाई हमले, 25 लोगों की मौत, 6 घायल



**बेरूत।** इजरायल ने लेबनान पर हवाई हमला किया है, जिसमें 25 लोगों की मौत हो गई और 6 घायल हो गए। लेबनान के सैन्य और चिकित्सा सूत्रों के अनुसार, इजरायली ने दक्षिणी लेबनान में घरों को निशाना बनाया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, हवाई हमले में मरने वालों में 15 लेबनानी नागरिक थे, जबकि अन्य 10 सीरियाई थे। सैन्य सूत्रों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि सुबह के समय नमैरियेह गांव के मध्य में स्थित कई घरों पर इजरायल ने चार मिसाइलें दागीं हैं। हवाई हमले के बाद, लेबनान रेड क्रॉस और नागरिक सुरक्षा टीमों ने घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया है।सूत्रों ने बताया है कि घटना स्थल से बुलडोजरों और क्रेनों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया। जिन का अधिकांश समय ध्वस्त मकानों का मलबा हटाने में लगा। इस दौरान मलबों से शवों को निकाला गया। जिनमें से अधिकांश क्षत-विक्षत अवस्था में थे।

## अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने ट्रंप को दी हत्या की चेतावनी, ईरान से खतरा



**नई दिल्ली।** अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान से उनकी जान को होने वाले 'वास्तविक और विशिष्ट' खतरे के बारे में सूचित किया है, जिसका उद्देश्य देश में अराजकता फैलाना है। ट्रंप की चुनावी अभियान के संचार निदेशक स्टीवन च्यांग ने मंगलवार रात कहा था कि आज सुबह राष्ट्रपति ट्रंप को राष्ट्रीय खुफिया निदेशालय की ओर से ईरान से उन्हें हत्या के प्रयासों के बारे में जानकारी दी गई। खुफिया अधिकारियों ने इन लगातार और समन्वित हमलों की पहचान की है, जो पिछले कुछ महीनों में बढ़े हैं। सभी कानून प्रवर्तन एजेंसियां डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा सुनिश्चित करने और नवंबर के चुनावों में किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप से बचने के लिए काम कर रही हैं। ट्रंप पर पहला असफल हत्या का प्रयास 13 जुलाई को पेंसिल्वेनिया में एक रैली के दौरान हुआ था, जब एक गोली उनके कान के पास से गुजरी थी।

## पाकिस्तानी भिखारियों की वजह से बढ़ रही है सऊदी अरब की टेंशन



**सऊदी अरब ।** पाकिस्तान के भिखारियों से परेशान है। सऊदी अरब ने उमराह की आड़ में पाकिस्तान से आने वाले भिखारियों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई है। सऊदी सरकार ने सख्त रुख दिखाते हुए पाकिस्तान से कहा है कि ऐसे लोगों (भिखारियों) को यहां आने से पहले रोका जाए और उन पर कार्रवाई की जाए। पाकिस्तानी अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने पाकिस्तान के धार्मिक मामलों के मंत्रालय के सूत्रों का हवाला देते हुए अपनी खबर में बताया है कि सऊदी अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तान भिखारियों को नहीं रोक पाया तो इसका असर पाकिस्तानी उमरा और हज यात्रियों पर पड़ सकता है।वहीं, सऊदी हज मंत्रालय ने पाकिस्तान के धार्मिक मामलों के मंत्रालय को चेतावनी जारी की है, जिसमें उमराह वीजा के तहत पाकिस्तानी भिखारियों को खाड़ी देश में प्रवेश करने से रोकने के लिए कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है।

### मेक इन इंडिया के 10 वर्ष पूरे

# हम सब मिलकर विकसित भारत बनाएंगे : पीएम मोदी

▸ मेक इन इंडिया हमारे देश को विनिर्माण और नवाचार का केंद्र बनाने के लिए **140 करोड़ भारतीयों** के सामूहिक संकल्प को दशार्ता है।

एजेंसी

**नई दिल्ली।** 'मेक इन इंडिया' के 10 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन पिछले एक दशक से उन सभी लोगों के लगातार प्रयासों का परिणाम है, जो इसे सफल बनाने के लिए काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज हम मेक इन इंडिया के 10 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। मैं उन सभी लोगों को बधाई देता हूं जो पिछले एक दशक से इस अभियान को सफल बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं।

मेक इन इंडिया हमारे देश को विनिर्माण और नवाचार का केंद्र बनाने के लिए 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक संकल्प को दशार्ता है। सुधारों में भारत की प्रगति भी जारी रहेगी। हम सब मिलकर एक आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण करेंगे! वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने विनिर्माण में भारत की जबरदस्त क्षमता को उजागर किया है। आत्मनिर्भर भारत के मंत्र के साथ, हमारा देश विनिर्माण में अग्रणी और निवेश के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभरा है, जिससे हमारे युवाओं के लिए अवसरों की दुनिया बन गई है। बता दें कि 'मेक इन इंडिया' अभियान का उद्देश्य भारत को विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना है।



### कांग्रेस के डीएनए में है आरक्षण का विरोध

**सोनीपत/नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को सोनीपत के गोहाना में आयोजित चुनावी रैली में आरक्षण और भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आरक्षण का विरोध और इससे नफरत कांग्रेस के डीएनए में है, हरियाणा की जनता को कांग्रेस की आरक्षण विरोधी रणनीति से सावधान रहना होगा। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस राजघराने से आने वाले हर प्रधानमंत्री ने आरक्षण का लगातार विरोध किया है। उन्होंने लोगों को आगाह किया कि कांग्रेस राजघराने की चौथी पीढ़ी भी अब आरक्षण खत्म करने की वकालत कर रही है। उन्होंने नागरिकों से कांग्रेस की आरक्षण विरोधी चालों से सतर्क रहने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ही एससी, एसटी और ओबीसी को भागीदारी से वंचित रखा है।



## कृषि कानूनों पर मेरे विचार व्यक्तिगत हैं : कंगना रनौत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने निरस्त किए गए तीन कृषि कानूनों को फिर से लागू करने को लेकर टिप्पणी की थी। इस वजह से उन्हें अपनी पार्टी से भी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच, कंगना रनौत ने बुधवार को स्पष्ट किया कि उनके विचार निजी थे और वह पार्टी के रुख का प्रतिनिधित्व नहीं करतीं। कंगना रनौत ने बुधवार को भाजपा नेता गौरव भाटिया के उस सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि कंगना की ओर से कृषि कानूनों पर दिया गया बयान उनका व्यक्तिगत विचार है। वह भाजपा की ओर से ऐसा बयान देने के लिए अधिकृत नहीं हैं। गौरव भाटिया के एक्स पोस्ट को कोट करते हुए कंगना रनौत ने लिखा, बिल्कुल, कृषि कानूनों पर मेरे विचार व्यक्तिगत हैं। वह उन बिलों पर पार्टी के रुख का प्रतिनिधित्व नहीं करती हैं। धन्यवाद। दरअसल, गौरव भाटिया ने एक्स पर पोस्ट में कहा था कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे कृषि बिलों पर कंगना रनौत के बयान को भाजपा का समर्थन नहीं है। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह बयान उनका निजी बयान है। कंगना रनौत भाजपा की ओर से ऐसा बयान देने के लिए अधिकृत नहीं हैं और यह कृषि बिलों पर भाजपा के दृष्टिकोण को नहीं दशार्ता है। कंगना ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा था, मुझे पता है कि यह बयान विवादास्पद हो सकता है, लेकिन तीनों कृषि कानूनों को वापस लाया जाना चाहिए।



## बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर जब्त किए विदेशी गोल्डन तीतर



एजेंसी

**कोलकाता ।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव तस्करी के प्रयास को विफल करते हुए पश्चिम बंगाल के उत्तर 24-परगना जिले में चार विदेशी गोल्डन तीतर जब्त किया। बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, सीमा पार से पक्षियों की तस्करी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर अमुदिया सीमा चौकी के जवान सतर्क थे। उन्होंने बताया कि जवानों ने बांग्लादेश की ओर से दो व्यक्तियों को संदिग्ध तरीके से सीमा बाड़ की ओर आते देखा, तो उन्हें रुकने का इशारा किया। लेकिन दोनों तस्कर अपने साथ लाए प्लास्टिक के बैग छोड़कर भाग गए। जब बैग की तलाशी ली गई तो उसमें पक्षियों को पाया गया। पक्षियों को अमुदिया सीमा चौकी ले जाया गया। उसके बाद उन्हें बशीरहाट स्थित वन विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया गया।


## एम्स का लगातार 7वें वर्ष शीर्ष स्थान पर रहना खास उपलब्धि

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने एम्स नई दिल्ली के 69वें स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता की। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि एम्स नई दिल्ली ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं और दुनिया में शीर्ष क्रम के चिकित्सा संस्थानों में से एक बनने के अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) के बाद से लगातार सातवें वर्ष, एम्स नई दिल्ली को देश के चिकित्सा संस्थानों में नंबर एक स्थान दिया गया है, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि एम्स नई दिल्ली अब स्वास्थ्य मंत्रालय के नेशनल मेडिकल कॉलेज नेटवर्क के राष्ट्रीय संसाधन केंद्र के रूप में कार्य करता है।

## यूएन में बाइडन ने दुनिया में फैले तनाव और भारत में हुए चुनावों का जिक्र किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने आज संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतिम भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने दुनिया के कई देशों में जारी तनाव को लेकर अपने विचार रखे। इसदौरानउन्होंने भारत समेत कई देशों में हुए चुनावों का भी जिक्र किया और तारीफ की। इजराइल और हिज्बुल्लाह के बीच जारी हमलों को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि दुनिया को 07 अक्टूबर की भयावहता को भूलना नहीं चाहिए, इसे जिस देश ने भी अंजाम दिया हो, उसे अब सुनिश्चित करना होगा कि ऐसा दोबारा न हो। हिज्बुल्लाह बिना किसी उकसावे के इसमें शामिल होकर एक साल से इजराइल पर रॉकेट और मिसाइल दाग रहा है। इजराइल-लेबनान सीमा के दोनों तरफ बहुत से लोग विस्थापित हुए हैं। ये जंग किसी के हित में नहीं है। स्थिति और भी खराब हो गई है। कूटनीतिक समाधान ही एक एकमात्र विकल्प है। बाइडन ने यह भी कहा कि हम आक्रामकता के खिलाफ मजबूती से खड़े हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि जब दुनिया साथ मिलकर काम करती है तो हम कहीं अधिक मजबूत स्थिति में होते हैं। रूस-यूक्रेन के हमलों को लेकर उन्होंने कहा कि जब रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण किया, तो हम केवल विरोध करके खड़े हो सकते थे। और अमेरिका और नाटो देश, 50 से ज्यादा देश, यूक्रेन के साथ खड़े हुए। उन्होंने कहाकि सबसे जरूरी बात ये थी कि यूक्रेनी लोग भी रूस के खिलाफ खड़े रहें। ये अच्छी खबर है कि पुतिन का युद्ध फेल हो गया। वहीं अपने भाषण के दौरान बाइडन ने चीन को कड़ा संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि वाशिंगटन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने गठबंधनों और साझेदारियों के नेटवर्क को मजबूत करना जारी रखेगा। बाइडन ने स्पष्ट किया कि ये गठबंधन और साझेदारियां किसी देश के खिलाफ नहीं हैं, क्योंकि अमेरिका चीन के साथ प्रतिस्पर्धा का जिम्मेदारी से प्रबंधन करना चाहता है।



### एजुकेशन/करियर

बीए एंथ्रोपोलॉजी को बीए एंथ्रोपोलॉजी या बैचलर ऑफ आर्ट्स इन एंथ्रोपोलॉजी भी कहा जाता है। यह तीन साल का अंडरग्रेजुएट कोर्स है जिसमें मनुष्य के विकास और मनुष्यों के सामाजिक-सांस्कृतिक विकास का अध्ययन किया जाता है। इस कोर्स में सामाजिक-सांस्कृतिक, जैविक-भौतिक तथा पुरातत्व का अध्ययन भी शामिल है। इस कोर्स में करियर के कई विकल्प हैं।

# एंथ्रोपोलॉजी की पढ़ाई कर बना सकते हैं करियर



### बीए एंथ्रोपोलॉजी

- समाज के विकास, व्यवहार और संरचनाओं में रुचि रखने वाले छात्रों के लिए यह एक अच्छा कोर्स है।
- इस कोर्स में आप मानव जाति के बारे में सीख और रिसर्च कर सकते हैं।
- बीए नृविज्ञान कोर्स के बाद कई करियर विकल्प मिलते हैं।
- इस कोर्स के जरिए मानव विकास और व्यवहार के जैविक और सांस्कृतिक पहलुओं काअध्यन करने को मिलता है। साथ ही आपको जगह जगह घूमने का अवसर भी मिलता है।

### भारत में टॉप कॉलेज

- सेंट जेवियर्स कॉलेज
- नेशनल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज
- बीएमएल मुंजाल विश्वविद्यालय
- आर्य विद्यापीठ कॉलेज
- मोदी विश्वविद्यालय
- अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज
- शिया पीजी कॉलेज
- एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज
- निम्स विश्वविद्यालय
- करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय

### विदेश की टॉप यूनिवर्सिटीज

- ट्रेंट यूनिवर्सिटी
- सिराकस यूनिवर्सिटी
- टेनेसी यूनिवर्सिटी
- लिमरिक यूनिवर्सिटी
- कैंटरबरी यूनिवर्सिटी
- दक्षिणी इलिनोइस यूनिवर्सिटी एडवर्ड्सविले
- ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रीय यूनिवर्सिटी
- टेंपल यूनिवर्सिटी
- ओटागो यूनिवर्सिटी
- शोरलाइन कम्युनिटी कॉलेज

### बीए एंथ्रोपोलॉजी करने के बाद करियर स्कोप

बीए नृविज्ञान ग्रेजुएट निजी व्यवसायों, सामुदायिक संगठनों, संग्रहालयों, स्वतंत्र अनुसंधान संस्थानों, सेवा संगठनों, मीडिया में भी नौकरी पा सकते हैं। एंथ्रोपोलॉजिस्ट विभिन्न क्षेत्रों में अपना करियर शुरू कर सकते हैं

- स्कूल
- यूनिवर्सिटी
- सरकारी एजेंसियां
- गैर सरकारी संगठन
- व्यवसाय
- स्वास्थ्य और मानव सेवाएं
- रोग नियंत्रण केंद्र
- विश्व स्वास्थ्य संगठन
- विश्व बैंक

### जॉब प्रोफाइल्स

- एंथ्रोपोलॉजिस्ट
- आर्कियोलॉजिस्ट
- ह्यूमन रिसोर्स
- डेटा साइंटिस्ट
- प्रोफ़ेसर
- रिसर्चर
- लेक्चरर
- इकोनॉमिस्ट

